खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :32°C
न्यूनतम: 23°C

नई दिल्ली, शुक्रवार 27 जून 2025 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 23 अंक 85 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | आषाढ़ शुक्ल पक्ष 1 विक्रमी सम्वत् 2082 | 1 मुहर्रम 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित




शहरों में घर खरीदना गरीबों के बजट से कोसो दूर: राहुल गांधी पेज 2



कार्लसन के साथ नौ साल के आरित ने खेला ड्रॉ खेल टाइम्स



इस्लामी हिज़्री के पहले महीने मुहर्रम की अज़ीम है फज़ीलत संपादकीय



डोनाल्ड ट्रम्प की टेंशन बढ़ा रही खुफिया रिपोर्ट पेज 12

# एक्सिओम-4 मिशन अंतर्राष्ट्रीय स्पेस स्टेशन से सफलतापूर्वक जुड़ा, रचा इतिहास

## शुभांशु 28 घंटे सफर करके इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन पहुंचे



फ्लोरिडा, वार्ता

**एक्सिओम-4** मिशन का स्पेसएक्स ड्रैगन कैप्सूल गुरुवार को अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) से जुड़ गया और इसके साथ ही,भारतीय वायुसेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने इतिहास रच दिया। वह आईएसएस में पहुंचने वाले पहले भारतीय बन गए।

भारतीय अंतरिक्ष आकांक्षाओं के लिए एक बड़ी छलांग लगाते हुए भारतीय वायु सेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला गुरुवारको इतिहास में तब दर्ज हो गए जब ड्रैगन कैप्सूल आईएसएस पर हार्मनी मॉड्यूल से भारतीय समयानुसार शाम साढ़े चार बजे धीरे-धीरे जुड़ गया। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने इसकी पुष्टि की है। ग्रुप कैप्टन शुक्ला इस मिशन के पायलट हैं। इस मिशन ने बुधवार को फ्लोरिडा में नासा के कैनेडी स्पेस सेंटर से उड़ान भरी थी। मिशन में ग्रुप कैप्टन शुक्ला के साथ पूर्व नासा अंतरिक्ष यात्री पैगी व्हिटसन,पोलैंड के स्लावोज़ उज्नान्स्की- विस्निएव्स्की और हंगरी के टिबोर कपू गए हैं। इस बीच शुक्ला ने अंतरिक्ष से दिल को छू लेने वाला संदेश भेजा, जिसने लाखों लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। अपने संदेश में उन्होंने कहा कि अंतरिक्ष से नमस्कार! जब मैं कैप्सूल में बैठा था, तो मेरे दिमाग में बस यही विचार था कि 'चलो बस चलते हैं' और फिर अचानक, कुछ नहीं-आप तैर रहे थे। पृथ्वी के ऊपर तैरते हुए मैं दृश्यों का आनंद ले रहा था, एक बच्चे की तरह सीख रहा था। भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम पर बारीकी से नजर रखने वाले वैज्ञानिक डा. आरसी कपूर ने कहा कि डॉकिंग एक नाजुक ऑपरेशन है, जिसके लिए अत्यधिक सटीकता की आवश्यकता होती है।

**भारतीय अंतरिक्ष आकांक्षाओं के लिए एक बड़ी छलांग, ISS में पहुंचने वाले पहले भारतीय बने शुभांशु शुक्ला**

## चुनाव आयोग ने 345 पंजीकृत गैर-मान्यता प्राप्त दलों को सूची से हटाया

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने ऐसे 345 पंजीकृत गैर- मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों की पहचान कर उनको सूची से हटाने का काम शुरू कर दिया है, जो पिछले छह वर्षों में एक भी चुनाव लड़ने की आवश्यक शर्त को पूरा करने में विफल रहे हैं। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार की अध्यक्षता में चुनाव आयुक्त डा. सुखबीर सिंह संधू और डा. विवेक जोशी ने मिलकर 345 पंजीकृत गैर- मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को सूची से हटाने की कार्यवाही शुरू कर दी है। इस दायरे में वे सभी राजनीतिक दल होंगे जो 2019 से कहीं भी सक्रिय नहीं हैं।

## जम्मू-कश्मीर के उधमपुर में एक आतंकी ढेर

**उधमपुर।** जम्मू-कश्मीर के उधमपुर में बसंतगढ़ इलाके में गुरुवार सुबह से जारी एनकाउंटर में एक आतंकी मारा गया है। इलाके में तीन और आतंकियों के छिपे होने की आशंका है। सेना और पुलिस का सर्च ऑपरेशन जारी है। आईजीपी जम्मू जोन भीम सेन ने बताया कि बसंतगढ़ के बिहाली इलाके में पिछले एक साल से 4 आतंकियों के छिपे होने की खबर थी। गुरुवार सुबह साढ़े 8 बजे इनकी जानकारी मिलने के बाद सर्च ऑपरेशन चलाया गया। इस दौरान आतंकियों ने सिक्योरिटी फोर्सेज के जवानों पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में एक आतंकी मारा गया है।

## सुप्रीम कोर्ट मराठा आरक्षण पर जुलाई में करेगा विचार

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय महाराष्ट्र में शिक्षा और रोजगार में मराठाओं को 10 फीसदी आरक्षण प्रावधान को चुनौती देने वाली याचिका पर 14 जुलाई के बाद विचार करेगा। न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन और न्यायमूर्ति एनके सिंह की पीठ ने गुरुवार को एक अधिवक्ता की संबंधित मामले को तत्काल सूचीबद्ध करने की गुहार पर यह अनुमति दी। पीठ ने कहा कि याचिका को फिर से खुलने वाले सप्ताह (गर्मी की छुट्टियों के बाद 14 जुलाई से शुरू होने वाले सामान्य कार्य दिवस) में सूचीबद्ध किया जाएगा।

## भारतीय अंतर्राष्ट्रीय परिधान मेला एक जुलाई से

**नई दिल्ली।** एशिया के सबसे बड़े परिधान मेले - भारतीय अंतर्राष्ट्रीय परिधान मेले का 73 वां संस्करण एक जुलाई से राष्ट्रीय राजधानी में आरंभ होगा जिसमें 79 देशों में प्रतिनिधि शामिल होंगे। मेला आयोजकों ने गुरुवार को यहां बताया कि ये मेला तीन जुलाई तक चलेगा। मेले का उद्घाटन कपड़ा एवं विदेश राज्य मंत्री पबित्रा मार्गरीटा करेंगे। मेले का आयोजन परिधान निर्यात संवर्धन परिषद, अंतर्राष्ट्रीय परिधान मेला एसोसिएशन, परिधान निर्यातक एवं निर्माता संघ, भारतीय वस्त्र निर्माता संघ, गारमेंट एक्सपोर्टर्स एसोसिएशन ऑफ राजस्थान मिलकर कर रहे हैं।

## नीट-यूजी: सुप्रीम कोर्ट का दिल्ली हाईकोर्ट से मामला ट्रांसफर करने से इन्कार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मेडिकल स्नातक पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए आयोजित राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा 2025 को चुनौती देने वाली एक रिट याचिका पर विचार करने से इन्कार कर दिया। पीठ ने असद खत्री की गुहार ठुकराते हुए कहा कि यह याचिका सार्वजनिक हित के तथ्यों पर आधारित नहीं है और इसलिए इस विवाद का शीर्ष अदालत की बजाय उच्च न्यायालय में ही निपटारा किया जाना चाहिए।

# पाक रक्षा मंत्री से नहीं मिले राजनाथ

## एससीओ समिट: साझा दस्तावेज में पहलगाम हमले का जिक्र नहीं

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** भारत ने शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की बैठक में चीन और पाकिस्तान के गठजोड़ के नापाक इरादों को नाकाम करते हुए सदस्य देशों के आतंकवाद पर संयुक्त वक्तव्य पर हस्ताक्षर करने से इन्कार कर दिया। एससीओ के सदस्य देशों के रक्षा मंत्रियों की दो दिन की बैठक चीन के किगदाओ में हो रही है। चीन की अध्यक्षता में हो रही इस बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भारत का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं।

एससीओ के रक्षा मंत्रियों की बैठक हुई। इसमें भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ, दोनों शामिल हुए थे। हालांकि, राजनाथ सिंह ने पाकिस्तानी रक्षा मंत्री से मुलाकात नहीं की। सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आतंकवाद पर सदस्य देशों के संयुक्त वक्तव्य पर हस्ताक्षर करने से इन्कार कर दिया है। सूत्रों ने बताया कि चीन और पाकिस्तान संयुक्त वक्तव्य में जम्मू- कश्मीर में पहलगाम आतंकवादी हमले का उल्लेख नहीं करना चाहते थे और इसके बजाय पाकिस्तान में जाफर ट्रेन हाइजैक के मामले को वक्तव्य में शामिल करने पर आमादा थे। सूत्रों ने कहा कि भारत ने इस पर कड़ी आपत्ति जताई और वक्तव्य पर हस्ताक्षर करने से इन्कार कर दिया। इससे एससीओ की बैठक के संपन्न होने पर संयुक्त वक्तव्य जारी नहीं किया जाएगा।



**भारत ने एससीओ में आतंकवाद पर संयुक्त वक्तव्य पर हस्ताक्षर करने से इन्कार किया**

**शंघाई सहयोग संगठन की बैठक के संपन्न होने पर संयुक्त वक्तव्य जारी नहीं किया जाएगा**

### आतंकवाद के खात्मे को SCO का एकजुट होना जरूरी: राजनाथ

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के सदस्य देशों के समक्ष आतंकवाद पर भारत का रुख एकदम स्पष्ट करते हुए दो टूक शब्दों में कहा कि आतंकवाद का हर कृत्य आपराधिक तथा अनुचित है और संगठन को सामूहिक सुरक्षा के लिए इस खतरे को जड़ से उखाड़ फेंकने के लिए एकजुट होना चाहिए।

# सीजेआई गवई का बड़ा बयान संविधान सबसे ऊपर, संसद नहीं

अमरावती, वार्ता

**भारत के मुख्य** न्यायाधीश बीआर गवई ने कहा कि भारत का संविधान सबसे ऊपर है। हमारे लोकतंत्र के तीनों अंग (न्यायपालिका, कार्यपालिका और विधायिका) संविधान के अधीन काम करते हैं। सीजेआई गवई ने कहा कि कुछ लोग कहते हैं कि संसद सर्वोच्च है, लेकिन मेरी राय में संविधान सर्वोपरि है। सुप्रीम कोर्ट के 52वें सीजेआई के रूप में शपथ लेने वाले जस्टिस गवई होमटाउन अमरावती में अपने अभिनंदन समारोह में बोल रहे थे।

सीजेआई गवई ने कहा कि संसद के पास संशोधन करने की शक्ति है, लेकिन वह संविधान के मूल ढांचे को बदल नहीं सकती। सीजेआई गवई ने कहा कि एक जज को हमेशा याद रखना चाहिए कि हमारा एक कर्तव्य है और हम नागरिकों के अधिकारों और संवैधानिक मूल्यों और सिद्धांतों के संरक्षक हैं। हमारे पास केवल शक्ति नहीं है, बल्कि हम पर एक कर्तव्य भी डाला गया है। किसी जज को इस बात को लेकर नहीं चलना चाहिए कि लोग उनके फैसलों के बारे में क्या कहेंगे या क्या महसूस करेंगे। चीफ जस्टिस ने कहा कि हमें स्वतंत्र रूप से सोचना होगा। लोग क्या कहेंगे, यह हमारी फैसले लेने की प्रक्रिया का हिस्सा नहीं बन सकता। सीजेआई ने कहा कि मैंने हमेशा अपने निर्णयों और काम को बोलने दिया और हमेशा संविधान में निहित मौलिक अधिकारों के साथ खड़ा रहा। बुलडोजर न्याय के खिलाफ अपने फैसले का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि आश्रय का अधिकार सर्वोच्च है।



**कहा: लोकतंत्र के तीनों हिस्से इसके अधीन, संसद के पास संशोधन की शक्ति, लेकिन मूल ढांचा नहीं बदल सकती**

# कांग्रेस ने महाराष्ट्र व हरियाणा चुनाव की वीडियो रिकॉर्डिंग मांगी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने चुनाव आयोग को पत्र लिखकर महाराष्ट्र और हरियाणा विधानसभा चुनाव के मतदाताओं की सूची, मतदान के दिन की वीडियो रिकॉर्डिंग तथा मशीन रीडेबल कॉपी उपलब्ध कराने की मांग की है।

कांग्रेस ने चुनाव आयोग सचिवालय के सचिव अश्विनी कुमार मोहल को 25 जून को लिखे दो पेज के पत्र में कहा है कि महाराष्ट्र तथा हरियाणा विधानसभा चुनाव को लेकर लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने जिन सवालों को उठाया है, उन्हें लेकर आयोग ने 12 जून को जो जवाब दिया है ,उसके मद्देनजर पार्टी मांग करती है कि उसे मतदाता सूची और मतदान के दिन के वीडियो फुटेज एक सप्ताह में उपलब्ध कराए जाएं। पत्र में कहा गया है कि कांग्रेस यह मांग लगातार कर रही है और उसकी मांग के अनुरूप वोटर लिस्ट तथा वीडियो फुटेज उपलब्ध कराना आयोग के लिए कठिन काम नहीं है।

**वोटर लिस्ट व मशीन रीडेबल कॉपी भी मांगी**

## ऑपरेशन सिंधु: ईरान से 272 भारतीय व 3 नेपाली दिल्ली पहुंचे

**नई दिल्ली।** ऑपरेशन सिंधु के तहत ईरान से 272 भारतीयों और तीन नेपाली नागरिकों को लेकर एक और विमान गुरुवार मध्य रात्रि यहां पहुंचा। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने जानकारी देते हुए एक्स पर पोस्ट किया कि इस उड़ान के साथ अब तक पश्चिम एशिया में तनाव के बीच ईरान से 3,426 भारतीय नागरिकों को वापस लाया जा चुका है। ऑपरेशन सिंधु के तहत 25 एवं 26 जून को मध्य रात्रि 12:01 बजे मशहद से नई दिल्ली पहुंची एक विशेष उड़ान से 272 भारतीय और तीन नेपाली नागरिक यहां पहुंचे।

## बद्रीनाथ हाईवे पर भीषण सड़क हादसा

# टेम्पो ट्रैवलर अलकनंदा में बहा, 12 के मरने की आशंका

## तीन शव बरामद, नौ लापता, चार गंभीर घायलों को एम्स भेजा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**रुद्रप्रयाग/देहरादून।** चारधाम यात्रा मार्ग पर गुरुवार सुबह एक बड़ा हादसा हो गया। ऋषिकेश-बद्रीनाथ हाईवे पर घोलतीर के पास यात्रियों से भरी मिनी बस (टेंपो ट्रैवलर) 250 मीटर गहरी खाई में गिरकर अलकनंदा नदी में समा गई।

हादसे में 3 यात्रियों की मौत हो गई, 9 लापता हैं, जबकि 4 गंभीर घायलों को एयर एंबुलेंस से एम्स ऋषिकेश भेजा गया है। बस में कुल 20 यात्री सवार थे, जो विभिन्न राज्यों (मध्य प्रदेश, गुजरात, राजस्थान और महाराष्ट्र) से चारधाम यात्रा पर निकले थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से बस अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरी। एसडीआरएफ, एनडीआरएफ, पुलिस और आईटीबीपी ने सर्च और रेस्क्यू अभियान चलाया, लेकिन नदी का जलस्तर बढ़ा होने के कारण बस का सुराग नहीं लग सका।

### कालसी: कार खाई में गिरी, तीन युवकों की मौत

**विकासनगर।** कालसी- चकराता मोटर मार्ग पर बीती रात एक कार अनियंत्रित होकर 500 मीटर गहरी खाई में गिर गई। हादसे में तीन युवकों की मौके पर मौत हो गई, जबकि एक गंभीर रूप से घायल युवक को हायर सेंटर रेफर किया गया है। चारों युवक विकासनगर से चकराता की ओर जा रहे थे कि चापनू गांव के पास हादसा हो गया। मृतकों की पहचान मुकेश राणा (21), प्रियांशु चौहान (22) और दीपक सती (25) के रूप में हुई है। गंभीर घायल मंगल चौहान निवासी मटियावा चकराता का अस्पताल में इलाज जारी है। सूचना मिलते ही एसडीआरएफ, पुलिस और राजस्व विभाग की टीमों ने रेस्क्यू कर शवों को बाहर निकाला और घायल को अस्पताल पहुंचाया।



# सीवीआर-एफडीआर के डेटा की जांच पूरी, निष्कर्ष शीघ्र

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** अहमदाबाद से लंदन के लिए उड़ान भरने के बाद दुर्घटनाग्रस्त हुए एयर इंडिया के बोइंग 787.8 ड्रीमलाइनर विमान के कॉकपिट वॉयस रिकॉर्डर्स (सीवीआर) और फ्लाइट डेटा रिकॉर्डर्स (एफडीआर) का डेटा प्रयोगशाला में निकाल लिया गया है और जल्द ही इसका निष्कर्ष सामने आने की संभावना है।

नागर विमानन मंत्रालय ने गुरुवार को यहां एक बयान में यह जानकारी दी। भारत, अंतर्राष्ट्रीय नागर विमानन संगठन (आईसीएओ) की शिकागो संधि (1944) के हस्ताक्षरकर्ता और आईसीएओ अनुलग्नक 13 और विमान (दुर्घटनाओं और घटनाओं की जांच) नियम, 2017 के अनुसार विमान दुर्घटनाओं की जांच करता है। विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (एएआईबी) ऐसी जांच के लिए नामित प्राधिकरण है। बयान में कहा गया है कि एयर इंडिया फ्लाइट एआई-171 से जुड़ी दुर्भाग्यपूर्ण दुर्घटना के बाद, एएआईबी ने तुरंत एक जांच शुरू की और निर्धारित मानदंडों के अनुरूप 13 जून को एक बहु-विशेषज्ञ दल का गठन किया। अंतर्राष्ट्रीय प्रोटोकॉल के अनुसार गठित टीम का नेतृत्व एएआईबी के महानिदेशक द्वारा किया जाता है और इसमें एक विमानन चिकित्सा विशेषज्ञ, एक एटीसी अधिकारी और राष्ट्रीय परिवहन सुरक्षा बोर्ड (एनटीएसबी) के प्रतिनिधि शामिल हैं, जो इस तरह की जांच के लिए आवश्यक निर्माण और डिजाइन राज्य (यूएसए) से सरकारी जांच एजेंसी है। बयान के अनुसार दुर्घटनास्थल से सीवीआर और एफडीआर क्रमशः 13 जून को दुर्घटना स्थल पर इमारत की छत से और 16 जून को मलबे से बरामद किया गया था। उनके सुरक्षित संचालन, भंडारण और परिवहन के लिए मानक संचालन प्रक्रियाएं पूरी की गईं। इन उपकरणों को अहमदाबाद में कड़ी पुलिस सुरक्षा और सीसीटीवी निगरानी में रखा गया था।




# हिमाचल में पांच जगह बादल फटने से नदी-नालों में बाढ़

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** देश में एमपी, राजस्थान और गुजरात समेत सभी राज्यों बारिश का सिलसिला जारी है।

पिछले 24 घंटों में सबसे ज्यादा नुकसान हिमाचल में हुआ है। कुल्लू जिले में एक दिन पहले 5 जगह- जीवा नाला (सैंज), शिलागढ़ (गढ़सा) घाटी, स्त्रो गैलरी (मनाली), होरनगढ़ (बंजार), कांगड़ा और धर्मशाला के खनियारा में बादल फटने से अब तक 5 लोगों की मौत हो गई। 7 से ज्यादा लापता हैं। सबसे ज्यादा नुकसान सैंज में जीवा नाला के नजदीक एनएचपीसी के प्रोजेक्ट साइट पर हुआ। यहां गुरुवार दोपहर तक 4 और लोगों के शव बरामद हुए। बताया जा रहा है 15 से 20 लोग बह गए हैं, लेकिन इनकी अब तक पुष्टि नहीं हुई है। उधर, गुजरात के अहमदाबाद, सूरत और नवसारी जिलों में तेज बारिश हो रही है।

**मरने वालों की संख्या पांच हुई, सात से ज्यादा लापता**

## संक्षिप्त समाचार

### कांग्रेस ने हिमाचल में जानमाल के नुकसान पर जताया शोक

**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता एवं कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी तथा पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने हिमाचल प्रदेश में भारी बारिश के कारण लोगों के मारे जाने की घटनाओं पर शोक व्यक्त करते हुए पार्टी कार्यकर्ताओं से राहत बचाव कार्यों में प्रशासन की मदद करने का आग्रह किया है। गांधी ने कहा कि हिमाचल प्रदेश के कई जिलों में भारी बारिश से हुए जान-माल के नुक़सान की खबर बेहद दुखद है। कई लोग अब भी लापता हैं। मैं प्रभावित परिवारों के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त करता हूं और लापता लोगों के सकुशल लौटने की आशा करता हूं। प्रशासन और राहत दल पूरी तत्परता से काम कर रहे हैं।

### हिंसा का समर्थन नहीं करती सपा: अखिलेश

**लखनऊ।** सपा मुखिया अखिलेश यादव ने कहा है कि अगर इटावा की घटना का पता अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को पता चल गई, तो कहीं वे सीएम योगी को डांट न पिला दें। पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने कहा कि पिछले 16 साल से कथावाचक ने चोटी रखी थी। बीजेपी के लोग इस घटना में शामिल हैं, उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी हिंसा का समर्थन नहीं करती है। उन्होंने कहा कि बीजेपी सरकार में कुछ भी हो सकता है। एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान उन्होंने तंज किया कि अगर ट्रंप जी को पता चल जाए, इटावा में ये हुआ है तो ट्रंप न डांट दें। अखिलेश यादव ने कहा कि बीजेपी कुंभ पर झूठ बोल सकती है, मरने वाले का आंकड़ा छुपा सकती है। शंकराचार्य झूठ बोल सकते हैं, पुलिस कैश पैसे बांटती है। उन्होंने कहा कि जातीय संघर्ष पर बात करने की वाले सीएम अब तक क्या सो रहे हैं।

# नीट परीक्षा में धांधली की व्यापक स्तर पर हो जांच: कांग्रेस

**नई दिल्ली, वार्ता**




■ एनएसयूआई प्रभारी कन्हैया कुमार ने उठाई मांग

कांग्रेस ने मेडिकल प्रवेश परीक्षा-नीट में हो रही कथित धांधली को लेकर राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (एनटीए) पर भ्रष्टाचार करने का आरोप लगाया और कहा कि जिस एनटीए को इस परीक्षा को पारदर्शी तरीके से कराने की जिम्मेदारी सौंपी गई है, वह भ्रष्टाचारी एजेंसी बन गई है और युवाओं के साथ खिलवाड़ कर रही है।

कांग्रेस की छात्र इकाई एनएसयूआई के प्रभारी कन्हैया कुमार ने गुरुवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि देश की एनटीए 'राष्ट्रीय भ्रष्टाचार एजेंसी' बन चुकी है। नीट परीक्षा होती है, तो भ्रष्टाचार से जुड़ी नई-नई चीजें सामने आती हैं। एनटीए जो भी परीक्षा कराती है, उसका डेटा लीक हो जाता है। एनटीए अविश्वनीय बन चुकी है और यह परीक्षा एजेंसी किसी भी परीक्षा को पारदर्शी तरीके से आयोजित नहीं कर पा रही है, इसलिए इसके अधिकारियों की जांच होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि एनटीए के जरिए हो रही नीट परीक्षा के आयोजन में भ्रष्टाचार अत्यंत गंभीर तरीके से सामने आ रहा है। केन्द्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने महाराष्ट्र में भ्रष्टाचार निरोधक कानून के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई है, जिसमें कुछ लोग गिरफ्तार हुए हैं और इसमें गंभीर बात यह है कि प्राथमिकी में पैसा लेकर ओएमआर शीट बदलने की बात सामने आई है। नीट परीक्षा के माध्यम से बच्चे डॉक्टर बनते हैं, जो देश की स्वास्थ्य व्यवस्था की रीढ़ होती है। इस प्राथमिकी के बाद एनटीए फिर शक के घेरे में है, लेकिन उसके खिलाफ अब तक कोई बड़ी जांच नहीं बिठाई गई है। कांग्रेस की मांग है कि एनटीए की जांच हो और नीट परीक्षा पारदर्शिता तरीके से आयोजित कराई जानी चाहिए। सीबीआई कह रही है कि इस मामले में एनटीए का कोई अधिकारी शामिल नहीं है, तो उसे यह भी बताना चाहिए कि फिर मामला दर्ज क्यों कराया गया है।

### शहरों में घर खरीदना गरीबों के लिए बना सपना



**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता एवं कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने गुरुवार को कहा कि महंगाई चरम पर है और शहरी अर्थव्यवस्था में गरीब तथा मध्यम वर्ग के लोगों के लिए घर खरीदना सपना बनकर रह गया है। गांधी ने सोशल मीडिया 'फेसबुक' पर एक पोस्ट में आज कहा कि हां, आपने सही पढ़ा और अगर यकीन नहीं हो रहा तो दोहरा देता हूं। मुंबई में घर लेने के लिए भारत के सबसे अमीर पांच प्रतिशत लोगों को भी 109 साल तक अपनी आमदनी का 30 प्रतिशत बचाना पड़ेगा। यही हाल ज्यादातर बड़े शहरों का है, जहां आप अवसर और सफलता की तलाश में एड़ियां घिस देते हैं। कहां से आएगी इतनी बचत। उन्होंने कहा कि गरीब और मध्यम वर्ग की विरासत दौलत नहीं, जिम्मेदारियां होती हैं। बच्चों की महंगी शिक्षा, महंगे इलाज की चिंता, माता-पिता की ज़िम्मेदारी या परिवार के लिए छोटी-सी गाड़ी। फिर भी दिलों में रहता है एक सपना 'एक दिन' एक घर होगा अपना।

# केजीएमयू का पुराना नाम बहाल करे सरकार

**लखनऊ, वार्ता**



■ छत्रपति शाहूजी महाराज के नाम पर हो

समाजवादी पार्टी को दलित विरोधी पार्टी बताते हुये बहुजन समाज पार्टी अध्यक्ष मायावती ने गुरुवार को कहा कि बसपा सरकार के कार्यकाल में किंग जार्ज मेडिकल यूनीवर्सिटी (केजीएमयू) का नाम छत्रपति शाहूजी महाराज मेडिकल यूनीवर्सिटी किया गया था, जिसे सपा सरकार ने बदल दिया था। अब मौजूदा भाजपा सरकार को चाहिये कि केजीएमयू का नाम फिर बदल कर छत्रपति शाहूजी महाराज मेडिकल यूनीवर्सिटी करे। सुश्री मायावती ने एक्स पर लिखा- कोल्हापुर, महाराष्ट्र रियासत में दलितों को नौकरी में आरक्षण देने का क्रान्तिकारी क़दम उठाकर भारत में आरक्षण के जनक के रूप में अमर हो जाने वाले राजर्षि छत्रपति शाहूजी महाराज को आज उनकी जयंती पर शत-शत नमन व अपार श्रद्धा-सुमन अर्पित तथा उनके समस्त अनुयाइयों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।

# इटावा में पुलिस पर फेंके पत्थर की फायरिंग, 12 हिरासत में

**इटावा, वार्ता**

■ सड़क पर उतरी अहीर रेजिमेंट नेशनल हाईवे किया जाम

यादव कथावाचक को पीटने और अभद्रता के मामले में गुरुवार को इटावा में बवाल हो गया। गुरुवार को अहीर रेजिमेंट और यादव संगठन के करीब 2 हजार लोगों ने 2 जगह प्रदर्शन किया। पहला प्रदर्शन बकेवर थाने के सामने हुआ। लोगों ने कथावाचक के दो साथियों को छुड़ाने के लिए थाने का घेराव किया।

पुलिस ने समझाना चाहा, तभी भीड़ ने पुलिस की गाड़ी पर पथराव कर दिया, जिसमें एक गाड़ी का शीशा टूट गया। पुलिस ने हंगामा बढ़ता देख 12 थानों की फोर्स बुलाई और प्रदर्शनकारियों को खदेड़ा, हवाई फायरिंग भी की गई। यहां पुलिस ने 12 लोगों को हिरासत में लिया है। दूसरा प्रदर्शन आगरा- लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर हुआ। यादव समाज के लोगों ने एक्सप्रेस-वे पर बाइक रैली निकाली। पुलिस ने उन्हें समझाने की कोशिश की लेकिन प्रदर्शनकारी आगरा-कानपुर नेशनल हाईवे की ओर बढ़ गए। दरअसल, यादव समाज संगठन के अध्यक्ष गगन यादव ने कथावाचक की पिटाई का विरोध जताया था। गुरुवार को सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ इटावा आने का एंलान किया था, जिसके बाद पुलिस ने उनको गिरफ्तार कर लिया था। इसके विरोध में कई जिलों से यादव समाज के लोग इटावा पहुंचे। गुरुवार को दांदरपुर गांव से यादव समाज और अहीर रेजिमेंट के युवाओं से पुलिस की झड़प हो गई। इस दौरान अहीर रेजिमेंट ने पुलिस पर पथराव और फायरिंग की। साथ ही पुलिस की गाड़ी भी तोड़ दी। मामला बढ़ा, तो प्रदर्शनकारियों ने पुलिस पर पथराव कर दिया।

## कांवड़ यात्रा और मोहर्रम को लेकर योगी ने दिए निर्देश

# भड़काऊ नारे व हथियार न लहराएं: सीएम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ 11 जुलाई से नौ अगस्त तक चलेगी कांवड़, मोहर्रम के कार्यक्रम 27 जून से 7 जुलाई के बीच होंगे पूरे

**लखनऊ।** सीएम योगी आदित्यनाथ ने कांवड़ यात्रा और मोहर्रम को लेकर दिशा-निर्देश जारी करते हुए कहा कि भड़काऊ नारे और हथियारों का प्रदर्शन बिल्कुल बर्दाश्त नहीं होगा। साथ ही सीएम ने कांवड़ यात्रा को लेकर कहा कि कांवड़ यात्रा के जो भी मार्ग हैं, जहां से भी श्रद्धालु कांवड़ लेकर गुजरेंगे, वहां पर खुले में मांस की बिक्री नहीं होगी। सीएम ने कानून व्यवस्था को बनाए रखने के लिए अधिकारियों के साथ अहम बैठक की, ताकि इन त्योहारों में कानून व्यवस्था बनी रहे और किसी भी तरह का कोई भी विवाद सामने न आए।

सीएम ने कहा कि श्रावण का पवित्र हिंदू महीना 11 जुलाई से 9 अगस्त तक मनाया जाएगा, जिसके दौरान कांवड़ यात्रा, श्रावणी शिवरात्रि, नाग पंचमी और रक्षा बंधन मनाया जाता है। इसके साथ ही जगन्नाथ रथ यात्रा 27 जून से 8 जुलाई के बीच और मोहर्रम 27 जून से 7 जुलाई के बीच होने की उम्मीद है। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, सीएम ने कहा कि यह त्योहारों का पूरा समय कानून- व्यवस्था, स्वास्थ्य सेवा, स्वच्छता, शिक्षा और आपदा प्रबंधन के मामले में काफी ज्यादा संवेदनशील है, इसलिए सभी संबंधित विभागों और जिला प्रशासनों को समन्वय और जवाबदेही के साथ काम करना चाहिए। सीएम ने त्योहारों को लेकर सख्त निर्देश जारी करते हुए कहा कि भड़काऊ नारे, हथियारों का प्रदर्शन कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इसी के साथ कौशांबी, इटावा, औरैया की घटनाओं पर मुख्यमंत्री गंभीर हैं। सीएम ने कहा कि जातीय संघर्ष फैलाने की साजिश हो रही है, अराजक लोगों को बेनकाब करें। सीएम ने कहा कि पुलिस स्टेशनों, सर्किलों और चौकियों के स्तर पर स्थानीय प्रशासन को कांवड़ संघों के साथ लगातार बातचीत में रहना चाहिए और सभी व्यवस्थाओं का पूर्व आकलन करना चाहिए।

### यूपी में ग्रीन गोल्ड लेकर घर जाएंगे नवजात

■ सरकारी अस्पताल में जन्में बच्चों को योगी सरकार से मिलेगा ये गिफ्ट

**लखनऊ।** योगी सरकार की ओर से यूपी को हरा भरा प्रदेश बनाने के लिए एक से सात जुलाई तक जन्म लेने वाले बच्चों को अब ग्रीन गोल्ड सर्टिफिकेट के साथ पौधे भी दिए जाएंगे। यह पौधे यूपी के सभी जिला अस्पताल, सीएचसी, पीएचसी व अन्य सरकारी अस्पताल में जन्मे बच्चों को प्रदान किए जाएंगे। स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से वन विभाग यह कार्य करने जा रहा है। प्रधान मुख्य वन संरक्षक व विभागाध्यक्ष सुनील चौधरी ने बताया कि पौधरोपण महाभियान-2025 में जनता की सहभागिता पर सरकार का जोर है। नवजात को उपहार स्वरूप पौधा देना बच्चे के जीवन में समृद्धि व विकास का परिचायक है। इसी के अनुरूप पहली से सात जुलाई (वन महोत्सव) की अवधि में जन्मे नवजात शिशुओं को ग्रीन गोल्ड सर्टिफिकेट के साथ एक पौधा भेंट के रूप में प्रदान किया जाएगा। वन महोत्सव के अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग से समन्वय स्थापित कर वन विभाग मूर्त रूप प्रदान करेगा। प्रधान मुख्य वन संरक्षक व विभागाध्यक्ष सुनील चौधरी ने सभी प्रभागों के वनाधिकारी को निर्देश दिया है कि स्वास्थ्य विभाग से समन्वय स्थापित कर संस्थागत प्रसव से जन्मे बच्चों को यह सर्टिफिकेट व पौधा दिया जाए। संस्थागत प्रसव में जिला अस्पताल, सीएचसी, पीएचसी व अन्य सरकारी अस्पतालों को शामिल किया जाए। भेंट स्वरूप सागौन, शीशम समेत इमारती प्रजाति के पौधों को प्राथमिकता दी जाए।



सेंसेक्स 83755.87
निफ्टी 25549



सोना रु. 97159
प्रति 10 ग्राम (24 केरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 107150
प्रति किलो




# बाजार में तूफानी तेजी, नौ माह के उच्चतम स्तर पर

**मुंबई, वार्ता**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के ब्याज दरों में अधिक कटौती के लिए फेडरल रिजर्व में संभावित नेतृत्व परिवर्तन करने को लेकर जारी अटकलों से यूरोपीय बाजार में आई तेजी से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा लिवाली की बदौलत आज शेयर बाजार में तूफानी तेजी रही।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 1000.36 अंक अर्थात 1.21 प्रतिशत की छलांग लगाकर करीब नौ महीने के उच्चतम स्तर 83 अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 83755.87 अंक पर पहुंच गया। साथ ही नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 304.25 अंक यानी 1.21 प्रतिशत उछलकर 25549 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 0.56 प्रतिशत मजबूत होकर 46,362.77 अंक और स्मॉलकैप 0.12 प्रतिशत बढ़कर 53,960.57 अंक हो गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4153 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2097 में लिवाली जबकि 1900 में



बिकवाली हुई, वहीं 156 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में कारोबार के लिए रखी गई कुल 2975 कंपनियों के शेयरों में से 1474 में तेजी जबकि 1397 में गिरावट रही, वहीं 104 में टिकाव रहा। विश्लेषकों के अनुसार गुरुवार को डॉलर तीन साल के निचले स्तर पर आ गया, जबकि वैश्विक शेयर बाजारों ने बीते तीन दिनों में दूसरी बार नया रिकॉर्ड उच्च स्तर हासिल किया। इसकी वजह अमेरिकी फेडरल रिजर्व में संभावित नेतृत्व परिवर्तन को लेकर अटकलें बताई जा रही हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प फेडरल रिजर्व के मौजूदा अध्यक्ष जेरोम पॉवेल की जगह जल्द ही नया चेहरा नियुक्त करने पर विचार कर रहे हैं। कहा जा रहा है कि ट्रम्प फेड से ब्याज दरों में तेजी से कटौती करने की मांग कर रहे हैं और इसी दिशा में अगले कुछ महीनों में पॉवेल का विकल्प चुनने की योजना बना रहे हैं। इस अटकल के बाद निवेशकों ने अमेरिकी ब्याज दरों में संभावित कटौती पर दांव लगाना शुरू कर दिया, जिससे डॉलर में भारी बिकवाली देखी गई। वहीं वैश्विक शेयर बाजारों में तेजी का रुख बना रहा और बाजार नई ऊंचाइयों पर पहुंच गए। इससे बीएसई में फोकस्ड आईटी, आईटी और रियल्टी में 1.04 प्रतिशत की गिरावट को छोड़कर अन्य 18 समूहों में तेजी रही। इस दौरान कमोडिटीज 1.39, सीडी 0.42, ऊर्जा 1.68, एफएमसीजी 0.61, वित्तीय सेवाएं 1.25, हेल्थकेयर 0.28, इंडस्ट्रियल्स 0.58, दूरसंचार 0.80, यूटिलिटीज 1.24, ऑटो 0.51, बैंकिंग 0.95, कैपिटल गुड्स 0.36, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.79, धातु 2.28, तेल एवं गैस 1.88, पावर 1.13, टेक 1.13 और सर्विसेज समूह के शेयर 0.88 प्रतिशत चढ़ गए। अंतर्राष्ट्रीय स्तर मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफ़टीएसई 0.26, जर्मनी का डैक्स 0.84 और जापान का निक्केई 1.65 प्रतिशत उछल गया।

### सोने के भाव में कोई परिवर्तन नहीं दिखा

**नई दिल्ली।** सोने के दाम में गुरुवार को कोई बदलाव देखने को नहीं मिला। आईबीजेए के अनुसार 24 कैरेट सोने का दाम 97,159 प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ। वहीं चांदी की कीमत 1,950 बढ़कर 1,07,150 प्रति किलोग्राम हो गई है। इससे पहले ये 1,05,200 पर थी।

देश के चार महानगरों दिल्ली में 24 कैरेट सोने की कीमत 99,100 और 22 कैरेट सोने की कीमत 90,850 रही, जब कि मुंबई में 24 कैरेट सोने की कीमत 98,950 और 22 कैरेट सोने की कीमत 91,550 थी, वहीं कोलकाता मे 24 कैरेट सोने की कीमत 98,950 और 22 कैरेट की कीमत 90,700 रही। चेन्नई में 24 कैरेट सोने की कीमत 98,950 और 22 कैरेट सोने की कीमत 90,700 थी, वहीं भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 99,000 व 22 कैरेट सोने की कीमत 90,750 रही।

# खाद्य तेलों में टिकाव, गेहूं महंगा, गुड़ सस्ता

**नई दिल्ली, वार्ता**



विदेशी बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा, जबकि गेहूं महंगा हो गया वहीं गुड़ और मूंग दाल के भाव गिर गए।

तेल-तिलहन: वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का जुलाई वायदा 36 रिंगिट बढ़कर 3975 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। वहीं जुलाई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.20 सेंट की गिरावट के साथ 51.62 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में मिलाजुले रुख रहा। इस दौरान गुड़ 50 रुपये प्रति क्विंटल गिर गया, जबकि चीनी के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। दाल-दलहन: दाल-दलहन के बाजार में मूंग दाल में 150 रुपये प्रति क्विंटल की गिरावट को छोड़कर अन्य दालों में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। अनाज: अनाज मंडी का रुझान मिश्रित रहा। इस दौरान गेहूं 50 रुपये प्रति क्विंटल चढ़ गया, जबकि चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे:- दाल-दलहन: चना 5600-5700, दाल चना 6600-6700, मसूर काली 7900-8000, मूंग दाल 9300-9400, उड़द दाल 9500- 9600, अरहर दाल 8400-8500 रुपये प्रति क्विंटल रहे। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 3000-3100 रुपये और चावल 3650-3750 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़: चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4200-4300, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4350-4450 रुपये प्रति क्विंटल बोले गये। खाद्य तेल: सरसों तेल 17033 रुपये, मूंगफली तेल 17948 रुपये, सूरजमुखी तेल 16116 रुपये, सोया रिफाइंड 14102 रुपये, पाम ऑयल 13333 रुपये और वनस्पति तेल 14666 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा है।

# अमरनाथ यात्रा में तीर्थयात्रियों की संख्या में गिरावट: मनोज सिन्हा

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने आज कहा कि वार्षिक अमरनाथ यात्रा के लिए पंजीकृत तीर्थयात्रियों की संख्या में पिछले साल की तुलना में मामूली गिरावट देखी गई है। हालांकि अब स्थिति में सुधार के संकेत दिख रहे हैं।

उन्होंने यहां आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि तीर्थयात्रा के लिए सभी मार्गों और आधार शिविरों में जम्मू-कश्मीर पुलिस, भारतीय सेना और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों की व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की गई है। सिन्हा ने कहा कि यात्रा के लिये 22 अप्रैल से पहले पंजीकरण में उछाल आया था, लेकिन आतंकवादियों ने पहलगाम में इस दिन पर्यटकों को निशाना बनाया, जिसमें 26 लोग मारे गए। सिन्हा ने कहा कि 22 अप्रैल के बाद पंजीकरण में थोड़ी गिरावट देखी गई। इस साल के आंकड़ों की तुलना 2024 से करते हुए उपराज्यपाल ने खुलासा किया कि इस बार अब तक 35,000 से 40,000 कम तीर्थयात्रियों ने पंजीकरण कराया है। उन्होंने कहा कि मेरा मानना है कि कुल संख्या पिछले साल की तुलना में 10.19 प्रतिशत कम है। उन्होंने कहा कि गिरावट के बावजूद प्रशासन इस बाबत 'आशावादी' है, क्योंकि स्थिति में सुधार है। उन्होंने कहा कि 22 अप्रैल तक यात्रा के लिए 2,36,801 पंजीकरण किए गए थे। हमने 22 अप्रैल से पहले पंजीकरण कराने वाले सभी लोगों से संपर्क किया और उनसे यात्रा में भाग लेने की पुष्टि करने के लिए कहा। अब तक 85,000 से अधिक तीर्थयात्रियों ने आने की पुष्टि की है और यह संख्या लगातार बढ़ रही है। सुरक्षा के मसले पर उपराज्यपाल ने आश्वासन दिया कि इस बाबत व्यापक व्यवस्था की गई है और पिछले वर्षों की तुलना में सुरक्षा कर्मियों का संख्याबल भी अधिक है। उन्होंने कहा ष्सुरक्षा के दृष्टिकोण से जम्मू- कश्मीर पुलिस, भारतीय सेना और केन्द्रीय सुरक्षा बलों ने सभी यात्रा मार्गों और आधार शिविरों में सुरक्षित और शांतिपूर्ण तीर्थयात्रा सुनिश्चित करने के लिए कड़े कदम उठाए हैं। सिन्हा ने कहा कि अमरनाथ यात्रा 2025 के सुचारू और सुरक्षित संचालन के लिए मजबूत और बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि चाहे वह क्षेत्र वर्चस्व हो, माउंटेन रेस्क्यू पेट्रोल (एमआरपी) की तैनाती हो, या आधार शिविरों पर तीन स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था हो।

# ईरान-इजरायल युद्ध से भारतीय कालीन उद्योग को अरबों का झटका

**भदोही।** ईरान-इजरायल युद्ध का असर काल. ीनों के निर्यात पर दिखाई पड़ने लगा है। कालीन नगरी भदोही में अरबों रुपये के निर्यात ऑर्डर निरस्त होने से कालीन उद्योग में बेचैनी है। कारपेट एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल (सीईपीसी) के प्रशासनिक समिति सदस्य एवं अखिल भारतीय कालीन निर्माता संघ (एकमा) के मानद सचिव पीयूष बरनवाल ने बताया कि ईरान व इजरायल दोनों भारतीय कालीनों के अच्छे आयातक देशों में माने जाते हैं।

युद्ध उन्माद में उलझे इन देशों में भारतीय कालीन की मांग न के बराबर हो गई है। वहीं अमे. रिका भारतीय कालीनों का प्रमुख आयातक देश है, जहां भारतीय कालीनों के कुल निर्यात का 25 से 30 फीसद अकेले अमेरिका को जाता है। ईरान-इजरायल युद्ध में अमेरिका के कूदने से हालात और बिगड़ने के आसार बन गए हैं। अस्थिरता के कारण अमेरिकी देशों से आने वाले बायर कतरा रहे हैं। जिसका भारी भरकम खामियाजा कालीन उद्योग जगत को भुगतना पड़ रहा है। पहलगाम की घटना की प्रतिक्रिया में भारत द्वारा चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर के बाद तुर्की के पाकिस्तान को खुले समर्थन से बिगड़े हालातों के बीच दोनों देशों के बीच तनाव बड़ा है। तुर्किए भी भारतीय कालीनों का एक मजबूत कालीन आयातक देश माना जाता है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद तुर्की में भी कालीन निर्यात पर काफी विपरीत असर पड़ा है।

### मणिपुर में पर्यटन उद्योग को भारी नुकसान

**इंफाल।** मणिपुर में कोविड महामारी और उसके बाद मई 2023 की शर्मनाक घटना के बाद राज्य में पर्यटन उद्योग बुरी तरह प्रभावित हुआ है। इस दौरान घरेलू और विदेशी पर्यटकों पर लगाए गए कड़े प्रतिबंधों की वजह से भी उनकी संख्या में भारी कमी दर्ज की गई है। मणिपुर हमेशा से ही विदेशी पर्यटकों के लिए प्रतिबंधित क्षेत्र रहा है, जहां आने के लिए प्रोटेक्टेड एरिया परमिट (पीएपी) की आवश्यकता होती है। इस नियम में कुछ समय के लिए ढील दे दी गई थी, लेकिन इसे फिर से 19 दिसंबर 2024 को विदेशी (संरक्षित क्षेत्र) आदेश 1958 के तहत लागू कर दिया गया।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना
खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी, जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# ईरानी बबली गिरफ्तार, बंटी फरार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** आईजीआई एयरपोर्ट पुलिस ने अमेरिकी नागरिक को सात सौ डॉलर का चूना लगाने वाले एक ईरानी महिला फातिमा अकबरी को साकेत स्थित एक गेस्ट हाउस से गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपी महिला की निशानदेही पर उसकी महिला साथी को भी पकडने की कोशिश की जा रही है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बीते शनिवार को आईजीआई एयरपोर्ट थाने में एलम रॉक कोर्ट, ट्रेसी, यूएसए में रहने वाले बलदेव सिंह ने शिकायत दर्ज करवाई थी।

उन्होंने बताया कि वह मूल रूप से गांव टांडा, जिला होशियारपुर, पंजाब का रहने वाला है और अब वह एक अमेरिकी नागरिक है तथा वर्ष २००१ से संयुक्त राज्य अमेरिका में रह रहा है, जहां वह कार्यरत था। २० जून, २०२५ को वह यूएसए के लिए वापसी की उड़ान में सवार होने के लिए शाम करीब साढे सात बजे आईजीआई एयरपोर्ट पहुंचा। रात करीब पौने ११ बजे प्रस्थान द्वार संख्या ७ के पास एक बस से अपना सामान उतारते समय उसके पास एक बच्चे के साथ दो ईरानी नागरिक आए और बातचीत करने लगे। ईरानी नागरिकों ने बताया कि वे दुबई जा रहे हैं।

उन्होंने पूछा कि आपके पास भारतीय नोट हो तो दिखा दीजिए,बेटे को दिखाना है। उसने पचास रुपये का नोट दिया। फिर दंपत्ति ने पूछा कि क्या उसके पास भी यू. एस. डॉलर हैं और उन्हें दिखाने का अनुरोध किया। उसने अपना साइड बैग निकाला और उन्हें सौ यू.एस. डॉलर के नोट दिखाए। दंपत्ति ने नोट लिए, उन्हें बच्चे को दिखाया और उन्हें वापस करने के लिए कहा। हालांकि, बाद में जांच करने पर,

उसे लगा कि डॉलर को बदल दिया गया है। लौटाए गए बंडल में ऊपर और नीचे यू.एस. मुद्रा होने के बावजूद, वास्तव में बीच में पाँच ५०० भारतीय मुद्रा नोट भरे हुए थे। एसएचओ सुशील गोयल के निर्देशन में एसआई अमित, हेड कांस्टेबल अशोक और महिला कांस्टेबल कविता को आरोपियों को पकडने का जिम्मा सौंपा गया।

एयरपोर्ट के सभी सीसीटीवी कैमरों को खंगालकर आरोपियों की पहचान करने की कोशिश की गई। फुटेज में एक रेनॉल्ट ट्राइबर कार कार दिखाई दी। जिसके मालिक से पूछताछ करने पर पता चला कि कार उसने ईरानी नागरिक को किराये पर दे रखी है।

जांच में एक फोन नंबर मिला। जिसकी सहायता से पुलिस एक साकेत स्थित गेस्ट हाउस में पहुंची,जहां से ईरानी नागरिक फातिमा अकबरी को पकड़ लिया। जबकि उसकी साथी महिला मोजतबा जोल्फागरी भागने में कामयाब रही। दोनों को यूएनएचसीआर से शरणार्थी का दर्जा प्राप्त है।

# उपराज्यपाल की मौजूदगी में 1629.4 किग्रा नशीले पदार्थ नष्ट किए गए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** अंतर्राष्ट्रीय नशा विरोधी दिवसश के अवसर पर, दिल्ली पुलिस ने 'नशा मु भारत पखवाड़ा' (१२ जून से २६ जून, २०२५) के सफल समापन की घोषणा की है।



इसके अंतर्गत मुख्य कार्यक्रम में, दिल्ली पुलिस द्वारा बायोटिक वेस्ट सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड जहांगीर पुरी मेट्रो स्टेशन के पास मुख्य अतिथि दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना की मौजदगी में कुल १६२९.४ किग्रा नशीले पदार्थो नष्ट किए गए जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत ३२७४.५ करोड़ रुपए है। इस मौके पर दिल्ली के विशेष पुलिस आयु (स्पेशल सेल) विवेक गोगिया, संयु आयु (क्राइम) सुरेन्द्र कुमार, अतिरि आयु (क्राइम) मंगेश कश्यप, अतिरि आयु (क्राइम) संजय कुमार सैन एवं मुझ सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। इसके अपराध शाखा एवं स्पेशल सेल यूनिट्स द्वारा जब्त की गई लगभग १५३७.१ किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ नष्ट किए गए, जिनमें ९६१. ९ किग्रा गांजा,५४२.९ किग्रा कोक. ीन, ६ किग्रा हेरोइन, ३ किग्रा चरस,५.४ किग्रा अफीम और१८ किग्रा अल्प्राजोलम पाउडर शामिल है। इसके अतिरिक्त, रोहिणी व नई दिल्ली जिलों द्वारा जब्त की गई लगभग ९२ किग्रा नशीली दवाइयां भी नष्ट की गईं, जिनमें ८७.५ किग्रा गांजा, २ किग्रा हेरोइन, २.६ किग्रा चरस और कुछ टैबलेट्स, इंजेक्शन आदि शामिल हैं।

## सत्य सदन ऑफिसर्स फ्लैट्स 'अनुपम कॉलोनी' घोषित

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली नगरपालिका परिषद के अध्यक्ष - केशव चंद्र ने डी१ और डी२ ब्लॉक और सत्य सदन ऑफिसर्स फ्लैट्स, चाणक्यपुरी, को ष्अनुपम कॉलोनीष घोषित किया।यह दिल्ली की अपनी तरह की पहली कॉलोनी है जिसमें साइट पर सूखे, गीले और बागवानी कचरे के प्रसंस्करण की सुविधाएं, आरआरआर केंद्र और जरूरतमंद व्यक्तियों के लिए श्नेकी की दीवारश है जिसका उद्देश्य स्वच्छता स्थिरता के लिए श्एक साथ स्वच्छ और हरित कल के लिएश है। नई दिल्ली के चाणक्यपुरी में मधु लिमये मार्ग और सत्य मार्ग के टी-पॉइंट पर एक सामान्य समारोह में 'अनुपम कॉलोनी' की घोषणा की गई।

## एक नजर

### छात्रों को एडमिशन दिलाने में मदद करेगा 'आप' छात्र संगठन एसैप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के छात्र संगठन एसैप ने छात्रों को दिल्ली यूनिवर्सिटी में एडमिशन दिलाने में मदद के लिए डीयू के ऑर्ट्स फैकल्टी के बाहर एक एडमिशन हेल्प डेस्क लगाया है, जहां छात्रों को उनकी हर समस्या का समाधान कराया जाएगा। इसके अलावा, दिल्ली से बाहर के राज्यों से आकर डीयू के कॉलेजों में एडमिशन लेने वाले छात्रों को भी अपनी आशंकाओं-सवालों के जवाब के लिए कहीं भटकने की जरूरत नहीं है। इनके लिए एसैप ने जोन वार हेल्पलाइन नंबर जारी किया है। इन नंबरों पर कॉल कर छात्र अपने सवालों के जवाब पा सकते हैं। गुरुवार को ''आप'' मुख्यालय पर प्रेसवार्ता कर एसैप के सदस्य ईशना गुप्ता और दीपक बंसल ने यह जानकारी दी।

ईशना गुप्ता ने कहा कि "आप" के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने एसैप को लॉन्च कर देश के छात्रों को एक नया विजन दिया है। एसैप के कर्मठ सदस्य २४ घंटे छात्रों के साथ खड़े हैं। वहीं, एसैप सदस्य दीपक बंसल ने कहा कि एसैप २४ घंटे दिल्ली विश्वविद्यालय में छात्रों की समस्याओं को उठाने के लिए काम कर रही है। संगठन के वॉलंटियर्स सक्रिय हैं। । एसैप का मानना है कि सरकारी विश्वविद्यालयों में शिक्षा निशुल्क होनी चाहिए, जैसा कि "आप" के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली के स्कूलों में इंफ्रास्ट्रक्चर, पानी, स्विमिंग पूल और खेल परिसर की व्यवस्था करके दिखाया। एसैप ने कहा कि यदि डीयू प्रशासन उनकी मांगों को पूरा नहीं करता, तो वे जल्द ही डीयू के कुलपति को ज्ञापन सौंपेंगे और प्रदर्शन करेंगे।

### स्वास्थ्य चिकित्सा कैंप व भंडारे का आयोजन किया

**नई दिल्ली।** माता वैष्णोदेवी स्थित कटरा में बहुप्रचारित महामाई सेवा न्यास के प्रमुख, लाजपतराय मार्किट के पूर्व अध्यक्ष, व्यापारी नेता व प्रबुद्ध व्यवसायी स्व.श्री रमेश बजाज को उनकी प्रथम पुण्यतिथि पर याद किया गया। अपने मधुर संबंधों और प्रत्येक व्यक्ति के सुख-दुख के सहभागी श्री बजाज की स्मृति में लाजपतराय मार्किट में धर्मशिला अस्पताल के वरिष्ठ डाक्टरों के पैनल द्वारा करीब ४६७ लोगों के स्वास्थ्य की नि:शुल्क जांच की गई। मौके पर ही कमजोर आंखों वाले मरीजों को चश्मे वितरित किए गए।स्व.श्री रमेश बजाज माता के अनन्य भक्तों में से एक थे, इसलिए उनकी स्मृति में देवी माता का भोग लगाकर प्रसाद वितरित व भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सुदर्शन बजाज,दीपक, दिनेश, आर्यन बजाज, जगबीर सिंह बीरा,भारत भूषण,श्रीमोहन चोपड़ा सहित उनके पारिवारिक सदस्य व न्यास के सहयोगी उपस्थित थे।

### रश्मिका मंदाना ने दमदार लुक में किया फैंस को सरप्राइज

**नई दिल्ली।** रश्मिका मंदाना ने गुरुवार सुबह फैंस को बड़ा सरप्राइज दे दिया! इस वक्त की बॉक्स ऑफिस क्वीन ने अपनी अगली फिल्म की अनाउंसमेंट कर दी है, जिसमें वो एक दमदार और अब तक कभी न देखे गए अवतार में नजर आने वाली हैं! पोस्टर में रश्मिका मंदाना एक दमदार और निडर अवतार में नजर आ रही हैं, हाथ में भाला लिए हुए। अपने इस पहले लुक को शेयर करते हुए उन्होंने लिखा, "आप सबको आखिरकार दिखा पा रही हूं कि हम किस पर इतनी मेहनत कर रहे थे! ये रश्मिका आपने पहले कभी नहीं देखी होगी और मैं बेहद एक्साइटेड हूं । इस प्रोजेक्ट को 'अनफॉर्मूला फिल्म्स' नाम के प्रोडक्शन हाउस का साथ मिला है। ऐसे में, अब सबकी नजरें शुक्रवार पर टिकी हैं और फैंस को जानने की बेसब्री है कि आखिर रश्मिका के इस धमाकेदार अवतार में क्या खास होने वाला है।

### रणनीतिक साझेदारी से विस्तार को मिलेगा बल

**नई दिल्ली।** एनलाइट मेटल्स ने स्टील वितरण मंच एसजी मार्ट के साथ रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की। यह साझेदारी कंपनी को महाराष्ट्र, कर्नाटक, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ जैसे महत्वपूर्ण बाजारों में विस्तार करने में मदद करेगी, साथ ही एचआर शीट्स, एचआर कॉयल्स, एपीएल अपोलो टीएमटी बार्स और एसजी प्रीमियम पाइप्स जैसे आवश्यक स्टील उत्पादों की पहुंच को देशभर में सुलभ बनाएगी। एनलाइट मेटल्स अब तक पुणे, मुंबई, रायपुर, हैदराबाद और आस-पास के क्षेत्रों में मजबूत उपस्थिति दर्ज कर चुकी है। यह साझेदारी कंपनी की स्थिति को एक अग्रणी मेटल एग्रीगेटर के रूप में और मजबूत करेगी।

### अपहरण कर पैसे ऐंठने का किया प्रयास, पांच धरे

**नई दिल्ली।** दिल्ली के दक्षिण पश्चिमी जिला पुलिस के किशनगढ़ थाने के स्टाफ ने पांच अपहरणकर्ता को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से अपराध में प्रयुक्त कार बरामद की है। आरोपियों ने दिल्ली पुलिस अधिकारी के रूप में पेश होकर उनसे पैसे ऐंठने का प्रयास किया था। दिल्ली के दक्षिण पश्चिमी जिला पुलिस उपायुक्त अमित गोयल ने बताया कि १६.जून को, शिकायतकर्ता से किशनगढ़ थाने में एक शिकायत प्राप्त हुई, जिसमें शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि १५ जून की मध्य रात्रि को लगभग ०१:२० बजे से ०१:४० बजे के बीच उसे , फक्कर वाला पार्क, मुनिरका के पास से चार व्यक्तियों द्वारा अपहरण कर लिया और कथित व्यक्तियों द्वारा दिल्ली पुलिस के अधिकारी के रूप में पेश होकर उनसे पैसे ऐंठने का प्रयास किया गया था। इस दौरान शिकायतकर्ता किसी तरह भागने में सफल रहा और उसने घटना की सूचना दी।प्रारंभिक जांच करने के बाद किशनगढ़ थाने में मामला दर्ज कर एसीपी सफदरजंग एन्क्लेव रणवीर सिंह की देखरेख में एसएचओ किशनगढ़ राजीव कुमार के नेतृत्व में टीम ने जांच शुरू की। जांच के दौरान टीम ने आस-पास के क्षेत्र में लगे कई सीसीटीवी फुटेज की समीक्षा करने के बाद, कथित अपहरण में शामिल कथित कार की पहचान की गई।, उपरोक्त कथित वाहन का स्वामित्व परवेश (२५) के नाम पर पंजीकृत पाया गया।मामले में पूछताछ के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस पूछताछ के दौरान, उसने अपराध में अपनी संलिप्तता स्वीकार की और बताया कि अपने 4 दोस्तों के साथ मिलकर उपर्युक्त अपराध को अंजाम दिया था।



डीडीसीए के अध्यक्ष रोहन जेटली, पूर्व वित्त मंत्री भारत सरकार स्वर्गीय अरूण जेटली की धर्मपत्नी संगीता जेटली 'डॉली', उनकी बहु मेहरुन्निसा जेटली व बेटी सोनाली जेटली परिवार सहित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिले और आपनी पुरानी यादें साझा की।

# जल संकट नहीं, जन समाधान बनें: विधानसभा अध्यक्ष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधान सभा के अध्यक्ष श विजेंद्र गुप्ता ने राजधानी के जल भविष्य की सुरक्षा को लेकर त्वरित, बहु-स्तरीय संस्थागत कार्रवाई की आवश्यकता पर बल दिया। वे 'जल और प्रकृति' विषय पर आयोजित एक संगोष्ठी को संबोधित कर रहे थे, जिसे 'संपूर्णा' संस्था द्वारा उसके ४०-दिवसीय जनजागरूकता अभियान के ३० दिन पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित किया गया था। गुप्ता ने कहा कि दिल्ली सरकार के पर्यावरण विभाग के अंतर्गत स्थापित वेटलैंड प्राधिकरण की कार्यप्रणाली और प्रभावशीलता की समीक्षा की जाएगी। यदि आवश्यकता महसूस हुई, तो इस विषय को विधान सभा के पटल पर लाकर संरचित बहस की जाएगी, ताकि नीतिगत कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

जल शिक्षा के महत्व को रेखांकित करते हुए गुप्ता ने उत्तर चीन जल संसाधन एवं विद्युत शक्ति विश्वविद्यालय( नॉर्थ चाइना यूनिवर्सिटी ऑफ वॉटर रिसोर्सेस एंड इलेक्ट्रिक पावर) का उदाहरण प्रस्तुत किया और भारत में भी जल प्रबंधन के क्षेत्र में अकादमिक संस्थानों की भूमिका को मजबूत करने की आवश्यकता बताई। अध्यक्ष ने कहा कि हमें तालाबों और जलाशयों को फिर से जीवित करने की जरूरत है। इसके लिए हमें पुराने पारंपरिक तरीकों और नई तकनीकों को साथ मिलाकर काम करना होगा। उन्होंने यह भी कहा कि बारिश के पानी को ज्यादा से ज्यादा इकट्ठा करने की कोशिश करनी चाहिए। "मानसून के समय जो जलभराव होता है, उसे हम भूजल बढ़ाने के एक मौके की तरह इस्तेमाल कर सकते हैं। हमें बारिश के पानी को समस्या नहीं, जीवन देने वाला जल मानना चाहिए।"

# यमुना बचाओ हस्ताक्षर अभियान 29 जून से

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** यमुना बचाओ यात्रा के प्रमुख एवं प्रीतम धाम दशमेशघाट चौरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक बाबा हरिदास जी महाराज के नेतृत्व में रविवार २९ जून २०२५ को प्रीतम धाम यमुना के तट ठोकर नंबर १४ के सामने सी.एन.जी. पेट्रोल पंप के सामने, नियर शमशान घाट गीता कॉलोनी से यमुना बचाओ हस्ताक्षर अभियान का आरंभ किया जा रहा है।



यह अभियान दिल्ली के यमुना नदी को बचाव करने के लिए चलाए जा रहा है यमुना नदी की स्थिति ठीक नहीं होने के कारण यात्रा के प्रमुख बाबा हरिदास जी महाराज ने माना कि जब तक समाज और सरकार से यमुना नदी पर जन संवाद नहीं किया जाता तब तक यमुना को बचाना मुश्किल है । कार्यक्रम की शुरूआत माँ यमुना प्रार्थना सभा से होगी तथा वहीं इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्य मंत्री डॉ.हर्ष मल्होत्रा , कृष्णा नगर विधान सभा क्षेत्र से विधायक अनिल गोयल, निगम पार्षद राजू सचदेवा, संदीप कपूर और नीमा भगत ट्रस्ट के महामंत्री डॉ.आर पी सिंह, कथावाचक गौरव दुबे सलाहकार गजराज जी महाराज, राजकुमार ढीगिया अरुणा शर्मा, दिनेश मैनी इत्यादि लोग प्रमुख रूप से यमुना बचाओ हस्ताक्षर अभियान में पहुंच कर कार्यक्रम की शुरुआत करेंगे।यह अभियान २९ जून २०२५ से २० फरवरी २०२८ तक संपूर्ण दिल्ली में चलाया जाएगा। यह अभियान सप्ताह में एक दिन प्रत्येक रविवार को चलाया जाएगा जिससे अभियान के सामाजिक कार्यकर्ता दिल्ली के जनता से संवाद करेंगे कि यमुना को स्वच्छ रखने के लिए दिल्ली के जनमानस यमुना नदी में पूजा पाठ अवशेष सामग्री, धार्मिक कूड़ा-कचरा, पॉलीथीन और गंदगी यमुना में नहीं फेकें। अभियान के बीच-बीच में यमुना बचाओ अभियान के प्रमुख बाबा हरिदास जी महाराज दिल्ली सरकार और भारत सरकार से यमुना से संबंधित विभाग और मंत्रालय के अधिकारियों से मिलते रहेंगे।

# तेज गति से स्कूटी चलाने को लेकर हुए विवाद में चाकू घोंपकर हत्या, दो गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने नृशंस हत्या मामले में वांछित दो आरो. पियों को गिरफ्तार किया है। इस मामले ये पांच लोगों ने पीड़ित की चाकू घोंपकर हत्या कर दी थी।

दिल्ली पुलिस अपराध शाखा पुलिस उपायुक्त ने बताया कि १७ जून को शाम लगभग ६:३०-७:०० बजे बॉबी सिंह उर्फ पीयूष (१८) को उसके दोस्तों ने अस्पताल में भर्ती कराया और डॉक्टरों ने इलाज के दौरान उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के ऊपरी जांघों के पास और शरीर के अन्य हिस्सों पर चाकू के वार के निशान थे। इसके बाद जहांगीर पुरी थाने के तहत मामला दर्ज कर जांच की गई थी। जांच में पता चला कि पड़ोसी किशन, सन्नाटा उर्फ यशु, सुरेश कुमार उर्फ अप्पू, कुलदीप उर्फ तन्नू और विशाल का मृतक के साथ विवाद था और विशाल ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर कुलदीप उर्फ घ्तन्नू सहित लड़के की बेरहमी से पिटाई की और उसे चाकू घोंपकर मार डाला। इसके बाद अपराध शाखा,को उपरोक्त हत्या के सभी आरोपियों को गिरफ्तार करने का काम सौंपा गया था। इसके बाद एसीपी नरेंद्र बेनीवाल की देखरेख में इंस्पेक्टर संदीप स्वामी के नेतृत्व में टीम ने तकनीकी इनपुट और जमीनी खुफिया जानकारी का विश्लेषण करने के बाद मुरादाबाद में छापेमारी कर आरोपी कुलदीप उर्फ तन्नू और विशाल को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ में उन्होंने हत्या के उपरोक्त मामले में अपनी संलिप्तता कबूल की और बताया कि उनका अपने तीन साथियों के साथ मृतक बॉबी सिंह उर्फ पीयूष के साथ संकरी गलियों में तेज गति से स्कूटी चलाने को लेकर विवाद हुआ था।

# नशा मुक्ति दिवस की पूर्व संध्या पर परिचर्चा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** युवाओं में बढ़ती जा रही नशे की लत ने समाज के बुद्धिजीवी वर्ग को चिंता में डाल दिया है। नशा मुक्ति दिवस की पूर्व संध्या पर आयोजित एक परिचर्चा में दिल्ली पुलिस के विशेष आयुक्त सागर प्रीत हुड्डा ने कहा कि युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए जन जागरण अभियान चलाना होगा। हुड्डा ने सभी प्रबुद्ध नागरिकों से आगे आकर इस अभियान में शामिल होने की अपील की। कार्यक्रम का आयोजन हरियाणा प्रोफेशनल फोरम ने पीतमपुरा क्लब में किया था। जिसमें रोहिणी जिला अदालत के अध्यक्ष राजीव तेहलान, अधिवक्ता प्रदीप खत्री, संदीप गर्ग, समाजसेवी अतुल सिंघल, राजेंद्र गुप्ता सहित कई लोगों ने इस समस्या से निपटने के लिए अपने अपने




सुझाव प्रस्तुत किए। अतुल सिंघल ने कहा कि युवाओं पर प्रतिबंध लगाने से समस्या का समाधान नहीं होगा। उन्हें केवल प्यार से समझा कर और रोजगार के अवसर देकर नशे जैसी बुराइयों से दूर किया जा सकता है। राजीव तेहलान और प्रदीप खत्री ने कहा कि वकील इस मुहिम में अहम भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने कहा कि शराब पीकर गाड़ी चलाने वाले आरोपियों का साथ हम लोगों को नहीं देना चाहिए। जबकि संदीप गर्ग ने सुझाव दिया कि दिल्ली पुलिस को काले शीशे वाली गाड़ियों का लगातार चालान करना चाहिए क्योंकि ऐसी गाड़ियो के चालकों में अपराध करने की प्रवृत्ति पर रोक लग सकेगी।

## दाऊद गैंग का सदस्य गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने बेगमपुर, मे हुई हत्या और हथियारबंद डकैती के मामले में वांछित को गिरफ्तार किया है। आरोपी कुख्यात विक्की टक्कर उर्फ दाऊद गैंग का सदस्य है। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया था। बाद में, २०२४ में, उसे न्कोर्ट द्वारा १० दिनों के लिए अंतरिम जमानत दी गई थी। जमानत पर बाहर आने के बाद, वह जमानत तोड़कर फरार हो गया। इसके बाद, उसे कोर्ट द्वारा पीओ घोषित किया गया था। दिल्ली पुलिस अपराध शाखा पुलिस उपायुक्त हर्ष इंदौरा ने बताया कि एक शिकायतकर्ता ने बताया कि ०९ दिसंबर १९ को रात्रि १० बजे कुछ लड़कों ने परिवार के सदस्यों से धमकी देकर अलमारी की चाबी ली।

## द डिप्लोमेट सोनी मैक्स पर 29 जून को

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** सोनी मैक्स दर्शकों के लिए एक जबरदस्त थ्रिलर लेकर आ रहा है- 'द डिप्लोमेट', जिसका प्रीमियर होगा रविवार २९ जून २०२५ को दोपहर १ बजे, सिर्फ सोनी मैक्स पर। यह हाई-ऑक्टेन एक्शन थ्रिलर एक सच्ची घटना पर आधारित है और इसमें जॉन अब्राहम ने एक भारतीय राजनयिक जे. पी. सिंह की भूमिका निभाई है, जो पाकिस्तान में तैनात हैं। यह फिल्म उजमा अहमद के मामले पर आधारित है-एक भारतीय महिला जो दावा करती है कि उसे जबरन शादी में फंसाया गया और बाद में वह महिला भारतीय दूतावास में शरण लेती है। फिल्म की शुरुआत खूबसूरत लेकिन संघर्षग्रस्त खैबर पख्तूनख्वा की वादियों से होती है, जहां कई महिलाएं अपहरण और अत्याचार का शिकार होती हैं। उन्हीं में से एक है भारत की उजमा, जिसे धोखे से शादी के जाल में फंसाया जाता है और फिर वह कैद, हिंसा और डर की दुनिया में फंस जाती है। फिल्म में जे. पी. सिंह की कोशिशों को दिखाया गया है, जो अंतरराष्ट्रीय कूटनीति की जटिलताओं के बीच उजमा को सुरक्षित भारत लाने के मिशन पर निकलते हैं, जहाँ उन्हें नैतिक दुविधाओं और पाकिस्तानी अधिकारियों के संदेह का सामना करना पड़ता है।

# हर नागरिक को मिलेगा समान अधिकार: मंत्री प्रवेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली जल मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने बलीमारान विधानसभा क्षेत्र के नबी करीम इलाके का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने स्थानीय नागरिकों से मुलाकात की और क्षेत्र की जल निकासी और जल आपूर्ति जैसी बुनियादी सुविधाओं की स्थिति का निरीक्षण किया।

मंत्री ने वर्षों से उपेक्षित नागरिक समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए त्वरित समाधान और सभी वर्गों के लिए निष्पक्ष विकास का भरोसा दिलाया।

निरीक्षण के बाद प्रवेश साहिब सिंह ने कहा कि रामनगर, बगिची रघुनाथ और भड़भूजे वाली गली जैसे इलाकों में वर्षों तक अनेक परिवारों को मूलभूत सुविधाओं से वंचित रखा गया । हमारी सरकार में हर नागरिक को-चाहे उसका धर्म, जाति या पृष्ठभूमि कुछ भी हो ख्र समान अधिकार और सुविधाएं मिलेंगी। उन्होंने आगे कहा कि अल्पसंख्यक बहुल क्षेत्रों में वोटबैंक की राजनीति के कारण बुनियादी सेवाओं जैसे पानी की पाइपलाइन और सीवरेज जैसी सुविधाओं को प्राथमिकता नहीं दी गई, जो कि एक गहरी सामाजिक अन्याय की तस्वीर है।

प्रवेश साहिब सिंह ने कहा कि पिछली सरकार के कार्यकाल में क्षेत्र में बड़ी संख्या में अवैध जल कनेक्शन दिए गए, जो नियमों को ताक पर रखकर किए गए थे।मैंने संबंधित सभी फाइलें तलब की हैं। हर मामले की निष्पक्ष जांच होगी।

यदि कोई कनेक्शन जायज है तो उसे नियमित किया जाएगा, और यदि अनुचित पाया गया तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी। हमारा उद्देश्य है पारदर्शी और न्यायसंगत सेवा वितरण सुनिश्चित करना।" मंत्री ने यह भी घोषणा की कि भड़भूजे वाली गली जैसे तंग रिहायशी इलाकों में सीवर लाइन को अपग्रेड करने का कार्य तुरंत शुरू किया जाएगा।

इन गलियों में खुले नाले स्वास्थ्य और स्वच्छता के लिए वर्षों से बड़ी चुनौती बने हुए हैं। उन्होंने कहा कि देश की राजधानी में कोई नागरिक गंदे नालों और ओवरफ्लो होती सीवरेज के बीच जीने को मजबूर न हो यह सिर्फ इंफ्रास्ट्रक्चर का मामला नहीं, बल्कि सम्मान और गरिमा का प्रश्न है," भाजपा सरकार की नीति को दोहराते हुए मंत्री ने कहा कि अब तुष्टीकरण की राजनीति और चुनिंदा सेवा वितरण का युग समाप्त हो चुका है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि नबी करीम और आसपास के इलाकों में सभी विकास कार्य पारदर्शिता, जवाबदेही और जन-सहभागिता के साथ पूरे किए जाएंगे।


शाह टाइम्स


स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्स: 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

भारत माँ के चार सिपाही
हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई
देश को मज़बूत बनाना है तो
भाईचारा मज़बूत बनाएं





फैसल कुरैशी

भाई मेहरबान
अध्यक्ष: भाईचारा समिति
दिल्लीप्रदेश 9810024415

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 'पहल' पोर्टल का विधिवत किया शुभारम्भ

# गाजियाबाद विकास प्राधिकरण का डिजिटल परिवर्तन की दिशा में एक सशक्त कदम 'पहल'

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कर कमलो द्वारा ब्रहस्पतिवार को गाजियाबाद के इंदिरापुरम मे स्थित कैलाश मानसरोवर भवन में आगमन पर गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के 'पहल' (पब्लिक एक्सेस फॉर हाउसिंग एंड प्रोपर्टी एलॉटमेंट लॉगिन) पोर्टल का विधिवत शुभारम्भ किया गया। इस दौरान मौके पर उपस्थित तमाम माननीय जनप्रतिनिधियों व जिले के अधिकारियों के बीच प्राधिकरण के पहल पोर्टल की प्रसंशा की गई।

इस दौरान गाजियाबाद विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष अतुल वत्स के द्वारा मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि डिजिटल क्षेत्र की दुनिया में पहल पोर्टल विकास के नए-नए आयाम स्थापित कर रहा है। पब्लिक एक्सेस फॉर हाउसिंग एंड प्रापर्टी अलाटमेंट लॉगिन प्राधिकरण के द्वारा हाल ही में नागरिकों के हितों को ध्यान में रखते हुए शुरुआत किया गया जिसके आरंभ होने के बाद 1 लाख 40 हजार से अधिक आवंटियों के लिए एक नई सुविधा उपलब्ध है, जो एक सिंगल विंडों सिस्टम की तरह डिजिटल है, जो तेज एवं पारदर्शी और पूरी तरह से डिजिटल है।

अब संपत्ति का भुगतान हो, लेजर रिपोर्ट देखनी हो या किस्तों का पुनर्निधारण हो,सब कुछ संभव है, वह भी बस एक क्लिक पर। इस दौरान माननीय मुख्यमंत्री को ये भी अवगत कराया गया कि इस पोर्टल के माध्यम से देश के विभिन्न हिस्सों से आवंटियों के द्वारा अपने निकटत्तम बैंक शाखाओं के माध्यम से किस्तों के रूप में अब तक 161.22 करोड राशि का भुगतान किया जा चुका है।

इसके साथ - साथ नाम आदि में संशोधन से जुड़े 97 प्रकरणों में आवेदन किया गया। इनमें से 83 प्रकरणों में प्राधिकरण



स्तर से मंजूरी दी जा चुकी है। इस दौरान साहिबाबाद विधायक एवं प्रदेश सरकार में मंत्री सुनील शर्मा, प्रदेश सरकार में मंत्री नरेंद्र कुमार कश्यप, जिले के प्रभारी मंत्री असीम अरुण एवं स्थानीय सांसद अतुल गर्ग, महापौर माननीय श्रीमती सुनीता दयाल, शहर विधायक माननीय 0संजीव शर्मा आदि उपस्थित रहे।

**क्या है पोर्टल में खास:-**

- आवंटन पत्र और अदेयता प्रमाण पत्र भी आप स्वयं डाउनलोड कर सकते हैं। क्यूआर कोड के जरिए ऑनलाइन सत्यापन की सुविधा के साथ।
- करेक्शन प्रिविलेज: अब आप खुद कर सकते हैं अपने रिकॉर्ड में सुधार।
- किस्तों के सम भुगतान के लिए स्मार्ट डिजिटल चालान सुविधा।
- रजिस्ट्री के लिए ऑनलाइन स्लॉट बुक करने हेतु आप अपनी सुविधा अनुसार समय तारीख स्वयं निश्चित कर सकते हैं।
- बैंक से लोन के लिए बन्धक अनुमति पत्र तथा सम्पत्तियों के नामांतरण (उनजं. जपवद) अब सब कुछ ऑनलाईन।
- महीनों तक लम्बित रहने वाले सम्पत्ति विषयक प्रकरण अब चन्द दिनों में निस्तारित।
- समय पर किस्त की जानक. ारी और डिफॉल्ट पर रिमाइंडर अब हर आवंटी तक पहुंचेगा सही समय पर अलर्ट।
- रियल टाइम अकाउंट अपडेट के साथ भुगतान का रिकॉर्ड सीधे लेखा अनुभाग में बिना किसी देरी और मानवीय हस्तक्षेप के।
- प्राधिकरण के इतिहास में प्रथम बार बैंकिंग प्रक्रिया के अनुरूप किस्तों के पुर्ननिर्धारण की सुविधा प्रदान की जाएगी।

**पहल की आवश्यकता क्यों:-**

प्राधिकरण में पूर्व से प्रचलित सम्पत्ति प्रबन्धन व्यवस्था के अन्तर्गत आवंटियों को आवंटन पत्र भुगतान विवरण पत्र, बन्धक अनुमति पत्र, लेखा गणना की जांच की कार्यवाही उंदनंससल की जा रही है, जिसके कारण आवंटियों को जो सुविधाएँ त्वरित प्रदान होनी चाहिए, उनकी पूर्ति करने में अत्यन्त समय लगता था।

वर्तमान में आवंटी द्वारा आवेदन करने पर कम से कम 60 दिनों में मांग पत्र निर्गत किया जाता है, जिसके बाद उक्त धनरा. शि जमा करने पर उसकी रसीद सत्यापन हेतु प्राधिकरण में जमा करानी पडती है, जिसे लेखानुभाग से सत्यापन कराकर पत्रावली पर स्वीकृति हेतु परिच. ालित की जाती है।

इन कार्यों के निष्पादन में प्राधिकरण के लिपिकों का पत्रावलियों के परिचालन में काफी समय लग जाता है तथा समस्त कार्यवाही उंदनंससल किये जाने के कारण त्रुटियों की सम्भावना भी अधिक रहती है। आवंटियो द्वारा उपरोक्त कार्यों हेतु प्राधिकरण के चक्कर लगाने पडते है तथा कई पटलों पर पत्रावलियों लंबित रहती है जिससे जनसामान्य को अत्यधिक कठिनाईयों का सामना करना पडता है, परन्तु 'पहल' पोर्टल के माध्यम से इन समस्त कठिनाई का समाधान करते हुए डिजिटल माध्यम से घर बैठे जनसामान्य को सभी सुविधाएं सुविधाये प्रदान की जा सकती है।

यह डिजिटल पहल जनसामान्य के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगी, जिससे उन्हे कार्यालय के अनावस्यक चक्कर लगाने से मुक्ति मिलेगी और सभी प्रक्रियाएं पारदर्शी, सरल एवं समयबद्ध होंगी। यह PAHAL उपाध्यक्ष, जीडीए के कुशल नेतृत्व व दूरदर्शी सोच का परिणाम है।

## राष्ट्रीय लोकदल ने किया बैठक का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुरादनगर।** राष्ट्रीय लोकदल के द्वारा बैठक का आयोजन नवनियुक्त जिला सचिव रईस कुरैशी द्वारा जुनैद सभासद की बैठक पर सदस्यता अभियान के रूप में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अहसान गुल ने की व संचालन हाजी तोहीद ने किया इस अवसर पर जिला अध्यक्ष रामपाल चौधरी व प्रदेश अध्यक्ष सहकारिता प्रकोष्ठ चेयरमैन अमरजीत सिंह बिडडी ने कहा रालोद दबे, कुचले, गरीब, मजदूर और किसानों की पार्टी है रालोद में किसी जाति पातिश का कोई भेदभाव नहीं है ज्यादा से ज्यादा राष्ट्रीय लोकदल के सदस्य बनकर पार्टी को आगे बढ़ाने का काम करें सभी ने अपने-अपने विचार रखे और पार्टी को आगे बढ़ाने की बात की।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष रामपाल चौधरी, प्रदेश अध्यक्ष सहकारिता चेयरमैन अमरजीत सिंह बिड्डी, क्षेत्रीय महासचिव अरुण चौधरी भुल्लनश जुनैद सभासद, ओमेंद्र सिंह, सलीम नेताजी, सिरा. जुद्दीन, इमरान, रहीस कुरेशी, हाजी इकबाल, नसीरुद्दीन कुरैशी, नवाब कुरैशी, नफीस अहमद कुरेशी, सलीम कुरैशी, इमरान कुरेशी, शाहबाज कुरैशी, अजहर, इमरान यूनुस, आशीष आदि लोग उपस्थित रहे।

## दबंगों ने युवती पर किया बर्बर हमला, चार बहनों को भी पीटा

**गाजियाबाद।** थाना टिला मोड़ क्षेत्र अंतर्गत चौकी सिकंदरपुर के गांव पसोड़ा स्थित प्रेम गार्डन कॉलोनी में एक बेहद शर्मनाक और निंदनीय घटना सामने आई है। स्थानीय लोगों में रोष व्याप्त है क्योंकि एक युवती पर कुछ दबंगों द्वारा न केवल हमला किया गया, बल्कि उसके साथ बर्बरता की सारी हदें पार कर दी गईं। इस घटना ने न सिर्फ इलाके की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं, बल्कि पुलिस की भूमिका पर भी गंभीर आरोप लगाए जा रहे हैं। घटना के संबंध में पीड़िता के परिजनों का कहना है कि सोनम नाम की युवती पर दबंगों ने जानलेवा हमला किया, जिसमें उसके निजी अंगों को भी निशाना बनाया गया। यही नहीं, हमलावरों ने युवती के घर में घुसकर उसकी चार बहनों को भी बुरी तरह पीटा। इस क्रूर हमले के तुरंत बाद पीड़िता परिवार ने चौकी सिकंदरपुर में शिकायत दी, लेकिन इसके बावजूद टिला मोड़ थाना पुलिस ने न तो मेडिकल जांच कराई और न ही एफआईआर दर्ज की। परिजनों का आरोप है कि पुलिस आरोपियों के पक्ष में काम कर रही है और उन्हें बचाने की कोशिश कर रही है। अब पीड़िता और उसके परिवार ने जिला प्रशासन और महिला आयोग से न्याय की गुहार लगाई है। उनका कहना है कि जब पुलिस ही आरो. पियों को संरक्षण दे रही हो, तो आम नागरिक कैसे सुरक्षित रह सकता है। परिजनों ने मांग की है कि मामले में उच्चस्तरीय जांच हो, पीड़िता का तुरंत मेडिकल कराया जाए, एफआईआर दर्ज की जाए और हमलावरों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर सख्त सजा दी जाए।

## सपाइयों ने मनाई छत्रपति शाहूजी महाराज की जयंती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** समाजवादी पार्टी कार्यालय पर राजश्री छत्रपति साहूजी महाराज जी की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर छत्रपति शाहूजी महाराज जी के चित्र पर सभी पदाधिकारियों ने माल्यार्पण किया और पुष्पांजलि अर्पित की। छत्रपति शाहूजी महाराज कोल्हापुर रियासत के शासक थे। इनका शासन काल 1894 से 1922 तक था।




इस अवधि में इन्होंने सामा. जिक न्याय और शिक्षा से जुड़े असाधारण कार्य किया। नौकरी और शिक्षण संस्थानों में आरक्षण की व्यवस्था सर्वप्रथम इन्होंने ही लागू की थी। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष फैसल हुसैन एडवोकेट जिला महासचिव नितिन त्यागी, महानगर महासचिव राजन कश्यप वरिष्ठ सपा नेता रमेश यादव एडवोकेट महानगर अध्यक्ष युवजन सभा विकी सिंह जिला अध्यक्ष बाबा साहब वहिनी संदीप प्रधान सौदान गुर्जर प्रदेश सचिव पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ ताहिर हुसैन राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अल्पसंख्याक सभा चांद हुसैन रोहित माथुर राष्ट्रिय सचिव छात्रा सभा कृष्ण कुमार यादव जिला सचिव नवीन कुमार शर्मा महानगर सचिव महानगर सचिव युवजन सभा मोहम्मद शमशाद गोपाल सिंह पूनम सिंह युवजन सभा महानगर सचिव सुनील जिंदल विकास जाटव गुड्डू चौधरी सोनू गुर्जर रिजवान चौधरी राहुल रावत कार्यालय प्रभारी उपस्थित रहे।

## विकास कार्य कराने के लिए किया आभार प्रकट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**साहिबाबाद।** इंडस्ट्रियल एसोसिएशन ट्रांस हिंडन साहिबाबाद ए-43 साइट 4 साहिबाबाद औद्योगिक क्षेत्र की ओर से उत्तर प्रदेश औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वारा साहिबा. बाद औद्योगिक क्षेत्र मे अभूतपूर्व विकास कराने के लिए समस्त अधिकारियों, अभियंताओं एवं प्रशासन को आभार प्रकट किया गया। UPSIDA की कड़ी मेहनत और विकास कराने का समर्पण, नेतृत्व और लगातार आगे बढ़ने की क्षमता उत्तर प्रदेश को औद्योगिक विकास मॉडल बनाने के लिए प्रेरित करता है।




हम आपके प्रदर्शन से लगातार प्रभावित हैं। जिस तरह से आपने साहिबाबाद औद्योगिक क्षेत्र की सौर ऊर्जा मार्ग पर चौड़ी, चमचमाती सड़कें, सुव्यवस्थित ग्रीन बेल्ट व बागवानी, रात में जगमगाती आधुनिक सजावटी लाइटिंग, सौंदर्यीकरण से निखरता हर मोड़, हर चौराहा का विकास कार्य कराया है वह सराहनीय है। साहिबाबाद औद्योगिक क्षेत्र में विकास कार्यों, रखरखाव करने के लिए पहले वर्ष के परिणाम प्रभावशाली रहे हैं, और हम आपकी निरंतर प्रगति की आशा करते है। विकास कार्यो में सफलता के लिए हमेशा आगे रहने के लिए आपको बहुत शुभकामनाएं।

## 'नशा मुक्त भारत' अभियान के अंतर्गत मादक पदार्थों का सेवन न करने के लिए निकाली जनजागरूकता रैली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** 35 यू पी वाहिनी एन सी सी मोदीनगर के तत्वाधान में,डा के एन मोदी साइंस एंड कॉमर्स कॉलेज मोदीनगर में,एन सी सी महानिदेशालय के आदेशों के अनुक्रम में वाहिनी के कमान अधिकारी कर्नल पी के सिंह एवं कॉलेज प्रधानाचार्य डॉ सतीश चन्द अग्रवाल के निर्देशन मे विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के अवसर पर विद्यालय के एन सी सी अधिकारी प्रवीण जैनर एवं लैफ्टिनेंट राजीव जांगिड़ के नेतृत्व में "नशा मुक्त भारत" अभियान के अंतर्गत मादक पदार्थों का सेवन न करने के उद्देश्य से एक जागरूकता रैली निकाली।



वाहिनी के कमान अधिकारी कर्नल पी के सिंह ने एन सी सी कैडेट्स एवं युवाओं को मादक पदार्थों के सेवन से होने वाली समस्याओं एवं नुकसानों के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि मादक पदार्थों के सेवन से शारीरिक दुर्बलता के साथ साथ अन्य कई प्रकार की विकृतिया उस व्यक्ति के शरीर को क्षीण कर देती है जिसके कारण उसके शरीर की प्रति. रोधक क्षमता कमजोर होकर उसे विनाश की ओर ले जाती है। उन्होंने युवाओं को रचनात्मक एवं सृजनात्मक कार्य कर अच्छे नागरिक बनने हेतु प्रेरित किया। कॉलेज प्रधानाचार्य डॉ सतीश चंद अग्रवाल ने एन सी सी कैडेट्स के माध्यम से जनमानस को मादक पदार्थों का सेवन न करने एवं आमजन को जागरूक करने के लिए प्रेरित किया।

मोदी कॉलेज के एन सी सी अधिकारी प्रवीण जैनर ने बताया कि ड्रग्स एक प्रकार का घातक रसायन होता है जिसे ग्रहण करने से मनुष्य के सभी अंगों पर बुरा प्रभाव पड़ता है ।हमारी नौजवान पीढ़ी मानसिक तनाव एवं सही मार्गदर्शन के अभाव में मुख्य लक्ष्य से भटककर मादक पदार्थों की तरफ आकर्षित हो रही है, जिनमें शराब, बीड़ी, सिगरेट, तंबाकू, खैनी, गुटका, अफीम, चरस, कोकीन, हेरोईन, भांग, गांजा एवं ब्राउन शुगर जैसे जानलेवा ड्रग्स शामिल हैं,जिसे रोकना हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी है।

रैली, विद्यालय से चलकर राष्ट्रीय राजमार्ग पर चलकर बस स्टैंड मोदीनगर, तिबडा रोड़, तरंग रोड, गुरुद्वारा रोड होते हुए विद्यालय पर संपन्न हुई। रैली समाप्ति पर सभी कैडेट्स ने मादक पदार्थों का सेवन न करने का संकल्प लिया। रैली के दौरान एनसीसी कैडेट्स बैनर, पोस्टर, प्लेकार्ड एवं स्लोगन के माध्यम से नशे के सेवन से बचने हेतु आमजन को जागरूक करते नजर आए। इस दौरान कॉलेज प्रधानाचार्य डॉ सतीश चंद अग्रवाल, लै० राजीव जांगिड, सूबेदार मेजर दोज थापा, सूबेदार अफ्तार, सूबेदार सूर्यमान थाले, हवलदार संतोष कुमार, हवलदार पवन कुमार, हवलदार देवेंद्र बिष्ट, एवं एन सी सी कैडेट्स का विशेष सहयोग रहा ।

## एचआरआईटी विश्वविद्यालय परिसर में आईआईटी रोपड़ की अत्याधुनिक लैब का हुआ उद्घाटन

**गाजियाबाद।** एचआरआईटी विश्वविद्यालय परिसर में आईआईटी रोपड़ के अत्याधुनिक साइबर-फिजिकल सिस्टम्स (सीपीएस) लैब का भव्य उद्घाटन हुआ। इस अवसर पर तकनीकी शिक्षा एवं नवाचार के क्षेत्र में एक नए अध्याय की शुरुआत हुई। आईआईटी रोपड़ के निदेशक प्रो. राजीव आहूजा ने अपने उद्घाटन भाषण में संस्थान की शोध और नवाचार की दिशा में प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला। इसके बाद डॉ. पुष्पेन्द्र पी. सिंह, डीन (कॉर्पोरेट, एलुमनाई, प्लेसमेंट एवं स्ट्रैटेजी) ने आईआईटी रोपड़ की एग्रिटेक पहल और सीपीएस लैब की महत्ता को साझा किया। इसके पश्चात सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें विशिष्ट अतिथियों को विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ. अनिल अग्रवाल जी द्वारा स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए। यह आयोजन तकनीकी सहयोग, नवाचार और अकादमिक साझेदारी के क्षेत्र में एक सशक्त पहल के रूप में देखा जा रहा है।

## समाजसेवी केपी गुप्ता को मिली डॉक्टरेट की उपाधि

**गाजियाबाद।** वरिष्ठ समाजसेवी कांती प्रसाद (केपी) गुप्ता को सोक्रेट्स सोशल रिसर्च यूनिवर्सिटी ने डॉक्टरेट की मानद उपाधि से सम्मानित किया है। यह सम्मान उनके अथक सेवा कार्यों और जनहित में दिए गए योगदान के लिए मिला है। केपी गुप्ता केवल नाम के बिल्डर नहीं हैं, उन्होंने जीवनभर समाज की बुनियाद को मजबूत करने वाले कार्य किए हैं। उन्होंने अब तक 18,750 से अधिक गरीबों का नि:शुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन कराकर उनकी आंखों की रोशनी लौटाई है। यह कार्य उन्होंने बिना किसी सरकारी सहायता के, केवल समाज कल्याण की भावना से प्रेरित होकर किया है। केपी गुप्ता का मानना है कि पैसा कमाना सफलता है, लेकिन उसे जरूरतमंदों पर खर्च करना असली सार्थकता है। इसी सोच को लेकर उन्होंने डासना क्षेत्र में लायंस क्लब कविनगर के माध्यम से केपी ग्रुप हॉस्पिटल का निर्माण आरंभ किया है। जहां आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोग आधुनिक चिकित्सा सुविधाएं नि:शुल्क प्राप्त कर सकेंगे।

## अजय राय पहुंचे मिलक रावली, किया दुख व्यक्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने मिल्क रावली मुरादनगर पहुंच कर जो घटना दुखद घटना घटी पुलिस थाने के सामने रवि नौजवान एक साथी को गोली मारकर हत्या कर दी गई। उसके परिजन के साथ उनके घर बैठकर दुख साझा किया और विश्वास दिलाया कि हर सूरत में कांग्रेस पार्टी आपके परिवार के साथ मजबूती से खड़ी है। अजय राय जी ने कहा कि इकबाल खोती हुई उत्तर प्रदेश की योगी सरकार इस प्रदेश की व्यवस्थाएं वहां पर यह घटनाएं घटित होनी उन सब का परिणाम है, पुलिस आम जनता के उत्पीड़न पर लगी हुई है।



उन्हें कोई सुरक्षा या कानून की व्यवस्थाओं को संभालने में नाकाम निरंतर साबित हो रही है यह परिणाम है आसपास की होती हुई रोज की अपराधी घटनाओं में और जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सतीश शर्मा जी महानगर कांग्रेस कमेटी वीर सिंह जाटव जी, पूर्व मंत्री सतीश शर्मा, सुशांत गोयल पूर्व विधानसभा प्रत्याशी एआईसीसी सदस्य संजीव शर्मा एआईसीसी समस्त कांग्रेस के सभी गाजियाबाद जिले के और अन्य जिलों के सब साथी परिजनों से मिले और उनका ढांडस बनाया संबल दिया कि परिवार अपको आसाहे महसूस ना करें क्योंकि परिजन बहुत आज भी असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। शोकाकुल परिवार आज भी भविष्य के लोगों को लेकर चिंतित है परंतु अजय राय जी ने ठोस कदम उठाते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री आज उत्तर प्रदेश के लिए डीजीपी भी नियुक्त नहीं कर पा रहे हैं कार्यवाहक डीजीपी से कार्य चलाना पड़ रहा है मुख्यमंत्री और डीजीपी भी बात करने की बात कही उत्तर प्रदेश में जंगल राज कायम हो चुका है नौजवान महिलाएं बच्चे बड़े बुजुर्ग सभी लूटपाट वारदातों में जगह-जगह ठोकर खा रहे हैं और पुलिस प्रशासन उनकी किसी प्रकार से कोई मदद करने में नाकाम है इस कार्यक्रम में हजारों की संख्या में कांग्रेस समर्थन में गांव में पहुंचे मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष सतीश शर्मा महानगर अध्यक्ष वीर सिंह जाटव एआईसीसी सदस्य डॉ संजीव शर्मा जी डोली शर्मा जी एआईसीसी सदस्य, तरुण रावत तरुण शर्मा आशुतोष गुप्ता मीडिया प्रभारी अनुज चौधरी कोऑर्डिनेटर अजय मिश्रा जी विनीत त्यागी पूर्व जिला अध्यक्ष मांगेराम त्यागी लोकेश चौधरी नसीम खान तरुण शर्मा आदि हजारों की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## मां काली की आराधना से होता है दुख दूर: नारायण गिरि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** सिद्धपीठ श्री दूधेश्वर नाथ मठ महादेव मंदिर में गुप्त नवरात्रि अनुष्ठान शुरू हुआ। भक्तों ने मां काली की पूजा-अर्चना कर महाराजश्री से मुलाकात कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। पूजा-अर्चना करने के लिए भक्तों की भीड लगी रही। महाराजश्री ने बताया कि जिस प्रकार वर्ष में दो बार नवरात्रि पर्व आते हैं, उसी प्रकार दो बार गुप्त नवरात्रि पर्व भी आते हैं। गुप्त नवरात्रि पर्व में मां की दस महाविद्याओं की पूजा-अर्चना गुप्त रूप से की जाती है, इसी कारण इसे गुप्त नवरात्रि कहा जाता है।



गुप्त नवरात्रि उन साधकों के लिए अधिक महत्वपूर्ण है, जो तंत्र-मंत्र की साधना करते हैं। गुरूवार से आषाढ गुप्त नवरात्रि शुरू हो गए और पहले दिन पहला महाविद्या मां काली की आराधना की गई। श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज ने बताया कि मां ने काली रूप दैत्यों के संहार व अपने भक्तों की रक्षा करने के लिए लिया था। देवी काली का पूजन भक्त की ऊर्जा को जागृत करने का समय होता है। इस समय पर देवी के समक्ष विभिन्न पूजन अनुष्ठान किए जाते हैं। देवी को श्रीफल विशेष रुप से अर्पित किया जाता है। देवी काली की पूजा में भोग स्वरुप शहद का उपयोग विशेष रुप से किया जाता है। बताया कि

**काली मंत्र क्रीं क्रीं क्रीं हूँ हूँ ह्रीं ह्रीं दक्षिणे कालिके क्रीं क्रीं क्रीं हूँ हूँ ह्रीं ह्रीं स्वाहा**

का जाप करने से हर मनोक. ामना पूर्ण होती है। मां काली के चार रूप दक्षिणा काली, शमशान काली, मातृ काली और महाकाली के हैं। माता काली के प्रमुख मंदिरों में दक्षिणेश्वर काली मंदिर, पश्चिम बंगाल, मां गढ़ कालिका उज्जैन मध्य प्रदेश, महाकाली शक्तिपीठए पावागढ़ गुजरात, कालिका मंदिर कांडा मार्केट. कांडा जिला बागेश्वर, उत्तराखंड, भीमाकाली मंदिर शिमला, हिमाचल प्रदेश हैं। इनके अलावा भी कई अन्य मंदिर है।

# 'आप' के सौरभ भारद्वाज व सत्येन्द्र जैन के खिलाफ एसीबी ने दर्ज की एफआईआर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** २०१८-१९ में ५,५९० करोड़ रुपये की लागत से २४ अस्पताल परियोजनाओं - ११ ग्रीनफील्ड और १३ ब्राउनफील्ड को मंजूरी देने के मामले में हुए भ्रष्टाचार में आप पार्टी के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज और सत्येन्द्र जैन, अज्ञात सरकारी अधिकारियों और निजी ठेकेदारों के खिलाफ एंटी क्रप्शन शाखा ने वीरवार को आईपीसी की धारा ४०९, ४२० और १२०-बी के साथ एफआईआर दर्ज की है। ज्ञात हो कि पिछले साल शिकायतकर्ता तत्कालीन विपक्ष के नेता विजेंद्र गुप्ता ने एसीबी में एक लिखित शिकायत देकर कई महत्वपूर्ण परियोजनों में भ्रष्टाचार होने की बात कही थी।

एसीबी अधिकारियों ने बताया कि पिछले साल २२ अगस्त २०२४ को दी शिकायत में जीएनसीटीडी के तहत विभिन्न स्वास्थ्य परियोजनाओं में देरी और भ्रष्टाचार को उजागार किया गया था। शिकायत में पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज और सत्येंद्र जैन का नाम लिया गया था, जिसमें परियोजना बजट में व्यवस्थित हेरफेर, सार्वजनिक धन का दुरुपयोग और निजी ठेकेदारों के साथ मिलीभगत का आरोप लगाया गया। यह भी आरोप लगाया गया कि २०१८-२०१९ में, ५,५९० करोड़ की लागत वाली २४ अस्पताल परियोजनाओं को मंजूरी दी गई थी। लेकिन ये परियोजनाएँ काफी हद तक अधूरी रहीं। इसी तरह,१,१२५ करोड़ की लागत वाली आइसीयू अस्पताल परियोजना, जिसमें

कुल ६ हजार ८ सौ बिस्तरों वाली ७ पूर्व-इंजीनियर्ड सुविधाएँ शामिल हैं, लगभग तीन साल और ८०० करोड़ रुपये खर्च होने के बावजूद काम सिर्फ ५० फीसदी ही पूरा हो सका। शिकायत के सत्यापन से पता चला कि ज्वालापुरी (मेसर्स परनिका कमर्शियल एंड एस्टेट प्राइवेट लिमिटेड द्वारा) और माद. ीपुर (मेसर्स रामासिविल इंडिया कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड द्वारा) के सरकारी अस्पतालों में अनधिकृत अतिरिक्त निर्माण कार्य सक्षम अधिकारियों की स्वीकृति के बिना किया गया। नवंबर २०२२ में मादीपुर अस्पताल परियोजना को पूरा हो जाना था,लेकिन यह अभी भी अधूरा है और पूरा होने से बहुत दूर है। इसके अलावा, यह भी पता चला कि मेसर्स एसएएम इंडिया बिल्डवेल प्राइवेट लिमिटेड को अनुबंधित ७ आईसीयू अस्पतालों की लागत में १०० पर्सेंट से अधिक की वृद्धि देखी गई है, तथा निर्माण कार्य फरवरी २०२२ की समय सीमा से काफी आगे तक अधूरा है। एलएनजेपी अस्पताल में मेसर्स स्वदेशी सिविल इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड को दिए गए नए ब्लॉक की परियोजना लागत चार वर्षों में ४८८ करोड़ से बढकर १,१३५ करोड़ हो गई, तथा जनवरी २०२३ की समय सीमा से आगे भी संरचना अधूरी है। इसके अतिरिक्त, पॉलीक्लिनिक परियोजना ने भी धन के दुरुपयोग का संकेत दिया - ९४ नियोजित क्लीनिकों में से केवल ५२ का निर्माण किया गया, जबकि लागत १६८ करोड़ से बढकर २२० करोड़ हो गई। इनमें से कई पॉलीक्लिनिक अभी भी बंद पड़े हैं। २०१६-१७ में सार्वजनिक घोषणा के बावजूद, स्वास्थ्य सूचना प्रबंधन प्रणाली(एचआईएमएस) स्वास्थ्य विभाग में वित्तीय पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए एक महत्वपूर्ण उपकरण - अभी तक लागू नहीं हुआ है। एनआईसी (ई-हॉस्पिटल) से एक नि:शुल्क, लागत प्रभावी समाधान को बिना किसी औचित्य के जानबूझकर अस्वीकार कर दिया गया।

# कैब चालक की लापरवाही से युवक की मौत, एआई से पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** प्रीत विहार इलाके में एक कैब चालक ने सड़क पार कर रहे ईडीएमसी में ठेके पर कार्यरत सुपरवाइजर को टक्कर मार दी। हादसे में वह बुरी तरह जख्मी हो गया, लेकिन आरोपी चालक अस्पताल ले जाने की जगह कैब में बिठाकर पीड़ित को घुमाता रहा। रास्ते में युवक की मौत हो गई। इस दौरान युवक की मौत होने पर आरोपी उसे गुफा वाले मंदिर के पास फेंककर चला गया। मंदिर के पुजारी ने युवक को देखकर पुलिस को कॉल की। जांच के बाद युवक की पहचान शालीमार गार्डन, गाजियाबाद निवासी रोहन कुमार (२८) के रूप में हुई।

पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज में एआई टूल की मदद से आरोपी कपिल कुमार (३१) की पहचान कर दबोच लिया। कपिल गुरुग्राम की एक कंपनी के लिए कैब चलाता है। पुलिस ने आरोपी के पास से कैब, कार का टूटा हुआ शीशा, रोहन के जूते मिले हैं। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ गंभीर धाराओं में मामला दर्ज कर जेल भेज दिया है। पूर्वी जिला पुलिस उपायुक्त अभिषेक धानिया ने बताया कि सोमवार को गुफा वाले मंदिर के पास घायल युवक के पड़े होने की सूचना मिली थी। पुलिस और एंबुलेंस मौके पर पहुंची तो युवक की मौत होने की पुष्टि हुई। रोहन ईडीएमसी, गौतमपुरी वार्ड नंबर-५ में संविदा पर सुपरवाइजर था। सोमवार को वह ड्यूटी के दौरान कहीं जाने के लिए निकला था। पूर्वी जिला पुलिस उपायुक्त ने बताया कि पुलिस को करीब १५० सीसीटीवी कैमरों की मदद से आरोपी की धुंधली तस्वीरें मिलीं। एआई टूल की मदद से रजिस्ट्रेशन नंबर का पता चला। इसके बाद आरोपी की पहचान कर गौतमपुरी, शास्त्री पार्क से गिरफ्तार कर लिया गया।

# मिलकर काम करेंगे, तो समाज से नशे की बुराई खत्म होगी: सीएम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने अंत. रराष्ट्रीय नशा और अवैध तस्करी निषेध दिवस के अवसर पर यमुना स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित जनजागरूकता कार्यक्रम में भाग लिया। इस अवसर पर उन्होंने जनता से नशे के खिलाफ एक व्यापक मुहिम में भागीदारी करने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में दिल्ली सरकार में कैबिनेट मंत्री रविन्द्र इन्द्राज सिंह, सांसद मनोज तिवारी, विधायक ओम प्रकाश शर्मा, संजय गोयल एवं डॉ. अनिल गोयल भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री सहित उपस्थित सभी लोगो ने नशे के खिलाफ एक टीम बनकर कार्य करने के लिए शपथ ली।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज का दिन नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के विरुद्ध अंतरराष्ट्रीय दिवस के रूप में मनाया जाता है। यह दिवस हमें आत्मचिंतन करने का अवसर देता है और इस सामा. जिक बुराई के खिलाफ एकजुट होकर खड़े होने की प्रेरणा देता है। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री ने देश के सामने यह संकल्प रखा है कि वर्ष २०४७ तक भारत को नशा मुक्त बनाना है और दिल्ली सरकार इस संकल्प को पूरा करने के लिए हर जिम्मेदारी निभाने के लिए प्रतिबद्ध है।

उन्होंने अपने संबोधन में ष्नशेष के दो रूपों की चर्चा की। उन्होंने कहा कि एक ओर वह नशा है जो व्यक्ति के शरीर, परिवार और पूरे समाज को बर्बादी की ओर ले जाता है, जबकि दूसरी ओर जैसे देशभक्ति, समाज सेवा की भावना, और बच्चों को बेहतर भविष्य देने का जुनून जैसे नशा प्रेरणा और सकारात्मक ऊर्जा से भर देता है।




मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता अंतर्राष्ट्रीय नशा दिवस के अवसर पर यमुना स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित जनजागरूकता कार्यक्रम में भाग लेते हुए साथ में हैं कैबिनेट मंत्री रविन्द्र इन्द्राज सिंह व सांसद मनोज तिवारी।

# जहांगीरपुरी में युवक की चाकू से गोदकर हत्या, यूपी से दो पकड़े

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** जहांगीर पुरी इलाके में एक युवक की चाकू गोदकर हत्या की वारदात में शामिल विशाल और कुलदीप उर्फ तन्नू को अपराध शाखा ने उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद से गिरफ्तार किया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बीते १७ जून को लगभग करीब पौने सात बजे बॉबी सिंह उर्फ पीयूष को उसके दोस्तों ने बाबू जगजीवन राम अस्पताल में भर्ती कराया था,डॉक्टरों ने बॉबी को प्राथमिक उपचार के बाद मृत घोषित कर दिया था। बॉबी के ऊपरी जांघों के पास और शरीर के अन्य हिस्सों पर चाकू के घाव थे।

पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज किया। शुरूआती जांच में पता चला कि पड़ोसी किशन, सन्नाटा उर्फ यशु, सुरेश कुमार उर्फ अप्पू, कुलदीप उर्फ तन्नू और विशाल का मृतक के साथ विवाद था और विशाल ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर कुलदीप उर्फ तन्नू सहित लडके की बेरहमी से पिटाई की और उसे चाकू घोंपकर मार डाला। एसीपी नरेन्द्र बेनीवाल के देखरेख में इंस्पेक्टर संदीप स्वामी के नेतृत्व में पुलिस टीम को आरोपियों को पकडने का जिम्मा सौंपा गया। पुलिस टीम ने आरोपियों के ठिकानों पर छापेमारी की और उनके परिजनों पर नजर रखी। उनके फोन को भी ट्रैस किया। हेड कांस्टेबल नितिन कुमार और नवल की पुख्ता जानकारी के बाद दोनों आरोपियों को महारानी गेस्ट हाउस, आर्य नगर, बुध बाजार, मुरादाबाद, उत्तर प्रदेश के पास घेराबंदी करके गिरफ्तार कर लिया।

पूछताछ करने पर आरोपियों से पता चला कि दोनों आरोपी मृतक बॉबी सिंह उर्फ पीयूष के साथ संकरी गलियों में तेज गति से स्कूटी चलाने को लेकर विवाद में थे। वारदात के दिन, वे अपने साथियों किशन, सन्नाटा उर्फ यशु, सुरेश कुमार उर्फ अप्पू के साथ मृतक के साथ मुद्दे को सुलझाने के लिए एकत्र हुए थे। लेकिन, उनके बीच मौखिक विवाद शुरू हो गया, जो हाथापाई में बदल गया। झगड़े के दौरान आरोपी मृतक ने पहले किशन को थप्पड़ मारे और फिर सभी आरोपियों ने उसकी पिटाई शुरू कर दी। इसी बीच विशाल और सन्नाटा उर्फ यशु ने चाकू निकालकर मृतक पर वार कर दिया। इसके बाद सभी मौके से भाग गए थे। आरोपी विशाल २०२१ में उसे हत्या के प्रयास के एक मामले में पकड़ा था। उस वक्त वह नाबालिग था।

# छोटी सी बात पर युवक की हत्या, चार पकड़े

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** पंजाबी बाग इलाके में बीते रविवार को छोटी सी बात को लेकर हुए विवाद में एक युवक की धारदार हथियार और पत्थरों से पीट पीटकर हत्या कर दी थी। पुलिस ने वारदात में शामिल हिमांशु पासवान, दीपक, परवीन और मोहम्मद नेकत को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि रविवार को नरवीर नामक युवक ने पंजाबी बाग थाने एक दोस्त की हत्या करने की रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। नरवीर ने बताया कि वह अपने दोस्तों दुर्गेश, कप्तान और आकाश के साथ आधी रात के आसपास पंजाबी बाग में ट्रांसपोर्ट सेंटर में धूम्रपान करने गया था। वहां उनका वहां खड़े कुछ अज्ञात व्यक्तियों से विवाद हो गया। विवाद झगड़े में बदल गया और उन अज्ञात व्यक्तियों ने उन पर किसी नुकीली चीज और आसपास पड़े पत्थरों से हमला कर दिया। वारदात के बाद आरोपी फरार हो गए। दुर्गेश को खून से लथपथ हालत में नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद मृत घोषित कर दिया।

# दिल्ली-गुरुग्राम एक्सप्रेस-वे पर अगर तोड़े ट्रैफिक नियम, तो खैर नहीं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** द्वारका एक्सप्रेसवे व दिल्ली-गुरुग्राम एक्सप्रेसवे पर विकसित एडवांस ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम (एटीएमएस) चालू कर दिया गया है। अब दोनों एक्सप्रेसवे पर ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करते ही चालान हो जाएगा। यही नहीं कैमरों की मदद से एक्सप्रेसवे की पूरी गतिविधियों पर कंट्रोल रूम से नजर रखी जा सकेगी। कंट्रोल रूम द्वारका एक्सप्रेसवे के नजदीक गुरुग्राम-दिल्ली सीमा पर बनाया गया है।

द्वारका एक्सप्रेसवे खेड़कीदौला टोल प्लाजा के नजदीक दिल्ली-गुरुग्राम एक्सप्रेसवे से एवं महिलपालपुर में शिवमूर्ति के नजदीक जुड़ा है। दोनों एक्सप्रेसवे रिंगमेन सिस्टम की तरह जुड़े हैं। दोनों को मिलाकर ५६.४६ किलोमीटर की दूरी बनती है। यह दूरी पूरी तरह कैमरों की जद में आ गई है। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण से संबंधित इंडियन हाईवे मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड ने एडवांस ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम विकसित करने का काम पिछले महीने पूरा कर लिया। अब इसे चालू कर दिया है।

इस बारे में दिल्ली एवं गुरुग्राम पुलिस को सूचना दे दी गई है ताकि कंट्रोल रूम में जैसे ही ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन की जानकारी सामने आए, वैसे ही चालान कर दिया जाए। १४ प्रकार के ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन परिभाषित किए गए हैं। इनमें रांग साइड ड्राइविंग, ओवरस्पीड, ओवरलोडिंग, अपनी लेन में न चलना एवं एक्सप्रेसवे पर वाहन को खड़ा करना आदि प्रमुख हैं। दोनों एक्सप्रेसवे पर ५६.४६ किलोमीटर के दायरे में १५० अत्याधुनिक कैमरे लगाए गए हैं। हर किलोमीटर पर एक सर्विलांस कैमरा (आटोमेटिक नंबर प्लेट रिकग्निशन) लगाया गया है। १० किलोमीटर के अंतराल पर एक ऑर्टिफिशियल इंटेजिलेंस (एआई) आधारित कैमरा लगाया है। इन कैमरों से ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करते ही ऑटोमैटिक चालान कट जाएगा। यही नहीं कैमरों के माध्यम से पूरी गतिविधियों पर नजर रखी जाएगी। कहीं एक्सीडेंट होने पर या किसी कारण से ट्रैफिक जाम लगने पर तत्काल प्रभाव से ट्रैफिक डायवर्ट किया जा सकेगा।

कंट्रोल रूम में पता चल जाएगा कि अमूक स्थान पर एक्सीडेंट होने से ट्रैफिक का दबाव बढ़ सकता है। यही नहीं एक्सीडेंट होते ही ट्रैफिक पुलिस एवं इलाके की थाना पुलिस कुछ ही समय में मौके पर पहुंच जाएगी। इन कैमरों का सबसे बड़ा लाभ अपराधियों को पकड़ने में होगा। ५६.४६ किलोमीटर के दायरे में कहीं से भी अपराधी यदि निकलेंगे, उनकी पहचान करना आसान हो जाएगा। दोनों एक्सप्रेसवे से निकलने वाले सभी वाहनों का नंबर कैमरे में रिकॉर्ड होगा।



दिल्ली के शहरी विकास मंत्री सराय काले खान में चल रहे रैन बसेरों निरीक्षण करते हुए।

# सराय काले खान में चल रहे रैन बसेरों का किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के शहरी विकास मंत्री आशीष सूद ने सराय काले खान में चल रहे पांच रैन बसेरों का औचक निरीक्षण किया । निरीक्षण के दौरान मंत्री को इन पांचो रैन बसेरों में कई तरह की खामियां भी मिली।

मंत्री ने डीयूएसआईबी तथा इनको चलाने वाली एनजीओ को कड़ी फटकार लगाते हुए चेता. वनी दी कि इस तरह की लाप. रवाही और भ्रष्टाचार को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने डीयूएसआईबी के अधिकारियों की भी जिम्मेदारी तय करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के बाद मंत्री ने बताया कि दिल्ली सरकार के पास पत्रों के द्वारा, लोगों के मेमोरेंडम के द्वारा बहुत समय से रैन बसेरों की व्यवस्थाओं और प्रबंधन के बारे में लगातार कई शिकायतें मिल रही थीं की। उन्होंने यह भी कहा की उनको यह भी बताया गया है कि पिछली सरकार ने सैकड़ों लोगों की नियुक्ति इन रैन बसेरों की देखरेख करने के लिए की थी। हमें शिकायतें मिल रही हैं कि इन रैन बसेरों में ना तो उतने लोग नियुक्त किए गए हैं और न ही वहाँ रहने वाले लोगों को मूलभूत सुविधाएं मिल रही है।

# अटल गार्डन बनेगा मनोरंजन का ठिकाना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** नजफगढ़ ड्रेन के पास विपिन गार्डन में २१ एकड़ जमीन को हरे-भरे सामुदायिक मनोरंजन स्थल के रूप में बदला जाएगा। अटल गार्डन के नाम से विकसित होने वाली यह परियोजना दिल्लीवासियों के मनोरंजन का नया ठिकाना बनेगी। इसमें हरे-भरे पार्क के साथ बड़ा वॉकिंग ट्रैक, छठ घाट, जिम, बच्चों के खेल का मैदान, क्रिकेट नेट, रंगीन वाटर फाउंटेन व पार्किंग बनाई जाएगी।

दिल्ली सरकार के सिंचाई और बाढ़ नियंत्रण विभाग (आईएंडएफसी) ने इसका डिजाइन और निर्माण परियोजना तैयार करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। योजना पर २९.९४ लाख रुपये खर्च होंगे। द्वारका मोड़ के पास सरकार की करीब ५० एकड़ जगह अतिक्रमण की मार झेल रही थी। अब यहां करीब २१ एकड़ जगह पर पार्क बनाने की परियोजना पर काम शुरू किया गया है। हाल ही में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने स्थानीय विधायक और आईएंडएफसी के अधिकारियों के साथ इस जगह का दौरा किया था। उन्होंने यहां पर खूबसूरत पार्क बनाने की बात कही थी। सिंचाई और बाढ़ नियंत्रण विभाग डिजाइन तैयार करने और परियोजना पर कुल २९,९४,१२० रुपये खर्च करेगा। काम तीन महीने में पूरा होगा। २७ जून दोपहर ३ बजे तक टेंडर जमा हो जाएंगे है।

इसके बाद तय कंसल्टेंट एजेंसी मिट्टी की जांच, वास्तुकला, सौंदर्य का थ्रीडी मॉडल, संरचना की डिजाइन, परियोजना की अनुमानित लागत तय करेगी और परियोजना के अगले हिस्से के लिए निविदा दस्तावेज तैयार करेगी। डिजाइन दिल्ली के मास्टर प्लान-२०२१ और स्थानीय नियमों के मुता. बिक तैयार होगा।

**किनारे भी चमकेंगे :** सिंचाई और बाढ़ नियंत्रण विभाग पास में बह रही साहिबी नदी (नजफगढ़ ड्रेन) के किनारों को भी विकसित करेगी। इसके दोनों तरफ सड़क बनेगी और किनारों पर पौधरोपण कर इस जगह को दर्शनीय बनाया जाएगा।

# पुलिस अधिकारी बताकर युवक का अपहरण कर लूटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** किशनगढ़ इलाके में बीते १६ जून की रात खुद को पुलिस अधिकारी बताकर बदमाशों ने एक युवक का जबरन अपहरण करके उसके साथ लूटपाट की थी। पुलिस ने वारदात में शामिल पांच आरोपी परवेश,आर्यमन चौधरी,रितिक,देव आनंद और शरमन राय को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से वारदात में इस्तेमाल कार भी जब्त कर ली है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बीते १६ जून को मुनिरका में रहने वाले शिकायतकर्ता जोशुआ हमार ने किशन गढ़ पुलिस को एक शिकायत दी थी,जिसमें उन्होंने बताया कि बीती रात एक बजकर बीस मिनट से एक बजकर चालीस मिनट के बीच शिवम मेडिकोज, फक्कर वाला पार्क, मुनि. रका के पास से ४ व्यक्तियों ने उसको अपहरण करके कार में डाल लिया था। आरोपियों ने खुद को पुलिस अधिकारी बताया था।

आरोपियों ने उससे रुपये ऐंठ लिये थे। वह किसी तरह से आरोपियों के कब्जे से छूटने में कामयाब रहा। पुलिस ने मामला दर्ज किया। एसीपी रणवीर सिंह की देखरेख में इंस्पेक्टर राजीव कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने वारदात वाली जगह के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। ह्यूमैन सॉर्स की सहायता ली। सीसीटीवी कैमरों की फुटेज में आरोपियों की कार की पहचान हुई।

# घर में डकैती व हत्या में शामिल आरोपी पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** बेगमपुर स्थित घर में डकैती व हत्या की वारदात में शामिल वांछित बदमाश करण उर्फ कल्लू को अपराध शाखा ने गिरफ्तार किया है,जो गैंगस्टर विक्की टैकर उर्फ दाऊद गैंग का सदस्य है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बीते ९ दिसम्बर २०१९ की रात दस बजे शिकायतकर्ता जब वह अपने भाई के साथ बैठा था, जिसके दाहिने पैर पर प्लास्टर चढ़ा हुआ है, क्योंकि १५ दिन पहले उसका एक्सीडेंट हुआ था, तभी अचानक लडके उनके घर में घुस आए। लडकों ने परिवार के सदस्यों को धमकी दी कि अगर उन्होंने आवाज उठाई तो उन्हें गंभीर परिणाम भुगतने होंगे तथा अलमारी की चाबी लेकर नकदी लूट ली और फरार हो गए। लूट का विरोध करने पर नरेश की चाकू गोदकर हत्या कर दी थी। एसआई रविन्द्र और कांस्टेबल मनोज की एक पुख्ता जानकारी के बाद शास्त्री पार्क मेट्रो स्टेशन के पास से करण उर्फ कल्लू को उस वक्त पकड़ा,जब वह किसी से मिलने आया था।

पूछताछ करने पर आरोपी से पता चला कि अपने पिता के साथ बैटरी रिक्शा का काम करते वक्त ही उसकी मुलाकात अजय उर्फ लल्लू (विक्की टक्कर गिरोह का सदस्य) से हुई। धीरे-धीरे वह विक्की टक्कर गिरोह में शामिल हो गया। बेगमपुर लूट व हत्या मामले में आरोपी से पता चला कि वह अपने साथियों और विक्की टक्कर गिरोह के सदस्य संजय, सोनू उर्फ गोसाई, विजय नेगी उर्फ बीसी, इशांत, सलीम, अरमान, इंद्रजीत उर्फ बाबू के साथ मिलकर कहीं डकैती डालने की योजना बना रहा था। सूचना पर वे शिकायतकर्ता के घर में घुसे और नकदी और मोबाइल फोन लूट लिए। जब शिकायतकर्ता ने विरोध करने की कोशिश की, तो करण और उसके साथियों ने उसे चाकू घोंपकर मार डाला। उनके पास पिस्तौल भी थी। डकैती करने के बाद वे दो मोटरसाइकिलों पर भाग गए। मामले में कुल ८ आरोपी थे। संजय, करण, विजय नेगी और इशांत नाम के चार लोग घर में घुसे। बाकी साथी बाहर इंतजार करते रहे। घर में घुसे चार लोगों में से करण ने उसे चाकू घोंप दिया और बाकी ने घर में तोडफोड़ की और डकैती की वारदात को अंजाम दिया था।

# वेंटिलेटर पर मौत से जंग लड़ रहे अर्जुन को चिकित्सकों ने दिया जवाब

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** पांडव नगर में शुक्रवार तड़के तेज रफ्तार थार ने स्कूटी सवार तीन युवकों को टक्कर मार दी थी। गंभीर रूप से घायल युवकों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उपचार के बाद दो युवकों को छुट्टी दे दी गई। वहीं, एक अन्य युवक अर्जुन पिछले पांच दिनों से गंभीर हालत में सफदरजंग अस्पताल के आईसीयू में भर्ती है।

हादसे के बाद आरोपी थार को मौके पर ही छोड़कर भाग गया था। फिलहाल अर्जुन को वेंटिलेटर पर रखा गया है, लेकिन आज चिकित्सकों ने उसकी बिगड़ती हालत में सुधार होने से इन्कार कर दिया है। अर्जुन के चाचा राजेश ने पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि उनका बेटा जिंदगी और मौत से लड़ रहा है और आरोपी कार चालक फरार होकर खुला घूम रहा है। हादसे के पांच दिन बाद भी पुलिस आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर सकी है। उन्हें डर है कि वह किसी और जगह किसी अन्य व्यक्ति को भी अपना निशाना न बना ले। परिजनों ने बताया कि हादसे के बाद अर्जुन को सफदरजंग अस्पताल के आईसीयू में भर्ती किया गया। मंगलवार को उसकी हालत में सुधार होने पर उसे आईसीयू से बाहर निकाला था, लेकिन उसकी हालत फिर से बिगड़ गई। इसके बाद चिकित्सकों ने उसे वेंटिलेटर पर रखकर उपचार शुरू किया।

# सड़क पर लड़ रहे सांड ने जैन साध्वी को मारी टक्कर, घायल

## घटना से जैन समाज के लोगों में आक्रोश, आवारा सांडों को पकड़वाने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** नगर में आवारा सांडों का आतंक रुकने का नाम नहीं ले रहा है। आवारा सांडों के आतंक से हर रोज कहीं ना कहीं घटनाएं हो रही है। इसमें नगर पालिका के भी दावे फेल हो रहे हैं। शहर के अंदर कई गौशाला है मगर गौशाला के रहते हुए इन आवर सांडों को पकड़ने का कोई अभियान नहीं चला जा रहा है जबकि सरकार की तरफ से आवारा सांडों को गौशालाओं में रखने के प्रदेश सरकार के आदेश भी हवाई साबित हो रहे है।



गुरुवार को सुबह सवेरे दिन निकलते ही जब जैन स्थापना मंडी से जैन समाज के साधु संत आ रहे थे तभी आवारा सांड ने जैन साध्वी को टक्कर मार दी जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गई। उनका नगर के एक अस्पताल में उपचार चल रहा है। हालत भी गंभीर बताई जा रही है। जैन साध्वी को सांड ने टक्कर से लहूलुहान कर दिया।

जैन साध्वी उर्मिला महाराज को आनन फानन में रेढी पर लिटाकर अस्पताल ले जाया गया। जैन साध्वी को गम्भीर चोटें आई है। वही आवारा सांड को पकड़ने में नगरपालिका बड़ौत की टीम जुटी हुई है। घटना से जैन समाज के लोगों में आक्रोश पनप रहा है। जैन समाज के लोगों का कहना है कि इससे पूर्व में भी यहां कहीं घटनाएं हो चुकी है। हर्ष कुमार आर्य, पूर्व सभासद ललित कुमार जैन, पूर्व सभासद विनोद कुमार उर्फ निटु मनोज कुमार जैन प्रवीण जैन अंकित जैन दीपक गुप्ता अनुभव जैन रमेश जैन कुलद. ीप जैन राकेश जैन अंकुर जैन आदि जैन समाज के लोगों ने कहा कि कई बार शहर में घूम रहे आवारा सांडों को पकड़ने की मांग की गई थी, लेकिन यह समस्या शहर में जस की तस बनी हुई है।

ग्रामीण क्षेत्र में आने वाले लोगों को भी इन आवारा सांडों का सामना करना पड़ता है। दुकानदार व्यापारी वर्ग भी इन आवारा सांडों से परेशान है।

# हाईवे किनारे पर खड़े चालक को ट्रक ने कुचला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** दिल्ली-सहारनपुर हाईवे पर बुधवार देर रात्रि में छपरौली चुंगी के पास होटल पर खाना खाकर खड़े झूंडपुर गांव के रामकुमार 45वर्षीय को ट्रक ने कुचल दिया। इस हादसे में रामकुमार की मौके पर ही मौत हो गई। वहां पहुंचे पुलिसकर्मियों ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी।

झूंडपुर गांव निवासी रामकुमार ट्रक चालक है, जो बुधवार रात ट्रक लेकर दिल्ली-सहारनपुर नेशनल हाईवे पर दिल्ली की तरफ जा रहा था। बताया कि रामकुमार छपरौली चुंगी के पास एक होटल पर खाना खाने लगा। खाना खाने के बाद वह दिल्ली-सहारनपुर नेशनल हाईवे किनारे खड़ा हो गया। तभी तेज रफ्तार से आए ट्रक ने रामकुमार को टक्कर मारते हुए कुचल दिया। इस हादसे में रामकुमार की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे का पता चलने पर पहुंचे पुलिसकर्मियों ने शव को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दी। हादसे के बाद मृतक के परिजन भी देर रात में घटनास्थल पर पहुंच गए। पुलिस का कहना है कि तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी। ट्रक चालक ट्रक लेकर फरार हो गया। पुलिस सीसीटीवी कैमरे की फुटेज के अनुसार ट्रक की जांच कर रही है। होटल मालिक से भी पूछताछ की जा रही है। रामकुमार के परिजनों में कोहराम मच गया है। उनके का रिश्तेदारों का भी आना जाना लगा हुआ है।

# बच्चे शिक्षित बने और समाज व राष्ट्र के विकास में दे योगदान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** तहसील क्षेत्र के संस्कृति पब्लिक स्कूल शबगा विद्यालय के डायरेक्टर एवं ब्राह्मण महासभा समिति मेरठ मंडल अध्यक्ष दिनेश शर्मा ने कहा कि शिक्षा के बिना मानव जीवन पशु तुल्य है। आज आधुनिक युग में शिक्षा का बहुत बड़ा महत्व है।

इसीलिए सभी बच्चों को पढ़ लिखकर अपने पैरों पर खड़ा होना चाहिए ताकि उनका जीवन सफल हो जाए। उन्होंने कहा कि शिक्षा के बिना मानव जीवन पशु तुल्य है। इसलिए सभी बच्चे शिक्षित बने और समाज एवं राष्ट्र के विकास में अपना योगदान दें। मीडिया से रूबरू होते हुए दिनेश शर्मा ने कहा कि अभिभावकों भी नैतिक जिम्मेदारी है कि वह अपने बच्चों को पढ़ाई लिखाई की तरफ उनका ध्यान आकर्षित करें एवं अपने बच्चों को गलत संगति के बच्चों की तरफ दोस्ती करने से मना करने पर बल दे। उन्होंने कहा कि बच्चे हमारे देश का भविष्य है। हम सब शिक्षक भी बच्चों के भविष्य की उज्जवल कामना करते हैं। बच्चों की देखभाल करना उनके अंदर बड़े बुजुर्गों के गुण पैदा करना यह भी हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। हमें आने वाली पीढ़ी के बच्चों को भी शिक्षा के प्रति जागरूकता करनी होगी।

# शिकायतों का नहीं होता नगर पालिका पर कोई असर:मुदित जैन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** नगर में व्यापारियों की एक बैठक उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल मुदित जैन के प्रतिष्ठान पर आयोजित की गई जिसमें नगर में घूम रहे आवारा पशुओं सांडों को पकड़वाने की मांग नगर पालिका परिषद से की गई। इस मौके पर जैन समाज के बढ़ते आक्रोश को देखते हुए नगर पालि. का परिषद बडौत की आवारा सांडों को पकड़ने का अभियान नगर पालिका परिषद की अधिकारियों द्वारा चलाया गया है जिसमें आज दर्जन पर सांडों को पकड़ा गया। गाड़ी में लादकर आवारा पशुओं को गौशाला में भेजा गया। व्यापारी नेता ने मुदित जैन कहा कि नगर पालि. का परिषद घटना के बाद मामले को संज्ञान में लेता है। शिकायतों का कोई भी असर नगर पालिका पर नहीं होता। नगर पालिका के खिलाफ जैन समाज में इस घटना को लेकर आक्रोश है। बैठक में संयम जैन अनुज पोली, सचिन जैन रिंकू पंकज मनोज आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### लडकी जल्द बरामद नहीं की गई, तो समाज करेगा बड़ा आंदोलन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** गुरुवार को ब्राह्मण समाज की एक बैठक नगर के कोताना रोड पर पंडित आदित्य भारद्वाज 84 चौधरी देश खाप ब्राह्मण समाज की अध्यक्षता में आयोजित की गई जिसमें सिंघावली अहीर थाने से लापता हुई लड़की के विषय में चिंता व्यक्त की गई। आचार्य प्रवीण पुलस्त्य -जिला अध्यक्ष - राष्ट्रवादी ब्राह्मण महासंघ ने कहा कि अगर तीन दिन में लड़की बरामद नहीं होती है तो समाज को मजबूरन आंदोलन करने पर विवश होना पड़ेगा। इस विषय में कई हिंदू संगठनों का समर्थन प्राप्त हुआ है जातिगत संगठनों का समर्थन प्राप्त हुआ है एवं सर्व समाज का समर्थन लेकर भी आंदोलन किया जाएगा। प्रमोद शर्मा सभासद नगर पालि. का परिषद बड़ौत ने कहा समाज मजबूती के साथ में पीड़ित परिवार के साथ खड़ा है और हर संभव सहयोग परिवार को करेगा। जिला महामंत्री नीरज वत्स ने कहा जल्द ही लड़की बरामद नहीं की गई तो समाज किसी की नहीं सुनेगा और उग्र आंदोलन किया जाएगा। इस अवसर पर पंडित बृजेश शर्मा, पंडित दीपक जमदग्नि, जिला उपाध्यक्ष अंकुर शर्मा, प्रदीप शर्मा , शिवम शर्मा, चंद्र मोहन शास्त्री, सुप्रीत शर्मा, मोहित शर्मा, सुबोध शर्मा, दिनेश शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# पानी टंकी चालू और मार्ग निर्माण ठीक कराने को लेकर किया प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** लहचौड़ा गांव में बनी पानी की टंकी अभी तक शुरू नही की गयी है। वही पानी की टंकी के लिए पाईप लाईन बिछाने के लिए खोदी गयी सड़क को भी ठीक नही किया गया है जिससे लेकर ग्रामीणों ने प्रर्दशन करते हुए मार्ग ठीक करानें की मांग की है।

लहचौड़ा गांव में पानी की टंकी का निर्माण कराया गया है, लेकिन वर्ष बीत जाने के बाद भी आज तक टंकी को शुरू नही किया गया है। वही ठेकेदार ने गांव मे पाईप लाईन बिछाने के लिए सड़को को खौदा गया है जिसे आज तक ठीक नही किया गया है। वही मंसूरपुर मार्ग पर शिव मंदिर मार्ग पर पाईप लाईन बिछाने के लिए सड़क को खोदा गया जिससे मंसूरपुर गांव और मंदिर जाने वाले लोगो को परेशानी उठानी पड़ रही है। गड्ढो में पानी भरा है जिसमे गिरने से ग्रामीण चोटिल हो रहे है ग्रामीणों ने प्रर्दशन करते हुए मार्ग ठीक कराने और पानी की टंकी शुरू कराने की मांग की है। प्रर्दशन करने वालो में विनोद, सीताराम, रामु, रियाजुद्दीन, फुरकान, संसरपाल, पप्पू, निशांत, खेमचंद, लीलू, हरिमोहन आदि लोग शामिल रहे।



# पति ने पत्नी के साथ मारपीट कर किया घायल, पीड़िता ने पुलिस से की शिकायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** पति पत्नी में विवाद होने के बावजूद ससुर की मौत में शामिल में होने आयी पत्नी के साथ पति ने मारपीट कर दी, जिससे वह घायल हो गयी। पीड़िता ने पुलिस को तहरीर दी है।

ग्राम गढ़ी कलंजरी के अंकुर शर्मा और उसकी पत्नी रेखा शर्मा में पिछले छह सात माह से विवाद चल रहा है, जिससे वह अपने मायके ग्राम सिमरोली जिला हापुड़ में रह रही है। सोमवार को अंकुर शर्मा के पिता का स्वर्गवास हो गया था जिसकी गमी में शामिल होने के लिए पुत्रवधु रेखा शर्मा भी मायके से आई थी। पीड़िता के अनुसार अंतिम संस्कार होने के बाद पति अंकुर शर्मा पत्नी रेखा से गांव में ही रुकने के लिए कहने लगा जबकि पत्नी ने इंकार कर दिया। इसी बात को लेकर दोनो में विवाद हो गया आरोप है कि पति ने मारपीट कर पत्नी को घायल कर दिया। पुलिस ने घायल पत्नी को इलाज के लिए पिलाना सीएचसी भेजा है। पुलिस जांच कर रही है।

# नल ठीक करने की मांग को लेकर नगरपालिका में देंगे धरना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर की पट्टी चौधरान सर्कुलर रोड पर काफी समय से नल खराब पड़ा है। इसकी कई बार शिकायत नगर पालिका की गई है। मगर यह शिकायत अभी तक मोहल्ले के लोगों की दर्ज नहीं हुई ना ही कोई सुनवाई की गई। सरक. ारी नल खराब होने से वार्ड नंबर 22 सर्कुलर रोड मोहल्ले के लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मोहल्ले के लोगों ने सरकारी नल पर प्रदर्शन करते हुए नगर पालिका परिषद से इस नल को ठीक करवाने की मांग की है। लोगों का कहना है कि अगर समस्या का समाधान नहीं किया गया तो नगर पालिका में सरकारी नल ठीक करने की मांग को लेकर धरना भी दिया जाएगा। इस मौके पर मोहल्ले के लोगों ने एक सप्ताह पहले भी इसकी शिकायत दर्ज कराई थी। मगर अभी तक की समस्या का कोई भी समाधान नहीं किया गया। प्रदर्शन करने वालों में सावेज कुरेशी फरमान कुरैशी आबिद मलिक नदी मलिक अभी चौधरी मा महबूब सैयद अहमद रिजवान चौधरी सलीम चौधरी आदि मौजूद रहे।



# साहू महाराज कोल्हापुर रियासत के शासक थे: रविन्द्र देव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** गुरुवार को समाजवादी पार्टी कार्यालय पर महान समाज सुधारक साहू महाराज जयंती बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। यह कार्यक्रम समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष रविन्द्र देव की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। इस अवसर पर समाजवादी पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने साहू महाराज के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस दौरान सपा जिलाध्यक्ष रविन्द्र देव ने साहू महाराज के जीवन और उनके द्वारा समाज के पिछड़े और वंचित वर्गों के उत्थान के लिए किए गए कार्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि साहू महाराज कोल्हापुर रियासत के शासक थे। इन्का शासन काल 1894 से 1922 तक था। इस अवधि में इन्होंने शिक्षा और सामा. जिक न्याय के क्षेत्र में असाधारण कार्य किए नौकरियों और शिक्षण संस्थानों में आरक्षण की व्यवस्था सर्वप्रथम इन्होंने ही शुरू की थी, शिक्षा के प्रसार, अंतर-जातीय विवाह को बढ़ावा देने और छुआछूत जैसी सामाजिक कुरीतियों को दूर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने साहू महाराज के आदर्शों और सिद्धांतों को अपनाने का संकल्प लिया। समाजवादी पार्टी ने इस अवसर पर समाज में समानता और न्याय स्थापित करने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।



# राजस्व विभाग की टीम ने नाली को कराया बंद

**शाह टाइमस संवाददाता**

**बागपत।** सिलाना गांव में नाली का विवाद फिर से गहरा गया है। ग्राम प्रधान आनंदपाल द्वारा अधिकारियों के निर्देशन में एक अस्थाई नाली का निर्माण कराया गया था जिससे ग्रामीणों के मकान में ओवरफ्लो होकर घुस रहा तालाब का पानी रोका जा सके और नाली के माध्यम से बड़े तालाब में इस पानी को पहुंचाया जा सके जिससे ग्रामीणों को गंदगी से निजात मिले। सब कुछ ठीक-ठाक चल रहा था लेकिन आज राजस्व विभाग की टीम भारी पुलिस बल के साथ गांव में पहुंची और नाली को बंद कर दिया गया। नाली बंद होने से पानी रुक गया और ग्रामीणों के घर में घुसने लगा ग्राम प्रधान आनंदपाल ने राजस्व विभाग की टीम पर पक्षपात का आरोप लगाया और विपक्ष के दबाव में आकर कार्रवाई का आरोप लगाया है। वहीं राजस्व विभाग की टीम का कहना है कि कोर्ट के आदेश का पालन कराया जा रहा है यथा स्थिति बनने के निर्देश किए गए थे और उसे आदेश में नाली नहीं थी। इसीलिए नाली को बंद कर दिया गया है। फिलहाल ग्राम प्रधान आनंदपाल का कहना है कि अधिकारियों ने जो कार्रवाई विपक्ष के हित में की है इसकी शिकायत वह उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से करेंगे और अधिकारियों पर कार्रवाई करेंगे।

**पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम**
**अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत जनपद वितरण मण्डल, मेरठ**

पत्रांक: 606/वि0जा0वि0मं0/गा0बाद/टी0-2
दि: 26.06.2025

**अल्पकालिक ई-निविदा सूचना**

**अल्पकालिक निविदा संख्या 12 से 19 तक एवं कार्य का संक्षिप्त विवरण**

1. 12/वि0जा0वि0सं0/गा0बाद /2025-26: विद्युत जानपद वितरण खण्ड, गाजियाबाद के अधीन विभागीय कालोनी एवं कालोनी परिसर के आवासीय भवनो तथा विभागीय कालोनी परिसर के समस्त कार्यालय भवनो के वार्षिक रख-रखाव के कार्य (वित्तीय वर्ष 2025-26)। निविदा मूल्य रू0 3540.00 धरोहर धनराशि रु0 15,000.00।
2. 13/वि0जा0वि0सं0/गा0बाद/2025-26: विद्युत प्रशिक्षण केन्द्र, हाईडिल कालोनी, कविनगर, गाजियाबाद के संचालन हेतु आवश्यक कार्य (वित्तीय वर्ष 2025-26)। निविदा मूल्य रू0 3540.00 धरोहर धनराशि रू0 11,000.00।
3. 14/वि0जा0वि0सं0/गा0बाद/2025-26: विद्युत जानपद वितरण खण्ड, गाजियाबाद के अन्तर्गत हाईडिल कालोनी, बुलन्दशहर पर अवस्थित आवासीय भवनों एवं अनावासीय भवनों (कार्यालयो) के वार्षिक अनुरक्षण के कार्य (वित्तीग वर्ष 2026-26)। निविदा मूल्य रू0 1180.00। धरोहर धनराशि रू0 10,000.00।
4. 15/वि0जा0वि0सं0/गा0बाद/2025-26: अतिरिक्त बिजनेस प्लान 2023-24 के अन्तर्गत विद्युत परिवर्तक मरम्मत कार्यशाला, रामपुर पर 5 एम0टी0 की ई0ओ0टी0 केन की आपूर्ति एवं स्थापना का कार्य। निविदा मूल्य रू0 3540.00। धरोहर धनराशि रू. 20,000.00।
5. 16/वि0जा0वि0सं0/गा0बाद/2025-26: अतिरिक्त बिजनेस प्लान 2023-24 के अन्तर्गत विद्युत परिवर्तक मरम्मत कार्यशाला, बिजनौर पर 5 मी0 टन की ई0ओ0टी0 केन की आपूर्ति एवं स्थापना का कार्य। निविदा मूल्य रू. 3,540.00। धरोहर धनराशि रू 20,000.00
6. 17/वि0जा0वि0सं0/गा0बाद/ 2024-25: बिजनेस प्लान 2024-25 के अन्तर्गत जनपद मुरादाबाद में 33/11 के.वी. विद्युत उपकेन्द्र भीतखेड़ा की नई 33/11 के.वी. लाईन में आ रही रामगंगा नदी को क्रास करने हेतु 05 नग डबल पोल हेतु फाउण्डेशन का निर्माण कार्य। निविदा मूल्य रू0 5,900.00। धरोहर धनराशि रू0 1,03,500.00
7. 18/वि0जा0वि0सं0/गा0बाद/2024-25: मुरादाबाद स्मार्ट सिटी परियोजना के अन्तर्गत 33/11 के.वी. उपकेन्द्र, कम्पनीबाग पर स्काडा कन्ट्रोल रूम हेतु आवश्यक फर्नीचर की आपूर्ति कार्य। निविदा मूल्य रू0 3,540.00 धरोहर धनराशि रू0 18,500.00

ई-निविदा की अन्तिम तिथि 14 जुलाई 2025, साय 05.00 बजे

विस्तृत जानकारी एवं प्रपत्र वेबसाईट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। अग्रेतर समस्त सूचनाएं वेबसाईट पर ही प्रदर्शित की जाएंगी।

''राष्ट्रहित में बिजली बचायें''
अधीक्षण अभियन्ता
(जानपद) मेरठ

# पुरा महादेव मंदिर में मेले की तैयारियों का एडीजी व डीआईजी ने लिया जायजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** ऐतिहासिक पुरा महादेव मंदिर में श्रावण मास के दौरान लगने वाले मेले की तैयारियां जोरों पर हैं। एडीजी भानु भास्कर और डीआईजी कलानिधि नैथानी ने मेले की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान बागपत पुलिस अधीक्षक सूरज कुमार राय भी उपस्थित रहे।

गुरुवार को एडीजी भानु भास्कर ने पुलिसकर्मियों को सुरक्षा व्यवस्था के लिए विशेष दिशा-निर्देश दिए। श्रावण मास में लाखों शिव भक्त यहां जलाभिषेक के लिए आते हैं। हरियाणा, पंजाब और राजस्थान से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु बागपत होकर गुजरते हैं। पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए हैं। जगह-जगह पुलिस बल तैनात किया गया है। ड्रोन और सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जा रही है। पुलिस अधीक्षक सूरज कुमार राय ने बताया कि सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मंदिर कमेटी के पदा. धिकारियों से समन्वय स्थापित किया गया है। मेला परिसर में पार्किंग, प्रकाश व्यवस्था सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए विशेष ध्यान रखा जा रहा है।





# समर कैंप में तीरंदाजी के सिखाए गुर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील क्षेत्र दाहा रूवेदवान आर्चरी एकेडमी धनौरा टीकरी में चल रहे दस दिवसीय समर कैंप में छठवें दिन तीरंदाजों को तीरंदाजी के गुर सिखाए। कोच कुलदीप वेदवान ने कहा कि धैर्य के साथ इरादा मजबूत हो तो सफलता आपके कदमों में होगी। समर कैंप में छठवें दिन बूंदाबांदी के कारण कुछ देर खेल प्रभावित हुआ, लेकिन बूंदाबादी बंद होते ही सभी तीरंदाजों ने ग्राउंड में पहुंचकर जमकर तीरंदाजी की। कोच कुलदीप वेदवान ने मौजूद तीरंदाजों को बताया की खेल ही नहीं कोई भी किसी भी तरह की चुनौती आपके सामने दीवार बनकर क्यों न खड़ी हो जब आपका इरादा मजबूत होगा तो सफलता खुद आपको खोज लेगी।

# जनपद में किया जाए व्यापक प्रचार-प्रसारः डीएम

शाह टाइम्स संवाददाता

**ग्रेटर नोएडा।** डीएम मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आज डिस्ट्रिक्ट को-ऑपरेटिव डेवलपमेन्ट कमेटी एवं ए०आई०एफ०(एग्रीकल्चर इन्फास्ट्रक्चर फण्ड) योजना के प्रभावी कियान्वयन हेतु डीएलएमसी (डिस्ट्रिक्ट लेवल मॉनिटरिंग कमेटी) की बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिला प्रबन्धक नाबार्ड द्वारा एआईएफ योजना से सम्बन्धित प्रस्तुतिकरण दिया गया। इस योजना के तहत कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय भारत सरकार द्वारा कृषि अवस्थापना के विकास हेतु अगस्त 2020 से एआईएफ योजना का प्रारम्भ किया गया, जिसके अन्तर्गत 2.00 करोड़ रु० तक के ऋण पर भारत सरकार द्वारा 3 प्रतिशत ब्याज अनुदान एवं ऋण गारन्टी सहायता प्रदान की जाती है, इसके साथ ही राज्य सरकार द्वारा भी योजना के लाभार्थियों को 3 प्रतिशत का अतिरिक्त ब्याज अनुदान दिया जा रहा है।



जिलाधिकारी द्वारा सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक, सहकारिता, गौतमबुद्धनगर को प्रचार सामग्री तैयार कराकर एआईएफ योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु पेम्पलेट वितरित कराने के साथ ही पात्र व्यक्तियों/उद्यमियों को एआईएफ योजना का समुचित लाभ दिलाने में सहयोग करने हेतु निर्देशित किया गया। इसके अतिरिक्त जनपद स्तर पर अन्य विभागों से समन्वय स्थापित करते हुए ग्राम चौपाल, किसान दिवस, गोष्ठी एवं बैनर/होर्डिंग के माध्यम से योजना का प्रचार प्रसार कराने हेतु निर्देशित किया गया।

**योजना के प्रमुख बिन्दु निम्नलिखित है।**

**योजना के लाभार्थी:-** किसान, पैक्स विपणन सहकारी समितियाँ, एफ०पी०ओ०, कृषि उद्यमी, स्टार्ट-अप, स्वयं सहायता समूह, संयुक्त देयता समूह, पीपीपी प्रयोजनायें आदि।

**पात्र ऋण संस्थायें:-** आरआरबी, एसएफबीए एनबीएफसी, एनसीडीसी अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक, सहकारी बैंक।

**पात्र परियोजनायें:-** फसल कटाई उपरान्त प्रबन्धन परियोजनायें जैसे कि ई मार्केटिंग प्लेटफॉर्म गोदाम, सिलोस, पैक हाऊस, परखईकाईयाँ, प्राथमिक प्रसंस्करण केन्द्र, राइपेनिंग कक्ष साम. ुदायिक कृषि परिसम्पत्तियों के लिए अन्य व्यवहार्य परियोजनायें जैसे ऑर्गेनिक इनपुट प्रोडक्शन, जैव उत्तेजक उत्पादन इकाईयाँए स्मार्ट और सटीक कृषि के लिए बुनियादी ढांचा, सूक्ष्म सिंचाई, मृदा परीक्षण प्रयोगशालायें, कस्टम हायरिंग सेन्टर।

**योजना का प्रकिया प्रवाह:-** आवे. दक द्वारा ऑनलाईन पोर्टल में पंजीकरण किया जायेगा। पंजीकरण परिचय पत्र प्राप्त करने के बाद पोर्टल के माध्यम से आवेदन पत्र भरकर सम्बन्धित दस्तावेज और परियोजना की डीपीआर जमा करके आवेदन करेगा। ऋण संस्था आवेदन का मूल्यांकन करेगी और 60 दिनों में इसे मंजूरी या अस्वीकार का निर्णय लेगी। ऋण स्वीकृत होने के पश्चात ऋण की राशि आवेदक के बैंक खाते में जमा हो जायेगा।

डी०सी०डी०सी० बैठक में सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक, सहका. रिता, गौतमबुद्धनगर द्वारा अन्तराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के कम में विगत 6 माह में सहकारिता विभाग द्वारा किये गये कार्यों के विषय में संक्षिप्त जानकारी दी गयी।

# 25 हजार रुपये का इनामी बदमाश गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**नोएडा।** थाना फेस-2 पुलिस ने मंगलवार को बड़ी सफलता हासिल करते हुए 25,000 के इनामी गौरव पुत्र विक्रम बैरागी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक अवैध पिस्टल (.32 बोर) भी बरामद की है।



पुलिस अधिकारियों के अनुसार गिरफ्तार आरोपी को गुप्त सूचना और मैनुअल इंटेलिजेंस के आधार पर थाना फेस-2 क्षेत्र में स्थित एक कम्पनी के पीछे से पकड़ा गया। गौरव एक गंभीर मारपीट और फायरिंग की घटना में वांछित चल रहा था।

पुलिस के मुताबिक 15 जून 2025 को गौरव ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर वादी के घर में घुसकर वादी और उसके परिजनों पर लाठी, डंडों और ईंट-पत्थरों से हमला किया था। हमले में पीड़ित पक्ष गंभीर रूप से घायल हो गया था। इस दौरान गौरव द्वारा जान से मारने की नीयत से फायरिंग भी की गई थी।पीड़ित की तहरीर के आधार पर थाना फेस-2 में एफआईआर दर्ज की गई थी, जिसमें गौरव फरार चल रहा था। पुलिस ने उस पर 25,000 का इनाम घोषित किया था।

**सह-अभियुक्तों की तलाश जारी:** थाना फेस-2 पुलिस के अनुसार, घटना में शामिल अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं। गिरफ्तार किए गए गौरव से पूछताछ की जा रही है और मामले में विधिक कार्रवाई प्रचलित है।

# नोएडा एक्सप्रेस वे पर अंडरपास बनाने के लिए कंपनी चयनित

**181 करोड़ का है बजट, सीएम ने किया था शिलान्यास**

शाह टाइम्स संवाददाता

**ग्रेटर नोएडा।** नोएडा-ग्रेनो एक्सप्रेस वे पर प्राधिकरण दो नए अंडरपास झट्टा (16.900 किमी चौनेज पर) व सुल्तानपुर गांव (6.10 किमी चौनेज पर) के सामने बनाया जाएगा। इन दोनों अंडरपास के निर्माण के लिए पांच-पांच कंपनियां आई थी। दोनों अंडरपास के लिए एक कंपनी का चयन किया गया है। इस कंपनी का नाम छात्र-शक्ति है।

इसी कंपनी ने नोएडा ग्रेटरनोएडा एक्सप्रेस वे की सरफेसिंग भी की भी। प्राधिकरण ने बताया कि बारिश के बाद यहां खोदाई का काम शुरू कर दिया जाएगा। बाकी पेड़ और साफ-सफाई का काम कार्य अवॉर्ड होने के साथ होगा। करीब डेढ़ साल में अंडरपास का निर्माण पूरा कर लिया जाएगा। इससे करीब 20 गांव और 38 सेक्टर के लोगों को फायदा होगा। उनकी सीधी कनेक्टिवटी एक्सप्रेस वे से हो जाएगी। इन दोनों अंडरपास का निर्माण डायाफार्म तकनीक पर किया जाएगा।

**181 करोड़ में बनाए जाएंगे दोनों अंडरपास:** पहला अंडरपास एक्सप्रेस-वे पर 16. 900 किमी चौनेज पर सेक्टर-145, 146 155 और 159 के बीच बनाया जाएगा। इसकी लंबाई 800 मीटर होगी। इसे निर्माण में करीब 99.74 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। इससे नवविकसित / विकासाधीन औद्योगिक सेक्टर-151, 153, 154, 155, 156, 157, 158, 159, 162 और 9 गांव को लाभ मिलेगा। दूसरा अंडरपास सुल्तानपुर के पास एक्सप्रेस-वे पर 6.10 किमी चौनेज पर सेक्टर-128, 129, 132 और 108 के बीच बनेगा। इसकी लंबाई 731 मीटर की होगी। इसके निर्माण में कुल 81.61 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। इस अंडरपास से सेक्टर-104, 105, 106, 107, 108, 110, 80, 81, 82, 83, 127, 128, 129, 130, 131, 132, 133, 134, 135, फेस-2, एनएसईजेड एवं 11 गांव को लाभ मिलेगा।

**दोनों अंडरपास डायाफ्राम तकनीक से किया जाएगा निर्माण:** इस बार बनाए जाने वाले अंडरपास में तकनीक का बदलाव किया गया है। 2020 के बाद एक्सप्रेस वे पर कोंडली, एडवेंट और सेक्टर-96 अंडरपास बॉक्स पुशिंग तकनीक पर बनवाए गए थे। इसमें लगातार एक्सप्रेस वे की सड़क धंसने की समस्याएं सामने आई थीं। इसलिए अबकी बार अंडरपास निर्माण के लिए प्राधिकरण डायाफ्राम तकनीक का चयन किया है। इसमें बगैर खुदाई के डायाफ्राम वॉल कास्ट की जाएगी। इसके बाद दो तरफ जमीन के अंदर यह दीवार बनाकर उसके ऊपर अंडर पास की छत ढाल दी जाएगी। नीचे दोनों दीवारों व छत के बीच की मिट्टी खुदाई कर निकाली जाएगी। इसके बाद नीचे की सड़क का काम शुरू होगा। इसी तरह से दोनों लेन का काम प्राधिकरण करवाएगी। इसके कारण कुछ दिनों तक ट्रैफिक का संचालन प्रभावित रहेगा।

# लूटपाट करने वाले तीन बदमाश गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में मारपीट कर लूटपाट करने वाले तीन बदमाशों को थाना दादरी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इनके पास से पुलिस ने लूटे हुए तीन मोबाइल फोन तथा घटना में प्रयुक्त डंडे आदि बरामद किया है।



थाना दादरी के प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार ने बताया कि 21 जून को एक व्यक्ति ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसके साथ कुछ लोगों ने मारपीट करके तीन मोबाइल फोन और अन्य सामान लूट लिया। घटना की रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर रही पुलिस ने आज घटना को अंजाम देने वाले हिमांशु पुत्र विजयपाल उम्र 21 वर्ष, शुभम पुत्र बबलू उम्र 23 वर्ष, लक्ष्य पुत्र करण सिंह उम्र 20 वर्ष को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि इनके पास से पुलिस ने एक देसी तमंचा, दो चाकू, घटना में प्रयुक्त दो डंडे। लुटे हुए तीन मोबाइल फोन आदि बरामद किया है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार बदमाशों का पूर्व में अपराधी के इतिहास है।

थाना प्रभारी ने बताया कि इस मामले में रजनीश कुमार ने 21 जून को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह अपने दोस्त संजीत के साथ कार में सवार होकर जा रहे थे। वे लोग लघु शंका करने के लिए कार से उतरे, तभी तीन लोग आए तथा उन्होंने उनके साथ मारपीट कर उनका मोबा. इल फोन और अन्य सामान लूट लिया था।

## एक नजर

### नेत्र उत्सव में प्रभू जगन्नाथ के दर्शन करने लोग उमड़े

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** सेक्टर-121 स्थित जगन्नाथ मंदिर और सेक्टर-33 के इस्कॉन मंदिर में गुरुवार को नेत्र उत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रभु के दर्शन किए। देव स्थान अथवा स्नान पूर्णिमा के बाद परंपरा के अनुसार भगवान 15 दिनों तक बीमार पड़ते हैं। इस दौरान भगवान भक्तों को दर्शन नहीं देते। गुरुवार को 15 दिनों बाद प्रभु जगन्नाथ ने अपने नेत्र खोले और भक्तों को नेत्रोत्सव दर्शन दिए। इस दौरान विशेष अनुष्ठान के साथ प्रभु जगन्नाथ को नया वस्त्र धारण कराया गया। वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच आमंत्रित पुजारियों के सानिध्य में भगवान की पूजा हुई। इसके बाद महाआरती में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया।

पूजा-अर्चना के बाद प्रसाद वितरण किया गया। रथ यात्रा आज निकाली जाएगी इस्कॉन मंदिर की रथ यात्रा शुक्रवार शाम चार बजे सेक्टर-18 से शुरू होगी। यह अट्टा मार्केट, सब मॉल, डी एम चौक, स्टेडियम, चौड़ा चौक तथा अडोब चौक होते हुए सायं 7 बजे इस्कॉन मंदिर पहुंचेगी। सेक्टर- 121 में जगन्नाथ मंदिर से रथ यात्रा दोपहर 3 बजे शुरू होगी। यह सेक्टर 71 बाबा बालक नाथ मंदिर तक जाएगी।

### बिना निर्माण किए इंडस्ट्रियल प्लाट बेचा, तो आवंटन होगा निरस्त

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में करीब 3215 इंडस्ट्रियल प्लाट आवंटित किए गए। अब तक 50 प्रतिशत से ज्यादा कारोबारियों ने प्लाट पर निर्माण की शुरुआत नहीं की। दरअसल ये आवंटी बढ़ती कीमतों का इंतजार कर रहे है। जैसे की दाम बढ़ेंगे प्लाट को बेच देंगे। अब ऐसा नहीं कर सकेंगे। यीडा ने सार्वजनिक नोटिस जारी कर स्पष्ट कहा कि आवंटी अब इंडस्ट्रियल प्लाट को बिना निर्माण किए नहीं बेच सकेंगे। यदि ऐसा करते है तो आवंटियों का भूखंड निरस्त करेगा।

यमुना प्राधिकरण (यीडा) के सेक्टर-24, 24ए, 30, 32, 33 में उद्यमियों को 3215 औद्योगिक भूखंडों का आवंटन किया जा चुका है, लेकिन अब तक 50 प्रतिशत ने भी औद्योगिक इकाई और फैक्ट्री का निर्माण शुरू नहीं किया। यीडा ने अपने स्तर से ऐसे मामलों में जांच भी शुरू कर दी है। यदि कोई भी आवंटी ऐसा पाया जाता है तो उसका भूखंड निरस्त कर उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। इसके अलावा यदि कोई भी कारोबारी कंपनी का ट्रांसफर करना चाहेगा तो वह सिर्फ अपने खून के रिश्तों में ही ऐसा कर पाएगा।

**प्लाट पर 50 प्रतिशत पक्का निर्माण जरूरी:** अब इंडस्ट्रियल प्लाट पर 50 प्रतिशत पक्का निर्माण कर यूनिट स्थापित करना अनिवार्य हो गया है। अब तक देखा जाता है कि कारोबारी प्लाट पर टिन शेड डालकर मशीन लगा देते हैं। लेकिन अब उनको 50 प्रतिशत पर टीन शेड और बाकी पर पक्का निर्माण करना होगा।

### नोएडा के इंडस्ट्रियल सेक्टर को मिलेगी निर्बाध बिजली

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** नोएडा के निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए गुरुवार को 33/11 केवी के सब स्टेशन का शुभारंभ किया गया। सांसद डॉक्टर महेश शर्मा व विधायक पंकज सिंह ने रिबन काटकर इसका लोकार्पण किया। ये सब स्टेशन नगला चरणदास सेक्टर-80 में 15 करोड़ की लागत से तैयार किया गया।

एसीईओ संजय खत्री ने बताया कि इस सब सबस्टेशन से सेक्टर-80 के फेस-2 जिसमें सेमसंग , बी ब्लाक, सी ब्लाक , सेक्टर-80 , बी-2 और सेक्टर-81 के आसपास , भूंडा , ककराला नगला चरणदास को पर्याप्त बिजली आपूर्ति उपलब्ध कराई जाएगी। बता दे कि ओवर लोड होने की वजह से यहां शटडाउन की समस्या रहती थी। इस सब स्टेशन से लाइन लॉस के अलावा शटडाउन की समस्या से काफी हद तक निजात मिल सकेगा। इसके अलावा अन्य स्थानों पर भी प्राधिकरण 33/11 केवी के सब स्टेशन का निर्माण करवा रहा है।

# संजय मावी आरडब्ल्यूए अध्यक्ष बने

**नोएडा।** सेक्टर-56 आरडब्ल्यूए की चुनाव में विपक्ष से किसी प्रत्याशी के नामांकन नहीं करने पर संजय मावी के पैनल को निर्विरोध चुन लिया गया। इसमें अध्यक्ष संजय मावी, महासचिव जीके बंसल, कोषाध्यक्ष अमीर सिंह यादव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष हरीश जुगरान, उपाध्यक्ष हरीश सभरवाल, संयुक्त सचिव ओमप्रकाश अग्रवाल, संयुक्त सचिव (महिला) सुनीता सिंह और संयुक्त कोषाध्यक्ष रुचि अग्रवाल चुनी गईं। संजय मावी पैनल की यह पांचवीं जीत है। नई कार्यकारिणी का कार्यकाल 2027 तक रहेगा। इसके अतिरिक्त सभी ब्लॉक प्रतिनिधि निर्विरोध घोषित किए गए।

# मालिकाना हक पाकर आरजी लग्जरी के फ्लैट खरीदारों के खिले चेहरे

शाह टाइम्स संवाददाता

**नोएडा।** आरजी लग्जरी के फ्लैट खरीदारों के लिए बृहस्पतिवार का दिन बहुत खुशी लेकर आया। लंबे इंतजार के बाद बृहस्पतिवार को खरीदारों के नाम फ्लैटों की रजिस्ट्री शुरू हो गई। खरीदारों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण, स्टांप विभाग व बिल्डर ने मिलकर फ्लैटों की रजिस्ट्री के लिए सोसाइटी परिसर में ही शिविर लगाया। दिल्ली के चांदनी चौक से सांसद प्रवीण खंडेलवाल, दादरी विधायक तेजपाल नागर, ग्रेनो प्राधिकरण की एसीईओ प्रेरणा सिंह, एआईजी स्टांप बृजेश कुमार, सब रजिस्ट्रार विकास गौतम, आईआरपी मनोज कुलश्रेष्ठ और आरजी रेजीडेंसी ग्रुप के एमडी राजेश गोयल ने इसका शुभारंभ किया। पहले दिन करीब 100 फ्लैटों की रजिस्ट्री कर खरीदारों को दस्तावेज सौंपे गए। पहले चरण में लगभग 750 फ्लैटों की रजिस्ट्री होनी है। 2010 में आवंटित इस प्रोजेक्ट में लगभग 1900 फ्लैट हैं।

इस अवसर पर सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने कहा कि ने कहा कि कई बिल्डर प्रोजेक्ट फंसे हुए थे। खरीदारों ने लोन लेकर फ्लैट खरीदा था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रयास से खरीदारों को उनके सपने का घर मिलना संभव हुआ है। उन्होंने आरजी लग्जरी के फ्लैट खरीदारों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि देर आए दुरुस्त आए। दादरी विधायक तेजपाल नागर ने कहा कि फ्लैट खरीदारों को मालिकाना हक दिलाना प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है। प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के पहल पर बिल्डर-बायर्स मुद्दा हल करने के लिए पहली बार कमेटी बनाई गई। उन्होंने ग्रेटर नोएडा के प्रोजेक्टों में खरीदारों के नाम फ्लैटों की रजिस्ट्री कराने के लिए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार, एसीईओ सौम्य श्रीवास्तव, एसीईओ प्रेरणा सिंह, प्रबंधक स्नेहलता और बिल्डर विभाग के प्रयासों की सराहना की।

# ग्रेनो प्राधिकरण की बिल्डरों को दो टूक, खरीदारों के नाम फ्लैटों की जल्द रजिस्ट्री कराएं, नहीं तो कार्रवाई होगी

शाह टाइम्स संवाददाता

**ग्रेटर नोएडा।** अमिताभ कांत समिति से लाभ लेने वाले बिल्डर प्रोजेक्टों में अपंजीकृत फ्लैटों की रजिस्ट्री जल्द कराने के मकसद से ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के एसीईओ सौम्य श्रीवास्तव ने बृहस्पतिवार को क्रेडाई व बिल्डरों के साथ बैठक की। एसीईओ ने बिल्डरों को फ्लैट खरीदारों की शीघ्र रजिस्ट्री कराने के निर्देश दिए। इसके साथ ही बिल्डरों से भी कहा गया है कि अगर कोई खरीदार रजिस्ट्री कराने नहीं आ रहा, उनका आवंटन निरस्त करने का नोटिस जारी करें।




दरअसल, अमिताभ कांत समिति से लाभ पाने वाले नौ परियोजनाओं में 1431 फ्लैटों की रजिस्ट्री बाकी है। इनकी तरफ से बकाया धनराशि भी जमा करा दी गई है। प्राधिकरण की तरफ से ऑक्यूपेंसी सर्टिफिकेट और रजिस्ट्री की अनुमति भी दे दी गई है, फिर भी इन परियोजनाओं में रजिस्ट्री अटकी हुई है। इन फ्लैटों की रजिस्ट्री कराने के लिए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार ने क्रेडाई व बिल्डरों के साथ बैठक करने और रजिस्ट्री शुरू के निर्देश दिए। एसीईओ सौम्य श्रीवास्तव की अध्यक्षता में बृहस्पतिवार को प्राधिकरण के बोर्ड रूम में बैठक की, जिसमें ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के बिल्डर विभाग की मैनेजर स्नेहलता के अलावा क्रेडाई से सेक्रेटरी निखिल हवेलिया व मनीष गुप्ता और बिल्डर प्रतिनिधि आदि शामिल हुए। एसीईओ सौम्य श्रीवास्तव ने क्रेडाई और बिल्डरों के साथ बैठक में साफ कहा कि बिल्डर इन फ्लैटों की रजिस्ट्री शीघ्र कराएं। अन्यथा अमिताभ कांत समिति से प्राप्त सुविधा को वापस ले लिया जाएगा। वहीं, बिल्डरों को भी निर्देश दिए कि अगर खरीदार की तरफ से रजिस्ट्री कराने में लापरवाही बरती जा रही है तो उनको भी आवंटन निरस्त करने की अंतिम नोटिस जारी कर दें। एसीईओ ने फ्लैट खरीदारों से शीघ्र रजिस्ट्री कराने की अपील की।

# नोएडा में 15 करोड़ से दलित प्रेरणा स्थल का सौंदर्यीकरण

शाह टाइम्स संवाददाता

**नोएडा।** नोएडा के सेक्टर-95 राष्ट्रीय दलित प्रेरणा स्थल का सौंदर्यीकरण किया जा रहा है। इसके लिए करीब 15 करोड़ रुपए खर्च हो रहे है। ये कार्य चार फेज में पूरा होगा। 2026 तक पार्क का उद्यानिक मेनटेनेंस भी किया जाएगा। इसके लिए कंपनी का चयन कर लिया गया है। यहां फुटपाल का बढ़ाने के लिए कई अन्य प्रोजेक्टों पर भी काम किया जा रहा है।

प्रेरणा स्थल के प्रबंधक बिजेंद्र सिंह ने बताया कि सौंदर्यीकरण का काम चार हिस्सों में हो रहा है। पहले पार्क में बने मुख्य गुंबद की मरम्मत का की जा रही है। जिसका अधिकांश कार्य पूरा किया जा चुका है। ये कार्य यूपी राज्य निर्माण निगम करवा रहा है। इसके लिए करीब 3 करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे है।

इसके अलावा यहां बनी कई आदमकद मूर्तियों पर पालिशिंग , पेंटिंग और मरम्मत का काम किया जा रहा है। इसके लिए 4 करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे है। इसका करीब 60 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। हॉर्टिकल्चर का काम 3 करोड़ से हो रहा है। यहां सिलेक्शन-1 की घास लगाई जा रही है।

**सालभर करना होगा मेनटेनेंस:** खास बात ये है कि कंपनी को ही एक साल तक उद्यान की देखरेख करनी होगी। इसके अलावा पार्क को जगमग किया जाएगा। इसके लिए करीब 5 करोड़ के कार्य प्रस्तावित किए गए है।

# बिजली विभाग की लापरवाही से किसान की मौत, केस दर्ज

शाह टाइम्स संवाददाता

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के रबूपुरा कोतवाली क्षेत्र में बिजली विभाग की लापरवाही से एक किसान की मौत हो गई। अनवरगढ़ गांव के अनीस(40) बुधवार को अपने खेत में काम कर रहे थे। इसी दौरान 11 हजार वोल्ट की बिजली के करंट की चपेट में आने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

परिवार का आरोप है कि करीब एक महीने पहले बिजली की लाइन टूटकर खेत में गिर गई थी। उन्होंने बिजली विभाग के अधिकारियों से इसकी शिकायत की थी। अधिकारियों ने लाइन की मरम्मत के लिए रिश्वत भी ली। लेकिन लाइन को ठीक नहीं किया गया। बुधवार को अचानक लाइन में करंट आ गया, जिससे यह हादसा हुआ।

पीड़ित परिवार की शिकायत पर पुलिस ने बिजली विभाग के 6 अधिकारियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। इनमें पूर्व एक्सईएन राहुल कुमार, वर्तमान एक्सईएन सुभाष चंद्र मौर्य, पूर्व एसडीओ विनय कुमार, वर्तमान एसडीओ अजय कुमार और जेई कमलेश शामिल हैं। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# महिला और युवक ने की आत्महत्या

**नोएडा।** जनपद गौतमबुद्ध नगर के नोएडा एवं ग्रेटर नोएडा क्षेत्र में रहने वाले एक महिला और युवक ने अपने ससुराल वालों के उत्पीड़न से तंग आकर अपने-अपने घरों पर पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर लिया। पीड़ित परिजनों की शिकायत पर पुलिस मामले की जांच-पड़ताल कर रही है। जानकारी के अनुसार थाना फेस-2 में एक व्यक्ति ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसने अपनी बेटी के शादी ककराला गांव में रहने वाले असलम के साथ की थी। पीड़ित के अनुसार उसकी बेटी के ससुराल पक्ष के लोगों ने उसका उत्पीड़न किया, जिसकी वजह से उसने आत्महत्या कर लिया।

# सैम व मैम बच्चों को समय पर पोषण व दवाएं दें: सीडीओ

शाह टाइम्स संवाददाता

**ग्रेटर नोएडा।** जनसामान्य को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ समयबद्ध रूप से उपलब्ध कराने के उद्देश्य से संचालित विभिन्न योजनाओं की गहन समीक्षा हेतु आज डीएम मनीष कुमार वर्मा के निर्देशों के क्रम में मुख्य विकास अधिकारी विद्यानाथ शुक्ला की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई।



मुख्य विकास अधिकारी ने आउटडोर मरीजों की समीक्षा, भर्ती मरीजों की समीक्षा, जननी सुरक्षा योजना, प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान, डायरिया रोको अभियान, आयुष्मान भारत, हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर, ई-कवच, ई-संजीवनी, नियमित टीकाकरण, मातृत्व स्वास्थ्य आदि कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में अधिकारियों और चिकित्सकों की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे समय से अपनी ड्यूटी पर उपस्थित रहकर योजनाओं के क्रियान्वयन में पूरी तत्परता से कार्य करें।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. नरेंद्र कुमार ने पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से अब तक की प्रगति से मुख्य विकास अधिकारी को अवगत कराया।

मुख्य विकास अधिकारी ने प्रधानमंत्री टीवी मुक्त भारत अभियान की समीक्षा करते हुए स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से कहा कि जो भी टीबी के चिन्हित मरीजों की नियमित रूप से मॉनिटरिंग की जाए एवं उनका समय-समय पर पोषण पोटली का वितरण करते रहें। उन्होंने 16 जून से 31 जुलाई 2025 तक चलने वाले डायरिया रोको अभियान की समीक्षा करते हुए स्वास्थ्य विभाग का अधिकारियों से कहा कि डायरिया की रोकथाम हेतु आशा कार्यकत्री के माध्यम से हर घर का भ्रमण कर कर बच्चों की सूची तैयार की जाए और सभी को ओआरएस एवं जिंक निशुल्क उपलब्ध कराया जाए, ताकि बच्चों को डायरिया से सुरक्षित रखा जा सके। मुख्य विकास अधिकारी ने बाल विकास परियोजना अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि आंगनबाड़ी केंद्रों पर पोषण अभियान की प्रभावी मॉनीटरिंग सुनिश्चित की जाए। सैम-मैम बच्चों को समय से पोषाहार और दवाएं उपलब्ध कराने के साथ उनके स्वास्थ्य की नियमित जांच कराते रहने को कहा गया। उन्होंने संपूर्ण टीकाकरण को शत-प्रतिशत सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। साथ ही यह भी कहा कि जनपद के सभी सरकारी अस्पतालों में साफ सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए एवं अस्पतालों में दवाइयों और आवश्यक चिकित्सीय उपकरणों की पर्याप्त उपलब्धता बनी रहनी चाहिए।

**शाह टाइम्स**

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

**प्रवेश सिंह दतानियां**

जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा

ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email : parveshnoida@gmail.com

**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

# अज्ञात वाहन की टक्कर से आधा दर्जन लोग घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** गुरुवार को हापुड़ के थाना देहात क्षेत्र में मेरठ बाईपास पर पटना फ्लाईओवर के पास एक दर्दनाक सड़क हादसे में लोधीपुर गांव के छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। ये सभी ई-रिक्शा में सवार होकर ग्राम धनौरा से धान लगाकर अपने गांव लौट रहे थे, तभी किसी अज्ञात वाहन ने पीछे से उनके ई-रिक्शा को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे की सूचना मिलते ही थाना हापुड़ देहात के प्रभारी विजय गुप्ता अपनी पुलिस टीम के साथ तुरंत मौके पर पहुंचे। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए घायलों को एम्बुलेंस से नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया जहाँ उनका इलाज चल रहा है।



पुलिस के अनुसार, टक्कर मारने वाला वाहन चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी है और घटना स्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं ताकि दोषी चालक का पता लगाया जा सके। घायल होने वाले सभी छह लोग लोधीपुर गांव के निवासी हैं। जिनमें ऋषिपाल, संगीता, रेखा, रामवती, रेशम और ममता शामिल हैं। हादसे में उन्हें गंभीर चोटें आई हैं। सीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद हालत स्थिर बताई जा रही है। डॉक्टरों ने कुछ घायलों को गंभीर चोटों के चलते मेरठ के अस्पताल में रेफर करने की संभावना जताई है। इस घटना के बाद परिजनों में दहशत का माहौल है।

# चोरों ने मकान से नकदी व आभूषण चोरी किए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना पिलखुवा क्षेत्र में चोरों ने एक मकान को अपना निशाना बनाते हुए 25 हज़ार रूपये की नगदी और आभूषण चोरी कर लिए।

मिली जानकारी के अनुसार पीड़ित परिवार सो रहा था। इसी दौरान देर रात चोरों ने एक घर को अपना निशाना बनाते हुए घर में रखी नकदी और आभूषण चोरी कर लिए। कन्हैया पुत्र पप्पू, निवासी प्रहलादनगर पिलखुवा के मकान में चोरों ने चुपचाप घुसकर 5,000 नकद, पाजेब और नाक की लौंग चुरा ली। चोरी के बाद चोर मौके से फरार हो गए। सुबह जब परिजनों की नींद खुली तो उन्होंने घर का जीना खुला देखा, जिससे उन्हें चोरी का एहसास हुआ। तत्काल पुलिस को इसकी सूचना दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और छानबीन शुरू कर दी है। थाना प्रभारी निरीक्षक पटनीश कुमार ने बताया कि संबंधित मामले



में पीड़ित की तहरीर के आधार पर सम्बंधित मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जल्द ही चोरों को गिरफ्तार कर चोरी घटना का खुला. सा किया जाएगा।

# सड़क सुरक्षा से जुड़े मुद्‌दों पर मंथन

## डीएम की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा समिति की हुई बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में जिलाधिकारी अभिषेक पाण्डेय की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में सड़क सुरक्षा से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए।

बैठक में अपर जिलाधिकारी संदीप कुमार, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन रमेश कुमार चौबे, लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता शैलेंद्र सिंह, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी हापुड़ डा. सुनील गुप्ता, टीएसआई निशांत, एनएचएआई गाजियाबाद से प्रिंस चौहान और मनीष पांडे, एनएचएआई मुरादाबाद से जयवर्धन सिंह सहित कई अन्य विभागों के अधिकारी और सदस्य उपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि जो भी अपंजीकृत ई-रिक्शा संचालित हो रहे हैं या थानों में जब्त हैं, उन्हें एक कमेटी बनाकर स्क्रेप कबाड़ कराया जाए। सभी ब्लैक स्पॉट दुर्घटना संभावित क्षेत्र पर एक सप्ताह के भीतर आवश्यक कार्य पूर्ण किए जाएं। ई-रिक्शा के लिए मार्गों का निर्धारण किया जाए। सभी स्कूली वाहनों का शत-प्रतिशत फिटनेस कराकर ही संचालन सुनिश्चित किया जाए। सड़क किनारे लगे सभी अवैध विज्ञापन और फ्लेक्सी तत्काल हटाए जाएं। जनपद में जहां भी टी जंक्शन और वाई जंक्शन हैं जो मुख्य मार्गों से जुड़ते हैं, उनका चिन्हांकन कर सुधार की कार्रवाई की जाए। जनपद में बने सभी अवैध कट बंद कराए जाएं। सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए एनएच-24 पर शीघ्र ही ओवर स्पीड कैमरे लगाए जाएं। बैठक के अंत में, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन हापुड़ रमेश कुमार चौबे ने सभी प्रतिभागियों का धन्यवाद ज्ञापित किया और बैठक का समापन हुआ।

# बछलौता में भैसा दौड़ को लेकर बवाल, युवक पर फायरिंग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** बाबूगढ़ थाना क्षेत्र के बछलौता गांव में भैंसा दौड़ में शामिल होने से इनकार करने पर एक युवक पर जानलेवा हमला किया गया। कार्तिक नाम के युवक को विकास नाम के व्यक्ति ने 25 जून की रात करीब 8 बजे भजनपुरा चौराहे पर भैंसा दौड़ के लिए बुलाया था। जब कार्तिक ने इसमें हिस्सा लेने से मना कर दिया, तो विकास, सचिन उर्फ चीनू और उनके एक अज्ञात साथी ने उसके साथ गाली-गलौज और मारपीट की। किसी तरह कार्तिक वहां से बचकर अपने घर पहुंचा। रात 9 बजे आरोपी कार्तिक के घर पहुंचे और उसे बाहर बुलाया। जैसे ही कार्तिक बाहर आया, आरोपियों ने उस पर तमंचे से तीन राउंड फायरिंग की, जिसका मकसद कार्तिक को जान से मारना था। हालांकि गोली कार्तिक को नहीं लगी और वह बाल-बाल बच गया। गोली की आवाज सुनकर ग्रामीण इकट्ठा हो गए, जिसके बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। कार्तिक के चाचा ज्ञानवीर ने बाबूगढ़ थाने में शिकायत दर्ज कराई है। थाना प्रभारी निरीक्षक महेंद्र सिंह ने बताया कि विकास, सचिन उर्फ चीनू और एक अज्ञात आरोपी के खिलाफ हत्या के प्रयास, मारपीट और गाली-गलौज का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है और उन्हें जल्द ही गिरफ्तार करने का आश्वासन दिया है।

## एक नजर

### चोरी की मोटरसाइकिल के साथ शातिर वाहन चोर गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना पिलखुवा पुलिस ने चैकिंग के दौरान एक वाहन चोर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से थाना पिलखुवा क्षेत्र से चोरी की गई मोटर साइकिल व अवैध हथियार बरामद किया है।

थाना प्रभारी निरीक्षक पटनीश कुमार ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा धौलाना रोड पर स्थित फल मण्डी के पास चेकिंग की जा रही थी तभी पुलिस को एक संदिग्ध वाहन चालक आता दिखाई दिया। पुलिस ने जब उसे रुकने का इशारा किया तो वह पुलिस को देखकर भागने लगा। पुलिस वाहन चोर को थाने ले आई। पुलिस पूछताछ में वाहन चोर ने अपना नाम वसीम पुत्र मुस्तकीम निवासी ग्राम लोकला थाना अगौता बुलन्दशहर बताया। उन्होंने बताया कि वाहन चोर के कब्जे से थाना पिलखवा क्षेत्र से चोरी की गई एक अपाचे मोटर साइकिल, एक अवैध तमंचा और कारतूस बरामद किया है। थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि गिरफ्तार किया गया वाहन चोर शातिर किस्म का अपराधी है जिसके खिलाफ आधा दर्जन से अधिक आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। फिलहाल वाहन चोर को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिया गया है।

### अवैध हथियार रखने के मामले में न्यायालय ने दोषी को सुनाई सजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** पुलिस द्वारा अवैध रुप से हथियार रखने के मामले में एक आरा. पी को प्रभावी पैरवी के चलते न्यायालय द्वारा सज़ा सुनाई गई साथ ही अर्थदण्ड से भी दण्डित किया गया।

सहायक शासकीय अधिवक्ता ने बताया कि वर्ष 2002 में आरोपी विजय शर्मा द्वारा अवैध रुप से हथियार रखने के सम्बन्ध में आरोपी के खिलाफ थाना गढमुक्तेश्वर पर आर्म्स एक्ट का मुकदमा दर्ज किया गया था। उक्त मुकदमे में आरोपी को गिरफ्तार कर साक्ष्य संकलन की कार्यवाही करते हुए पुलिस द्वारा आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया गया था। इसी क्रम में न्यायालय द्वारा विजय शर्मा पुत्र भानू प्रताप शर्मा निवासी देवीपुरा थाना कोतवाली बुलन्दशहर जनपद बुलन्दशहर को जुर्म इकबाल के आधार पर जेल में बितायी गयी अवधि व 1,000 रुपये के अर्थदण्ड़ से दण्डित किया गया है।

### जिलाधिकारी ने की बैंकर्स की समीक्षा बैठक, अनुपात बढ़ाने के निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अभिषेक पाण्डेय और मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गौतम की सह-अध्यक्षता में जिला स्तरीय बैंकर्स समीक्षा समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक का मुख्य फोकस जिले में बैंकिंग सेवाओं के विस्तार, वित्तीय समावेशन और विकास परियोजनाओं के लिए आर्थिक सहायता पर रहा।

जिलाधिकारी ने ग्रामीण क्षेत्रें में बैंकिंग सेवाओं और सरकारी योजनाओं का लाभ अधिकतम लोगों तक पहुंचाने के लिए इन सेवाओं को अधिक सुलभ बनाने पर जोर दिया। सभी बैंकों से आगामी योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए एक रूपरेखा तैयार करने और जिले के आर्थिक विकास में योगदान देने का आग्रह किया गया। सभी बैंकों ने मुद्रा योजना, किसान क्रेडिट कार्ड योजना, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना, ओडीओपी योजना, फिशिंग योजना सहित विभिन्न सरकारी योजनाओं की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। जिलाधिकारी ने मत्स्य पालन अधिकारी को विशेष रूप से गढ़ क्षेत्र में कैंप लगाकर फिशिंग योजना के प्रति लोगों को जागरूक करने के निर्देश दिए, ताकि अधिक से अधिक लोग इस योजना का लाभ उठा सकें। बैठक में जिला विकास अधिकारी देवेंद्र प्रताप, कृषि उपनिदेशक और सभी बैंकों के जिला समन्वयक अधिकारी उपस्थित रहे।

### पूर्व प्रधान ने की टूटे रास्तों की मरम्मत कराए जाने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धौलाना।** पूर्व प्रधान प्रदीप नागर ने धौलाना ब्लॉक के गांव उदयरामपुर नंगला के टूटे रास्तो के मरम्मत कराए जाने की मांग की है उन्होने बताया कि धौलाना ब्लॉक के गांव उदयरामपुर नंगला में पानी की टंकी और पाइपलाइन बिछाने का काम जल निगम द्वारा शुरू किया गया था। इसके लिए रास्तों की खुदाई कर के पाइपलाइन बिछाई गई थी। पाइपलाईन बिछाने के बाद खुदाई किए गए रास्तों की मरम्मत नही की गई बल्कि उन्हे ऐसे ही आधे अधूरे छोड दिए गए जिससे ग्रामिणों को कठिनाईयों का सामना करना पड रहा है। उन्होने रास्तों की मरम्मत कराने की मांग की है।

### मारपीट व जान से मारने की धमकी देने के मामले में दोषी को सज़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** पुलिस ने मारपीट करने व जान से मारने की धमकी देने के मामले में एक आरोपी को प्रभावी पैरवी के चलते न्यायालय द्वारा सज़ा सुनाई गई साथ ही अर्थदण्ड से भी दंडित किया।

सहायक शासकीय अधिवक्ता ने बताया कि वर्ष 2005 में आरोपी कपिल द्वारा मारपीट करने व जान से मारने की धमकी देने के सम्बन्ध में आरोपी के खिलाफ थाना हापुड देहात पर मुकदमा दर्ज किया गया था। उक्त मुकदमे में आरोपी को गिरफ्तार कर साक्ष्य संकलन की कार्यवाही करते हुए पुलिस द्वारा आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया गया था। इसी क्रम में न्यायालय द्वारा कपिल पुत्र हीरा निवासी मौहल्ला कोटला सादात को जुर्म इकबाल के आधार पर जेल में बितायी गयी अवधि 2 माह 20 दिवस व 2,000 रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है।

# जुआ खेलते हुए दो जुआरी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना सिम्भावली पुलिस ने जुआ खेलते हुए दो जुआरीयों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से नकदी व ताश के पत्ते बरामद किए है।

थाना प्रभारी सुमित तोमर ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर पुलिस जुआ खेलते हुए दो जुआरीयों को गिरफ्तार किया है। जिनके कब्ज़े से 1120 रुपये की नकदी व 52 ताश के पत्ते बरामद किए है। पुलिस के मुताबिक जुआ. रियों की पहचान सतीश पुत्र रामप्रसाद रूपेश पुत्र कालीचरण निवासी ग्राम हाजीपुर थाना सिम्भावली के रूप में हुई है। थाना प्रभारी ने बताया कि जुआरीयों को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे पहुंचा दिया गया है।

# डीएम ने की व्यापारियों के साथ बैठक, निस्तारण के निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** गुरुवार को जिलाधिकारी अभिषेक पाण्डेय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में व्यापार बंधु की मासिक बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने अधिकारियों को व्यापारियों की समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बैठक में मुख्य रूप से औद्योगिक क्षेत्र एमजी रोड हापुड़ पर सड़क और नाला निर्माण के मुद्दे पर चर्चा हुई, जिसके लिए यूपीसीडा के वरिष्ठ प्रबंधक को त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। संयुक्त हापुड़ उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष ललित अग्रवाल छावनी वाले ने शहर में पार्किंग की समस्या, महामंत्री संजय अग्रवाल ने रोडवेज बसों के हापुड़ में स्टॉपेज और नवीन मंडी समिति के वेयरहाउस को पुनः चालू करने का मुद्दा उठाया। बिजेंद्र पंसारी ने नगरपालिका से संबंधित समस्याओं पर प्रकाश डाला। अन्य व्यापारी नेताओं ने बृजघाट, गढ़, छावनी, और पिलखुवा सहित विभिन्न क्षेत्रों की समस्याओं से जिलाधिकारी को अवगत कराया। विशेष रूप से, यह बताया गया कि दिल्ली से लखनऊ, बरेली और मुरादाबाद जाने वाली परिवहन निगम की बसें अब बाबूगढ़ छावनी, कुचेसर, सिंभावली, और बक्सर जैसे कस्बों के अंदर से न जाकर नवनिर्मित बाईपास से संचालित हो रही हैं। जिससे यात्रियों को भारी असुविधा और लूटपाट का खतरा रहता है। नवीन मंडी स्थल हापुड़ का वेयरहाउस कई वर्षों से बंद पड़ा है,




जिससे भंडारण की समस्या बनी हुई है। बैठक में मुख्य विकास अधिक. ारी हिमांशु गौतम, अपर जिलाधिक. ारी संदीप कुमार, उपायुक्त उद्योग, उप जिलाधिकारी, पुलिस क्षेत्राधिकारी, विद्युत विभाग, मुख्य अग्निशमन अधिकारी, यूपीसीडा के अधिकारियों सहित ललित अग्रवाल छावनी वाले, संजय अग्रवाल, बिजेंद्र पंसारी, नेत्रपाल सिंह, संतोष गोयल, प्रवीण वर्मा, संजय कंसल, जितेंद्र गोयल, दीपांशु गर्ग, राकेश पंसारी और विभिन्न व्यापारी संघों के पदाधिकारी तथा उद्यमी उपस्थित रहे।

# मोहर्रम व कांवड़ यात्रा को लेकर शांति समिति की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना धौलाना परिसर में मोहर्रम और कांवड़ यात्रा की तैयारियों को लेकर सीओ अनीता चौहान की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक हुई। कांवड़ यात्रा को लेकर आयोजित बैठक में सीओ ने सुरक्षा व्यवस्थाओं एवं कांवड़ियों की सुविधा व मोहर्रम के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा निर्देश दिये। पिलखुवा सीओ अनीता चौहान ने इस दौरान कहा कि सभी त्योहार भाईचारे और सौहार्द के साथ मनाए जाएं। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी नई परंपरा की अनुमति नहीं मिलेगी। ताजिया को केवल परंपरागत मार्ग से निकालना होगा और उसकी ऊंचाई सीमित रखनी होगी। सीओ ने कहा कि कावड़ यात्रा के दौरान जो लोग सेवार्थ शि. विर लगाते हैं उन्हें परमिशन लेनी



होगी बिना परमिशन के शिविर न लगायें। थाना प्रभारी देवेंद्र बिष्ट ने चेतावनी दी कि त्योहार के दौरान माहौल बिगाड़ने वालों पर कड़ी नजर रखी जाएगी। ऐसे लोगों को चिह्नित कर कार्रवाई की जाएगी। बैठक में ताजियादार, मौलवी और धर्मगुरु समेत क्षेत्र के प्रमुख लोग शामिल हुए।

# दो सप्ताह बीत जाने के बाद भी नहीं हुई आरोपियों की गिरफ्तारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना हापुड़ देहात क्षेत्र के गांव असोड़ा में मामूली विवाद को लेकर दबंगों द्वारा एक युवक के साथ मारपीट और हत्या के प्रयास के मामले में पीड़ित परिवार ने पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है।

गांव असोड़ा के अमन कॉलोनी निवासी फरमान ने बताया कि 13 जून की रात समय करीब 8 बजे उसका भाई अरमान कोल्ड ड्रिंक लेने के लिए एक दुकान पर गया था। इसी दौरान गांव के ही रहने वाले सिकंदर पुत्र नौशाद, इस्तकार पुत्र इदरीश और जुल्फिकार पुत्र इदरीश ने पीछे से आकर जान से मारने की नीयत से उसके भाई के गले में रस्सी डालकर गांठ लगा दी और उसके साथ मारपीट कर हत्या का प्रयास किया। पीड़ित अरमान के भाई फरमान ने बताया कि जब उसने बीच बचाव करने का प्रयास किया तो दबंगों ने उसके साथ भी जमकर मारपीट की। स्थानीय लोगों को आता देख दबंग जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। पीड़ित के भाई का आरोप है कि संबंधित मामले में आरोपियों के खिलाफ़ मुकदमा दर्ज कराया गया था। करीब दो सप्ताह बीत जाने के बाद भी पुलिस द्वारा आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं की गई है। आरोप है कि आरोपी लगातार गांव में खुलेआम घूम रहे हैं और पीड़ित और उसके परिवार को जान से मारने की लगातार धमकी दे रहे हैं। पीड़ित के भाई ने बताया कि हापुड़ एसपी से भी इस संबंध में वह न्याय की गुहार लगा चुका है। बावजूद इसके आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई है। जिसको लेकर पीड़ित परिवार न्याय के लिए दर-दर भटक रहा है। पीड़ित के भाई रमान का आरोप है कि आरोपी सिकंदर का पिता अपने आप को एक पत्रकार बताता है और पीड़ित परिवार पर फैसले का दबाव बना रहा है। आरा. प है कि फैसला न करने पर कथित पत्रकार पीड़ित परिवार को जान से मारने की धमकी भी दे रहा है। जिससे परिवार में दहशत का माहौल बना हुआ है। पीड़ित परिवार ने पुलिस से दबंगों और कथित पत्रकार के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है।

# विकास प्राधिकरण ने अधिशासी अभियंता प्रवीण गुप्ता को दी भावभीनी विदाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** हापुड़-पिलखुवा विकास प्राधिकरण में अधिशासी अभियंता प्रभारी सचिव के पद पर कार्यरत प्रवीण गुप्ता को 25 जून की दोपहर औपचारिक रूप से कार्यमुक्त कर दिया गया। उनकी सेवानिवृत्ति या स्थानांतरण के उपलक्ष्य में 26 जून को प्राधिकरण के सभागार कक्ष में एक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्राधिकरण के उपाध्यक्ष, सभी वरिष्ठ अधिकारी, अभियंता और समस्त स्टाफ सदस्य उपस्थित थे।

इस समारोह के दौरान प्रवीण गुप्ता द्वारा अपने कार्यकाल में किए गए बहुमूल्य विकास कार्यों, योजनाओं के सफल क्रियान्वयन, कार्यालयीन अनुशासन की स्थापना और प्रशास. निक समन्वय की व्यापक सराहना की गई। उनके नेतृत्व में विभिन्न



निर्माण परियोजनाएं समय पर और उच्च गुणवत्ता के साथ पूरी हुईं, जिससे स्थानीय नागरिकों को सुविधा मिली और प्राधिकरण की प्रतिष्ठा भी बढ़ी। कार्यक्रम के दौरान कई अधिकारियों और कर्मचारियों ने प्रवीण गुप्ता की नेतृत्व क्षमता, सरल स्वभाव, तकनीकी दक्षता और सहयोगी दृष्टिकोण की खुले दिल से प्रशंसा की। सभी ने उन्हें उनके भविष्य के दायित्वों के लिए शुभकामनाएं दीं और विश्वास व्यक्त किया कि वे उसी निष्ठा और समर्पण के साथ अपनी जिम्मेदारियों को निभाते रहेंगे, जैसा उन्होंने एचपीडीए में किया। समारोह के अंत में, उपाध्यक्ष महोदय ने गुप्ता को सम्मान-पत्र और स्मृति चिह्न भेंट करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर कुछ अधिका. रियों ने उन्हें पुष्पगुच्छ भी भेंट किए और सामूहिक भोज का भी आयोजन किया गया।

# स्कूल से ढाई लाख की चोरी



**शाह टाइम्स संवाददाता रहरा।** चोरों ने स्कूल में कूमल काटकर लाखों का सामान चोरी कर लिया। घटना की रिपोर्ट दर्ज करा दी गयी है। मामला गांव छपना स्थित रमजानी मॉडल उच्च प्राथमिक विद्यालय का है। ग्रीष्म कालानी अवकाश के दौरान स्कूल बंद था। बीती रात चोरों ने दीवार में कूमल काट लिया तथा यहां से दस केवी डीवीआर, छह बैटरी, छह छत के पंखे, एक इन्वर्टर चोरी कर ले गये। घटना का पता उस समय चला जब जब प्रबंधक शमीम अहमद का भाई वसीम मजदूर के साथ सफाई के लिए यहां पहुंचा। चोरी की रिपोर्ट दर्ज करा दी गयी है। चोरी गये सामान की कीमत करीब ढाई लाख रूपये बतायी जा रही है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में युवक लापता

## लिसाड़ी गेट क्षेत्र के शाहजहां कॉलोनी का है मामला, बुधवार शाम से परिजन कर रहे हैं तलाश

- पीड़ित पत्नी ने थाने में कराई गुमशुदगी दर्ज
- परिजनों को किसी अनहोनी की आशंका, तलाश में जुटी पुलिस



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** थाना लिसाड़ी गेट क्षेत्र के शाहजहां कालोनी गली नंबर 9 से एक युवक संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। युवक की परिवार के लोगों ने सब जगह तलाश की लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लगा।

इसके बाद गुरुवार को पत्नी थाने पहुंची और अनहोनी की आशंका जताते हुए थाना पुलिस को गुमशुदगी दी गुमशुदगी मिलने के बाद पुलिस ने उसकी तलाश शुरू कर दी है। लिसाड़ी गेट की रहने वाली तय्यबा पति फरदीन गुरुवार को लिसाड़ी गेट थाने पहुची जहां उसने बताया की बुधवार की शाम में उसका पति फरदीन घर से बिना कुछ बताएं चला गया उसकी पूरी रात सभी जगह तलाश की लेकिन उसका कोई सुराग नही लगा। परिवार के सभी लोगो को उसकी चिंता सता रही है। उसने बताया की फरदीन फोन लेकर गया था। फोन भी बंद आ रहा है। परिवार को अनहोनी की आशंका है। इसी के चलते पीड़िता तय्यबा ने थाना पुलिस को तहरीर देते हुए अपने पति फरदीन को तलाश करने की गुहार लगाई है थाना लिसाड़ी गेट पुलिस ने फरदीन की तलाश शुरू कर दी है।

## कुलंजन गांव से युवती लापता

### मां ने एक युवक पर आरोप लगाकर दी थाने में तहरीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** कुलंजन गांव से एक युवती संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। काफी तलाश के बाद भी उसका सुराग नहीं लगा। परिजनों ने बपारसी निवासी एक युवक पर उसके अपहरण का आरोप लगाया है। उन्होंने गुरुवार को थाने में तहरीर देकर पुलिस से कार्यवाही की मांग की। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर युवती की तलाश शुरू कर दी थी।


युवती की मां संगीता ने थाने में तहरीर देते हुए बताया कि बपारसी गांव निवासी अर्जुन पुत्र कर्मवीर का उनके घर आना-जाना था। आरोप है कि आरोपी उसकी पुत्री को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। उन्होंने युवती की काफी तलाश की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लगा पाया। पीड़िता ने किसी अनहोनी की आशंका जताते हुए पुलिस से बेटी को बरामद करने की मांग की है। थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर युवती की तलाश शुरु कर दी है।

## मोहर्रम के चांद का हुआ दीदार

# इमामबाड़ों में बिछी फर्श-ए-अजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फलावदा।** मोहर्रम का चांद गुरुवार को दिखाई देते ही इमामबाड़े सज गए और फर्श ए अजा बिछ गई। शुक्रवार को मोहर्रम की पहली तारीख है। करबला में शहीद हुए इमाम हुसैन समेत 72 शहीदों की याद में शुक्रवार को पहली मोहर्रम से करीब सवा दो महीने तक अजाखानों में मजलिसों का सिलसिला चलेगा।



गुरुवार शाम को मोहर्रम का चांद दिखाई देते ही शिया समुदाय के लोगों ने अपनों घरों और इमामबाड़ों को सजा कर फर्श ए अजा बिछाकर करबला के शहीदों को याद कर मातम किया। इमामबाड़ा पंजेतनी कानी पट्टी के सदर शाही अब्बास ने बताया कि फलावदा में सात व दस मोहर्रम को मजलिस के बाद जुलजनाह, अलम व ताजिया के जुलूस निकाले जाएंगे। वहीं चार मोहर्रम को गड़ीना, पांच को बातनौर, छह को महलका, सात को फलावदा, आठ को गगसौना, दस को सभी जगह, 11 को बड़ा गांव, 12 को फलावदा में मजलिस व जुलूस आयोजित होंगे। बता दें कि शिया समुदाय के लोग मोहर्रम शुरु होते ही उसके लगभग सवा दो महीने तक किसी भी खुशी का न कोई प्रोग्राम आयोजित करते है और न ही उनमें शामिल होते है।

## दबंगों ने फर्जी कागज बनवाकर किया प्लाट पर कब्जा, पीड़ित ने की शिकायत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** ग्राम चुडियाल मीरापुर तहसील जानसठ के रहने वाले इदरीश पुत्र इमामूद्दीन ने एक प्रार्थना पत्र लोहियानगर पुलिस को दिया है। उनका कहना था कि उन्होंने 2010 में एक प्लाट इस्लाम पुत्र अजीमुल्ला से फतेहउल्लाहपुर रोड नूर गोल्डन कालोनी में 100 गज का खरीदा था। प्लाट खरीदने के बाद इस पर निर्माण न कराकर केवल नींव भर दी थी। आरोप है कि क्षेत्र के दंबंग हाजी कमरूद्दीन, हाजी हाशिम व इरशाद ने एक राय होकर उनकी नींव उखाड़कर फेंक दी और फर्जी कागज बनवाकर प्लाट पर कब्जा कर रहे हैं। जिसकी शिकायत पीड़ित ने थाना लोहियानगर पुलिस से की है। उसका कहना था कि अगर पुलिस ने इस मामले में कोई संतोषनजक कार्रवाई नहीं की तो वह अधिकारियों से मिलकर अपने प्लाट दिलाने की गुहार लगाएंगे।

## डीएम ने किया ईवीएम-वीवीपैट वेयर हाउस का निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** जिलाधिकारी डॉ. वी.के. सिंह द्वारा आईटीआई साकेत तथा कंकरखेडा स्थित मार्शल पिच में ईवीएम/वीवीपैट वेयर हाउस का त्रैमासिक निरीक्षण किया गया।

उन्होंने वहां कंट्रोल रूम, सीसीटीवी आदि व्यवस्थाओ का जायजा लिया व संबंधित अधिकारियो को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इस अवसर पर उनके साथ अपर जिलाधिकारी प्रशासन सत्य प्रकाश सिंह, अपर जिलाधिकारी भूमि अध्यापति राजपाल सिंह सहित सपा बसपा कांग्रेस व आप के कार्यकर्ता रहे। इस दौरान उन्होंने वहां की व्यवस्था को बारीकी से देखकर निर्देश दिये।

# कांवड़ में डीजे बजाने के लिए 10 फीट होगी ऊंचाई व लम्बाई

## बहसूमा में थानाध्यक्ष ने डीजे संचालक व शिविर के पदाधिकारियों की ली बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** आगामी होने वाले सावन मास के कांवड़ मेले को शांतिपूर्ण मनाये जाने को लेकर थाना प्रभारी ने डीजे संचालक एवं कांवड़ शिविर के पदाधिकारी की एक बैठक आयोजित की गई। जिसमें डीजे संचालकों से दो टूक कहा कि उच्चाधिकारियों के आदेश पर डीजे की 10 फीट की ऊंचाई एवं लंबाई होगी और कावड़ शिविर में चिकित्सा व्यवस्था, पानी की व्यवस्था, साफ सफाई व्यवस्था तथा कांवड़ियों की निगरानी के लिए सीसीटीवी फुटेज लगाना अनिवार्य होगा। उन्होंने कहा कि कांवड़ यात्रा में कोई भी नया कार्य नहीं किया जाएगा।



पूर्व में चला आ रहा ही कार्य किया जाएगा। गुरुवार को थाना परिसर थाना प्रभारी इन्दू वर्मा ने आगामी होने वाले सावन मास के कांवड़ को शांतिपूर्ण बनाए जाने को लेकर डीजे संचालक एवं कांवड़ शिविर के पदाधिकारियों की एक बैठक आयोजित की गई। जिसमें कांवड़ के संचालकों से दो टूक कहा कि वाहनों में डीजे की कोलम मात्र 10 फीट की ऊंचाई एवं 10 फीट लंबाई ही होगी और ध्वनि प्रदर्शन नहीं किया जाएगा। डीजे में सांप्रदायिक, सामुदायिक, जातीय तथा सौहार्द बिगड़ने वाले गाने संगीत नहीं बजेंगे। डीजे द्वारा सार्वजनिक मार्ग अवरुद्ध करना तथा बिना परमिशन के डीजे नहीं जाएंगे। उन्होंने कहा कि यदि कोई भी डीजे संचालक सांप्रदायिक सामुदायिक एवं जातीय गाने बजते हुए दिखाई दिए तो उन पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। वहीं क्षेत्र में लगाए जाने वाले कांवड़ शिविर के पदाधिकारियों से कहा कि कांवड़ शिविर में पानी की व्यवस्था, चिकित्सा व्यवस्था, साफ सफाई व्यवस्था तथा कांवड़ियों की निगरानी के लिए सीसीटीवी फुटेज लगाना अनिवार्य होगा। उन्होंने कहा कि कांवड़ के समय सौहार्द एवं भाईचारे का परिचय दें। ताकि कानून व्यवस्था खराब न हो।

यदि कांवड़ में कोई भी असामाजिक तत्व गड़बड़ी करता हुआ पाया गया तो तुरंत पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना दे, समय रहते कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि समय-समय पर कांवड़ शिविर में पुलिसकर्मी भी तैनात रहेंगे। थाना प्रभारी ने डीजे संचालकों को नोटिस भी दिये। इस मौके पर मुख्य रूप से जयवीर सिंह, जबर सिंह, आलोक कुमार, ऋषिपाल सिंह, हरिओम शर्मा, सुभाष सिंह यादव, प्रदीप कुमार, अवनीश कुमार, संजय कुमार, निशांत कुमार, अमृत सिंह, अमन कुमार, मोनू जाटव, बजरंगदास, रिषिपाल सिंह, बबलू कुमार, रोहित कुमार आदि लोग शामिल रहे।

## कॉन्टिनेंटल इण्डिया प्रा.लि. से श्रमिकों को जबरन हटाये जाने का मामला

# सरधना विधायक अतुल प्रधान ने पीड़ितों के साथ दिया धरना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** मोदीपुरम स्थित कॉन्टिनेंटल इण्डिया प्राईवेट लिमिटेड के श्रमिकों को जबरन हटाये जाने के विरोध में सरधना विधायक अतुल प्रधान ने गुरुवार को जिलाधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा। सरधना विधायक अतुल प्रधान कॉन्टिनेंटल इण्डिया प्राईवेट लिमिटेड के बहार पीड़ित कर्मचारियों के साथ धरने पर बैठ गए। उनका कहना था कि दो जून को एक विभाग टीबीआर को अचानक बंद कर दिया गया जिसमें लगभग 300 कर्मचारी काम कर रहे थे। हद तो तब हो गई जब इन कर्मचारियों से जबरन इस्तीफे लिए गए और वीआरएस/वीएसएस फार्म पर हस्ताक्षर के लिए दबाव बनाया गया। कर्मचारियों ने इसका विरोध किया तो वहां मौजूद अधिकारियों ने उनके साथ अभद्रता की जिसकी शिकायत कर्मचारियों ने जिलाधिकारी से की और श्रमायुक्त कार्यालय पर जाकर प्रदर्शन किया। उनका कहना था कि पिछले पांच वर्षों से उनका शोषण किया जा रहा है और अब अचानक बेरोजगार कर दिया गया है। उन्होंने मांग की है कि प्लांट को पुनः चालू किया जाए और कर्मचारियों को वापस ड्यूटी पर बुलाया जाए। यदि प्लांट चालू नहीं होता है तो कर्मचारियों को वैधानिक रूप से मुआवजा व लाभ दिया जाए। कर्मचारियों और सेंट्रल टीम के बीच बातचीत से मुआवजे की धनराशि तय हो क्योंकि लोक मैनेजमेंट पर कर्मचारियों को भरोसा नहीं है। इसके अलावा उन्होंने कई मांग रखी। वहीं सरधना विधायक अतुल प्रधान का कहना था कि कम्पनी अपनी हठधर्मिता दिखा रही है जिसकी लड़ाई अंत तक लड़ी जाएगी।

- विभिन्न मांगों को लेकर डीएम को सौंपा ज्ञापन



# छोटे व विकासशील राज्यों से होता है विकासः राजा

- पुराने समय से हो रही है दोआब क्षेत्र को बुन्देलखंड राज्य बनाने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हस्तिनापुर।** दोआब प्रदेश संघर्ष समिति के कार्यकारी केन्द्रीय अध्यक्ष सुरेश नारायण शर्मा राजा ने एक दिवसीय हस्तिनापुर कार्यक्रम के दौरान कहा कि वर्ष 1977 से पश्चिमी उत्तर प्रदेश के गगा-यमुना नदियों के दोआब एवं सम्बद्ध भौगोलिक क्षेत्र का क्षेत्र की पहचान के अनुरूप दोआब क्षेत्र का बुन्देल खण्ड राज्य बनाये जाने की दशकों पुरानी मांगों की हमेशा जानबूझकर उपेक्षा की गयी है।

राजा ने ध्यान दिलाया कि अपेक्षाकृत छोटे एवं विकासशील राज्यों के गठन से विकास को गति मिलने के जीवंत उदाहरण मौजूद हैं। संभवतः इसी परिकल्पना को ध्यान में रखकर संविधान-सभा ने भारत के संविधान में अनुच्छेद-3 द्वारा राज्यों के गठन पुनर्गठन का ऐतिहासिक प्राविधान किया था। इसी प्राविधान के अन्तर्गत तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार ने भारतीय राष्ट्रीय राज्य पुनर्गठन मोर्चा वर्ष-1992 में सागर मध्य प्रदेश में गठित संयुक्त संगठन के लम्बित पांच राज्यों के गठन विषयक ज्ञापन का संज्ञान लेकर मांगे गये पांच राज्यों में से उत्तराखण्ड, छत्तीसगढ़ एवं झारखण्ड का गठन तो वर्ष 2000 में कर दिया गया परन्तु साथ में पश्चिमी उत्तर प्रदेश के दोआब प्रदेश एवं बुन्देल खण्ड क्षेत्र के बुन्देलखण्ड राज्य की मांगों की अनदेखी कर दी गयी। उन्होंने जानकारी दी कि भारत सरकार को पश्चिमी उत्तर प्रदेश का दोआब प्रदेश गठित होने तक वैकल्पिक प्रस्ताव संयुक्त विकास परिषद पश्चिमी दोआब क्षेत्र पश्चिमी उत्तर प्रदेश के गठन का दिया गया है लेकिन उस पर भी भारत सरकार ने चुप्पी साधे हुए है। शीघ्र ही संयुक्त समिति पश्चिम दोआब प्रदेश के केन्द्रीय अध्यक्ष सुभाष गोस्वामी, एडवोकेट के नेतृत्व में मेरठ उ.प्र से दिल्ली राजघाट तक पदयात्रा का आयोजन करके अपनी मांगों पर बल देगी।

# वी ने लॉन्च किया नया वी मैक्स फैमिली प्लान

- एक मासिक बिल के साथ नेटफ्लिक्स सब्सक्रिप्शन और अतिरिक्त 18 तक ओटीटी प्लेटफॉर्म्स का एक्सेस पा सकते हैं उपभोक्ता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** भारत के अग्रणी दूरसंचार सेवा प्रदाता वी ने अपने नए वी मैक्स फैमिली पोस्टपेड प्लान के लॉन्च की घोषणा की है, जो उद्योग जगत में सबसे ज्यादा डेटा के फायदे देता है। इस प्लान के तहत उपभोक्ता एक ही मासिक बिल के साथ नेटफ्लिक्स सब्सक्रिप्शन और अतिरिक्त 18 तक ओटीटी प्लेटफॉर्म्स का एक्सेस पा सकते हैं। इस तरह यह बेहद प्रतिस्पर्धी कीमतों पर ओटीटी का बेजोड़ अनुभव प्रदान करता है।

नेटफ्लिक्स के साथ सिंगल प्लान और अतिरिक्त 18 तक ओटीटी आज के समय में भारत में डेटा की सबसे ज्यादा खपत एंटरटेनमेन्ट के लिए होती है। उपभोक्ताओं में सर्वश्रेष्ठ ओटीटी अनुभव की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए वी ने वी मैक्स फैमिली प्लान 871 में फिक्स्ड रेकरिंग बेनेफिट के रूप में नेटफ्लिक्स सब्सक्रिप्शन को भी शामिल किया है। नेटफ्लिक्स बेसिक सब्सक्रिप्शन के साथ वी के पोस्टपेड उपभोक्ता अपनी किसी एक डिवाइस- मोबाइल या टेलीविजन पर विश्वस्तरीय एंटरटेनमेन्ट का लुत्फ उठा सकते हैं।

## महिला ने देवर पर लगाया छेड़छाड़ का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** नगर निवासी एक महिला ने अपने देवर पर छेड़छाड़ का आरोप लगाया है। उसने थाने में गुरुवार को तहरीर देकर बताया कि बुधवार रात को उसका पति किसी काम से बाहर गया हुआ था। आरोप है कि तभी देवर घर में आया और छेड़छाड़ कर अभद्रता करने लगा। विरोध करने पर मारपीट की। शोर-शराबा होने पर परिवार के अन्य लोग भी आ गए। जब उसने पूरा प्रकरण बताया। इस पर परिवार के लोगों ने उल्टा महिला के साथ गाली-गलौज कर दी। फिलहाल, पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर जांच शुरू कर दी है। वहीं महिला ने कहा कि इससे पहले भी उसका देवर कइ बार गंदी हरकते कर चुका है। जिसकी शिकायत पति से की थी।

# भीकुंड गंगा घाट पर मॉक ड्रिल का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हस्तिनापुर।** क्षेत्र के भीकुंड गंगा घाट पर शासन के निर्देश पर जिला प्रशासन ने मॉक ड्रिल का आयोजन किया। जिसमें कई विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। गुरुवार को एडीएम वित्त एवं राजस्व सूर्यकांत त्रिपाठी के नेतृत्व में बाढ़ राहत कार्यों के लिए मॉक ड्रिल किया गया। एसपी देहात राकेश कुमार मिश्रा, एसडीएम अंकित कुमार, सीएमओ अशोक कटारिया, सहित विकासखंड, पशु चिकित्सा आदि विभागों की टीम मौजूद रही। एनडीआरएफ व एसडीआरएफ की टीम ने गंगा में डूबते हुए लोगों को सकुशल बचाने का मॉक ड्रिल किया साथ ही स्वस्थ विभाग द्वारा भी गंगा से बाहर ले गए लोगों के लिए उपचार का ड्रिल किया। स्वास्थ्य विभाग की ओर से जिला नोडल अधिकारी अंकुर त्यागी मौजूद रहे।

एडीएम सूर्यकांत त्रिपाठी ने बताया कि खादर क्षेत्र में बाढ़ जैसी हर स्थिति से निपटने के लिए हर तैयारी को दुरुस्त किया जा रहा है जिसे देखते हुए यह स्थानीय ग्रामीणों को जागरूक करने के लिए मॉक ड्रिल किया गया। उन्होंने बताया कि गंगा के जल स्तर में वृद्धि शुरू हो गई है, हालांकि अभी खतरे की कोई बात नहीं है। जलस्तर पूरी तरह सामान्य स्थिति में चल रहा है। इस अवसर पर एसडीआरएफ की टीम द्वारा गंगा में डूबे हुए लोगों को सुरक्षित बाहर निकलने का मॉक ड्रिल किया। मॉक ड्रिल में भारी पुलिस बल भी मौजूद रहा। जिसका नेतृत्व एसपी देहात राकेश कुमार मिश्रा ने किया। उन्होंने बताया कि हर स्थिति से निपटने के लिए पुलिस बल पूरी तरह तैयार है और ग्रामीणों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया। इस मॉडल के अवसर पर गंगा घाट पर बाढ़ चौकी, स्वास्थ्य केंद्र, एवं अन्य कहीं विभागों के अस्थाई टेंट लगाए गए जिनमें अधिकारी तैनात रहे। मॉक ड्रिल को देखने के लिए भारी संख्या में स्थानीय ग्रामीण गंगा घाट पर पहुंचे।



# जिलाधिकारी ने की कांवड़ यात्रा की तैयारियों की समीक्षा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** गुरुवार को विकास भवन सभागार में जिलाधिकारी डॉ. वी.के. सिंह की अध्यक्षता में कांवड़ यात्रा की तैयारियों की समीक्षा हेतु संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक आहूत की गई। बैठक में नगर निगम, विद्युत विभाग, विद्युत सुरक्षा, पुलिस विभाग, लोक निर्माण विभाग, सिंचाई विभाग, वन विभाग, जल निगम, पंचायती राज विभाग, खाद्य एवं रसद विभाग, स्वास्थ्य विभाग, एनएचएआई सहित अन्य संबंधित विभागो के अधिकारियो को कांवड यात्रा तैयारियां में तेजी लाये जाने के निर्देश दिये गये। विभागीय कार्यों की समीक्षा करते हुये जिलाधिकारी द्वारा सख्त निर्देश देते हुये कहा गया कि संबंधित विभाग कांवड़ यात्रा सकुशल संपन्न होने तक अपने कार्यों को निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ करेंगे। कार्यों में लापरवाही किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जायेगी। उन्होने कहा कि अगर किसी विभागीय अधिकारी, कर्मचारी की लापरवाही के कारण कोई भी कानून व्यवस्था की स्थिति उत्पन्न हुई तो वह स्वयं जिम्मेदार होंगे तथा जिम्मेदार उच्चाधिकारी के विरूद्ध कडी कार्यवाही की जायेगी। सभी अधिकारी पूर्व में ही अपने कार्यों की समीक्षा एवं मॉक ड्रिल कर लें। पांच जुलाई को सभी तैयारियो की सेन्ट्रल मॉक ड्रिल की जायेगी।

सिंचाई, आरआरटीएस, लोक निर्माण विभाग, एनएचएआई सहित कांवड मार्ग से संबंधित अन्य समस्त विभागो को निर्देशित किया गया कि सभी कांवड मार्ग पर पूर्णतया गड्ढामुक्त हो यह सुनिश्चित किया जायें तथा संबंधित विभागों द्वारा सडक मरम्मत का कार्य तत्काल पूर्ण कराया जाये। शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में प्रकाश व्यवस्था पूरी तरह दुरूस्त रहे इसका संबंधित विभाग विशेष ध्यान दें। शहर क्षेत्र में समस्त स्ट्रीट लाईट पूर्णतया संचालित रहें। शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में सफ़-सफ़ाई, पेयजल, जलनिकासी, मोबाइल टायलेट, एम्बुलेन्स जैसी सेवाये प्रत्येक कांवड मार्ग पर उपलब्ध रहे। विद्युत विभाग को निर्देशित किया गया कि कांवड यात्रा के दौरान विद्युत सप्लाई निर्बाध रूप से संचालित हो, सभी मार्गों पर विद्युत तारो की ऊंचाई मानक अनुसार हो, कहीं पर भी ढीले तार न हो, खंभे पूरी तरह से पालिथीन से कवर हो, कांवड़ मार्गों पर जो विद्युत तार क्रॉस कर रहे है ऐसे सभी स्थानो को चिन्हित कर ठीक किया जाये तथा क्रॉसिंग प्वाइंट से 200 मीटर पहले चेतावनी बोर्ड लगाया जाना सुनिश्चित किया जाये।

सिंचाई विभाग सहित संबंधित विभाग को निर्देशित किया गया कि नहर एवं रजवाहा पटरी मार्ग पर साफ-सफाई, गोताखोर की व्यवस्था, सड़क मरम्मत, झाड़ियों की छंटाई, मोटर बोट की व्यवस्था इत्यादि कार्यों में तेजी लाई जाये। समस्त एसडीएम, सीओ एवं संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि अपने-अपने क्षेत्रो में स्थलीय भ्रमण करते हुये कांवड़ तैयारियों की व्यवस्थाओं का स्वयं निरीक्षण करें तथा संबंधित को अवगत कराया जाये। कांवड़ शिविर संचालकों के साथ बैठक कर शिविरो के संबंध में की जा रही व्यवस्था एवं नियमो से अवगत कराया जाये।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि धार्मिक स्थल, मंदिर इत्यादि का भ्रमण करते हुये श्रद्धालुओं के दृष्टिगत की जाने वाली समस्त व्यवस्थाओ का निरीक्षण करें तथा मंदिर कमेटी के साथ बैठक करते हुये आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि श्रद्धालुओं के लिए आवश्यक सेवाओ एवं उनकी सुरक्षा व्यवस्था के साथ किसी भी स्थिति में समझौता बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। कांवड यात्रा को सकुशल संपन्न कराना हम सभी की प्राथमिकता है इस संबंध में मुख्यमंत्री द्वारा भी सख्त निर्देश दिये गये है। सभी अधिकारी कार्यों को गंभीरता से लेते हुये कार्यवाही सुनिश्चित करें। इस अवसर पर सीडीओ नूपुर गोयल, सीएमओ डॉ. अशोक कटारिया, अपर जिलाधिकारी प्रशासन सत्य प्रकाश सिंह, अपर जिलाधिकारी नगर बृजेश सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त सूर्य कान्त त्रिपाठी, अपर जिलाधिकारी भूमि अध्यापति राजपाल सिंह, एमडीए सचिव आनंद प्रकाश सिंह, एसपी ट्रैफिक राघवेन्द्र मिश्रा, समस्त एसडीएम, जिला सूचना अधिकारी सुमित कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## एमएसडीई और ग्रामीण विकास मंत्राालय में हुआ ऐतिहासिक एमओयू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** ग्रामीण भारत में आजीविका को सशक्त करने और महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम के तहत, ग्रामीण विकास मंत्रालय (एमओआरडी) और कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय (एमएसडीई) के बीच नई दिल्ली के कृषि भवन में आज एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। दोनों मंत्रालयों के बीच हुए इस समझौता ज्ञापन (एमओयू) का उद्देश्य कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय की तकनीकी विशेषज्ञता और संस्थागत संरचना को, दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की व्यापक जमीनी पहुंच और क्रियान्वयन क्षमताओं के साथ जोड़ कर, ग्रामीण क्षेत्रों में आजीविका के अवसरों को सशक्त बनाना है। इस अवसर पर कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय के राज्य मंत्री जयंत चौधरी ने कहा कि यह साझेदारी ग्रामीण भारत की सामाजिक और आर्थिक बुनियाद को मजबूत करने की दिशा में एक निर्णायक कदम है।

## अब मेरठ में भी वीएलसीसी की विश्वसनीय वेलनेस सेवाएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** भारत के सबसे भरोसेमंद वेलनेस और एस्थेटिकट्रांसफॉर्मेशन ब्रांड वीएलसीसी ने आज मेरठ में अपने पहले क्लिनिक लॉन्च की घोषणा की। गढ़ रोड पर स्थित यह क्लिनिक, पश्चिमी उत्तर प्रदेश को पहली बार वीएलसीसीकी क्लिनिकल डायग्नोस्टिक्स, एडवांस्ड एस्थेटिक्स और इंटीग्रेटेड ट्रांसफॉर्मेशन प्रोग्राम्स से रूबरू करता है। वीएलसीसी के प्रेजिडेंट ग्लोबल सर्विसेज, आनंद वास्कर ने कहा कि टियर-2 शहरों से लगातार बढ़ती मांग को देखते हुए, हमारा उद्देश्य एडवांस्ड वेलनेस और एस्थेटिक केयर को वास्तव में सुलभ बनाना है। आज का उपभोक्ता अधिक जागुक और महत्वाकांक्षी है जो बिना किसी साइड इफेक्ट्स के सुरक्षित और साइंस-लेड रिजल्ट्स चाहता है।

**कार्यालय क्षेत्रीय प्रबन्धक,**
**उ.प्र. राज्य सड़क परिवहन निगम, मेरठ क्षेत्र, मेरठ।**

पत्रांकः 2522/एम.आर./मेरठ/संविदा-स्था./ई.निविदा मैनपावर/विज्ञप्ति/2025/दिनांकः 26.06.2025

**प्रेस-विज्ञप्ति**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उ.प्र. परिवहन निगम, मेरठ क्षेत्र में आउटसोर्सिंग के आधार पर परिचालक आबद्ध किये जाने हेतु सेवाप्रदाता/संस्था के चयन की कार्यवाही के लिए जैम पोर्टल के माध्यम से ई-टैण्डर प्रक्रिया की जायेगी। निविदादाता जैम पोर्टल से डॉक्यूमेन्ट डाउनलोड कर निर्धारित डाटा शीट के अनुसार अन्तिम दिनांक 07.07.2025 समय 18:30 बजे तक निविदा अपलोड कर सकते हैं।

**-क्षेत्रीय प्रबन्धक, मेरठ।**

खेल विशेष

## तेलंगाना में मुक्केबाजी टूर्नामेंट में लवलीना, निखत करेंगी शिरकत

**तेलंगाना, वार्ता।** दो बार की विश्व चैंपियन निखत ज़रीन, ओलंपिक गेम्स टोक्यो 2020 की कांस्य पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन और पूर्व विश्व युवा चैंपियन अंकुशिता बोरो, 27 जून से एक जुलाई तक तेलंगाना के सरूरनगर इंडोर स्टेडियम में खेले जाने वाले एलीट महिला मुक्केबाजी टूर्नामेंट में राष्ट्रीय शिविर में जगह बनाने के लिए प्रतिस्पर्धा करने वाली शीर्ष भारतीय महिला मुक्केबाजों में शामिल होंगी। भारतीय मुक्केबाजी महासंघ और तेलंगाना खेल प्राधिकरण के तत्वावधान में तेलंगाना मुक्केबाजी महासंघ द्वारा आयोजित इस टूर्नामेंट में 15 इकाइयों की मुक्केबाज़ भाग लेंगी, जिसमें आठवीं एलीट महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप की शीर्ष 12 टीमें रेलवे, हरियाणा, अखिल भारतीय पुलिस, सेवाएं, पंजाब, चंडीगढ़, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, राजस्थान, महाराष्ट्र, तमिलनाडु और सिक्किम शामिल हैं। इस प्रतियोगिता में विश्व चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता मनीषा मौन, ओलंपियन प्रीति, विश्व युवा चैंपियन अरुंधति चौधरी और 100 से अधिक अन्य शीर्ष दावेदार शामिल हैं। मुक्केबाज दस भार वर्गों में प्रतिस्पर्धा करेंगे। प्रत्येक में स्वर्ण और रजत पदक विजेता को पटियाला में विशिष्ट राष्ट्रीय शिविर में शामिल होने का अवसर मिलेगा। सभी टीमें अधिकतम 10 मुक्केबाजों को मैदान में उतार सकती हैं, बशर्ते उनका जन्म 1 जनवरी 1985 और 31 दिसंबर 2006 के बीच हुआ हो। चैंपियनशिप विश्व मुक्केबाजी तकनीकी और प्रतियोगिता नियमों के अनुसार आयोजित की जाएगी, जिसमें प्रत्येक मुकाबले में तीन मिनट के तीन राउंड होंगे, जिनके बीच में एक मिनट का आराम होगा। दस-अंक-अनिवार्य स्कोरिंग प्रणाली का पालन किया।

# BCCI-ECB सऊदी टी-20 लीग के विरोध में

● **नहीं देंगे खिलाड़ियों को एनओसी, सऊदी की एसआरजे स्पोर्ट्स कन्वेस्टमेंट्स 4400 करोड़ का निवेश करेंगी**



**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) और इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) सऊदी अरब की ओर से शुरू किए जाने वाले वर्ल्ड टी-20 लीग का विरोध करेंगे। वहीं, क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया इस लीग के पक्ष में है और अपने यहां मैच कराने के लिए भी सहमत है।

द गार्जिन की रिपोर्ट के मुता. बिक, लॉर्ड्स में वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के दौरान ईसीबी और बीसीसीआई ने इस नई लीग का विरोध करने का फैसला किया। दोनों बोर्ड अपने खिलाड़ियों को इस लीग में खेलने के लिए 'नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट' (एनओसी) नहीं देंगे और इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) से भी इसे मंजूरी न देने की अपील करेंगे। ईसीबी ने आईपीएल प्लेऑफ में अपने खिलाड़ियों को खेलने की नहीं दी थी अनुमति ईसीबी के साथ बीसीसीआई का गठबंधन इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि भारत-पाक के बीच तनाव के कारण आईपीएल के शेड्यूल में बदलाव किया गया था। आईपीएल के प्लेऑफ के मैच के दौरान ही वेस्टइंडीज-इंग्लैंड की वनडे सीरीज के भी मुकाबले थे। इसकी वजह से ईसीबी ने जोस बटलर, जैकब बेथेल और विल जैक्स को आईपीएल में खेलने की अनुमति नहीं दी गई थी।

जिसके बाद बीसीसीआई के साथ संबंध खराब होने की चर्चा हो रही थी। ईसीबी ने जोस बटलर सहित कई खिलाड़ियों को आईपीएल के प्ले ऑफ में खेलने की अनुमति नहीं दी थी। सऊदी की एसआरजे स्पोर्ट्स इन्वेस्टमेंट्स इस लीग में 4400 करोड़ रुपए निवेश करेगा सऊदी की एसआरजे स्पोर्ट्स इन्वेस्टमेंट्स ने इस नई लीग के लिए 400 मिलियन यूके पाउंड (लगभग 4400 करोड़ रुपए) निवेश करने की योजना बनाई है, जिसमें आठ टीमें हर साल चार अलग-अलग जगहों पर टूर्नामेंट खेलेंगी, जैसे टेनिस के ग्रैंड स्लैम खेला जाता है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया इस नई लीग के पक्ष में है। वह चार में से एक टूर्नामेंट अपने यहां कराने के लिए भी राजी है। क्योंकि उनकी बिग बैश लीग में अभी तक बड़ा निजी निवेश नहीं हुआ है। दूसरी ओर, ईसीबी ने अपनी द हंड्रेड लीग की 49प्रतिशत हिस्सेदारी बेचकर 520 मिलियन यूके पाउंड (लगभग 5700 करोड़ रुपए) कमाए हैं, और क्रिकेट साउथ अफ्रीका ने एसए 20 लीग की फ्रेंचाइजी बेचकर ने सिर्फ100 मिलियन (5000 करोड़) से ज्यादा जुटाए हैं। भारत-इंग्लैंड के बिना लीग का महत्व कम हो सकता है भारतीय और इंग्लिश खिलाड़ियों की गैरमौजूदगी से इस नई लीग का महत्व कम हो सकता है। वहीं, वर्ल्ड कैलेंडर पहले ही 20 से ज्यादा टी-20 और 10 ओवर की लीग से भरा है। रॉयल चौलेंजर्स बेंगलुरु ने आईपीएल 2025 का खिताब अपने नाम किया। आईसीसी से इस लीग पर अभी आधिकारिक बयान नहीं आए आईसीसी ने अभी इस लीग पर कोई औपचारिक फैसला नहीं किया है। वहीं उसके बीसीसीआई के खिलाफ जाने की संभावना भी कम है। आईसीसी के नए चेयरमैन शाह पहले बीसीसीआई के सचिव रह चुके हैं।

# भारत ने इंग्लैंड को दो विकेट से हराया

● **भारत की मिश्रित दिव्यांग टीम ने सीरीज के तीसरे मुकाबले में रोमांचक जीत दर्ज की**

**लंदन, वार्ता।** भारत की मिश्रित दिव्यांग टीम ने ऐतिहा. सिक लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड पर खेले गए मिश्रित दिव्यांग विटालिटी टी-20 सीरीज के तीसरे मुकाबले में इंग्लैंड को आखिरी ओवर में दो विकेट से हराकर रोमांचक जीत दर्ज की।

यह अवसर इसलिए भी ऐतिहासिक रहा क्योंकि पहली बार कोई भारतीय दिव्यांग टीम इस मैदान पर खेल रही थी।तारीख, मैदान और नतीजा तीनों ने 1983 की यादें ताजा कर दीं, जब कपिल देव की कप्तानी में भारत ने 25 जून को लॉर्ड्स में ही विश्व कप जीता था। जीत के बाद भारतीय दिव्यांग क्रिकेट परिषद (डीसीसीआई) के महासचिव रवि चौहान ने कहा कि हम अपनी टीम की इस ऐतिहासिक जीत को कपिल देव सर की 1983 की विश्व कप विजेता टीम को समर्पित करते हैं। मुकाबले के दौरान दोनों टीमों ने भारत के पूर्व बाएं हाथ के स्पिनर दिलीप दोषी के सोमवार को लंदन में निधन पर शोक व्यक्त करने के लिए काली पट्टियां बाँधी थीं।

इसके अलावा इस दिन यहां 25 जून को ही विश्व मिश्रित दिव्यांग दिवस के रूप में भी मनाया जाता है। लॉर्ड्स में यह मुकाबला क्रिकेट डिसएबिलिटी डे का हिस्सा था।

# हर्षित को टीम से रिलीज किया गया

**बर्मिंघम नहीं गए, पहले टेस्ट के लिए टीम में शामिल किए गए थे हर्षित राणा**



**लंदन, वार्ता।** भारत के तेज गेंदबाज हर्षित राणा को इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की सीरीज के दूसरे टेस्ट से पहले टीम से रिलीज कर दिया गया है। युवा गेंदबाज को पहले टेस्ट में कवर के तौर पर टीम में शामिल किया गया था।

रिपोर्ट के मुताबिक, राणा टीम के साथ लीड्स से बर्मिंघम नहीं गए हैं। टीम इंडिया लीड्स से बर्मिंघम रवाना भारतीय टीम लीड्स से बर्मिंघम के लिए रवाना हो गई। टीम अगले दो दिन आराम करेगी और फिर दूसरा टेस्ट शुरू होने से पहले ट्रेनिंग शुरू करेगी। दूसरा टेस्ट 2 जुलाई से खेला जाना है। भारतीय टीम पांच टेस्ट मैचों की सीरीज में 1-0 से पीछे है। कोच ने राणा को टीम से रिलीज के दिए थे संकेत कोच गौतम गंभीर ने राणा के बारे में कहा, श्मैंने अभी चीफ सिलेक्टर से बात नहीं की है, लेकिन कुछ खिलाड़ियों को छोटी-मोटी चोट की आशंका थी। इसलिए हमने उन्हें बैकअप के तौर पर रखा था।

लेकिन अब सब ठीक लग रहा है, तो अगर सब फिट हैं, तो उन्हें वापस जाना होगा। भारत हेडिंग्ले टेस्ट में पांच बल्लेबाजों के शतक लगाने के बाद भी टीम इंडिया को हार का सामना करना पड़ा।

यह टेस्ट इतिहास में पहली बार हुआ कि किसी टीम ने पांच शतक लगाने के बावजूद मैच गंवाया। यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल, केएल राहुल और ऋषभ पंत (दो बार) ने शतक बनाए, लेकिन इंग्लैंड ने दूसरी पारी में 371 रनों का लक्ष्य हासिल कर पांच विकेट से जीत दर्ज की। बेन डकेट ने दूसरी इनिंग में 149 रनों की पारी खेली। दोनों टीमों के बीच कुल 1673 रन बने, जो भारत-इंग्लैंड टेस्ट में अब तक का सबसे बड़ा स्कोर है। भारत और इंग्लैंड के बीच दूसरा टेस्ट 2 जुलाई को एजबेस्टन में खेला जाएगा।

## पाकिस्तान के खिलाफ तीन टी-20 की मेजबानी करेगा बांग्लादेश

**ढाका, वार्ता।** बांग्लादेश 20 जुलाई से मीरपुर में तीन टी-20 मैचों की सीरीज के लिए पाकिस्तान की मेजबानी करेगा। इस महीने की शुरुआत में पाकिस्तान में इतने ही टी-20 मैच खेलने वाले दोनों देश एक बार फिर सबसे छोटे प्रारूप में एक दूसरे के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करेंगे। पाकिस्तान में सीरीज में क्लीन स्वीप के बाद बांग्लादेश आगामी मुकाबले में जीत की राह पर लौटना चाहेगा। जुलाई में होने वाले सभी तीन मैच मीरपुर के शेर-ए-बांग्ला नेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेले जाएंगे। यह सीरीज दोनों टीमों के लिए उपमहाद्वीपीय परिस्थितियों में तैयारी का काम करेगी, क्योंकि अगले साल आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप होना है। बांग्लादेश इस समय श्रीलंका के दौरे पर है जहां वह दो टेस्ट, तीन वनडे और तीन टी-20 मैच खेलने गयी है। गॉल में टेस्ट सीरीज़ का पहला मैच ड्रा समाप्त हुआ था।



# सर्जरी के बाद सूर्या की सेहत में सुधार

**म्यूनिख, वार्ता।** भारत के टी-20 कप्तान सूर्यकुमार यादव जर्मनी में हर्निया की सर्जरी के बाद स्वास्थ्य लाभ ले रहे हैं और उनकी सेहत में अपेक्षित सुधार है। सूर्यकुमार ने सोशल मीडिया पर खुलासा किया कि उन्होंने यहां सर्जरी करवाई है और वह पहले की तरह ही मैदान पर वापसी के लिए उत्सुक हैं। उन्होने लिखा कि पेट के निचले हिस्से में स्पोर्ट्स हर्निया की सर्जरी करवाई है। यह बताते हुए खुशी हो रही है कि सर्जरी के बाद मैं स्वास्थ्य लाभ ले रहा हूं। वापसी का बेसब्री से इंतजार है। भारत के इस विस्फोटक बल्लेबाज ने भारत के लिए आखिरी बार फरवरी की शुरुआत में इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टी-20 सीरीज में खेला था। इसके अलावा 34 वर्षीय खिलाड़ी हाल ही में हुए इंडियन प्रीमियर लीग में सबसे बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों में से एक हैं। इस लीग में उन्होंने मुंबई इंडियंस के लिए 16 पारियों में 717 रन बनाए थे और इस इवेंट में दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे। भारत ने हाल ही में इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप श्रृंखला शुरू की है।

# विश्व नंबर-1 मैग्नस कार्लसन के साथ 9 साल के आरित ने ड्रॉ खेला

**अर्ली टाइटल्ड टयूसडे टूर्नामेंट में किया कारनामा, भारत के वी.प्रणव बने चैंपियन**



**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत के 19 साल के गुकेश के बाद अब 9 साल के आरित कपिल ने वर्ल्ड नंबर-1 मैग्नस कार्लसन के साथ ड्रॉ खेला है। दिल्ली के आरित ने कार्लसन को ऑनलाइन शतरंज टूर्नामेंट 'अर्ली टाइटल्ड टयूसडे' में ड्रॉ पर रोक दिया।

आरित ने पांच बार के वर्ल्ड चैंपियन कार्लसन के हर मूव का शानदार जवाब दिया और उन्हें पूरी तरह हार की स्थिति में पहुंचा दिया था। हालांकि, मैच के आखिरी पलों में आरित के पास समय बहुत कम बचा था। सिर्फ कुछ सेकंड बचे होने के कारण वह अपनी बढ़त को जीत में नहीं बदल सके और मुकाबला ड्रॉ हो गया। गुकेश से हारने के बाद कार्लसन ने चेस बोर्ड पर गुस्सा उतारा था हाल ही में डी गुकेश का सामना करते हुए जब मैग्नस कार्लसन को हार मिली थी, तो उन्होंने अपनी झल्लाहट को खेल की मेज पर दिखाया था। हाथ पटककर उन्होंने सारे मोहरे गिरा दिए और चेस रूम से बाहर चले गए। वहीं, आर प्रागन. नंदा 16 वर्ष की उम्र में कार्लसन का हरा चुके हैं। कार्लसन के खिलाफ ड्रॉ, एक बड़ी उपलब्धि कार्लसन को शतरंज इतिहास के महानतम खिलाड़ियों में गिना जाता है। वे 2013 से 2023 तक वह वर्ल्ड चैंपियन रहे हैं। उन्होंने क्लासिकल, रैपिड और ब्लिट्ज तीनों फॉर्मेट में वर्ल्ड खिताब जीते हैं। नॉर्वे के इस दिग्गज खिलाड़ी को मात देना या उनके खिलाफ ड्रॉ निकालना किसी भी युवा खिलाड़ी के लिए बड़ी उपलब्धि होती है।

## अब शिक्षा के मैदान पर नई पारी की शुरुआत करेंगे रिंकू

**लखनऊ, वार्ता।** टीम इंडिया के विस्फोटक बल्लेबाज रिंकू सिंह जल्द ही शिक्षा के क्षेत्र में अपनी नयी पारी की शुरुआत कर सकते हैं। उत्तर प्रदेश सरकार की अंतर्राष्ट्रीय पदक विजेता सीधी भर्ती नीति के तहत खेल विभाग ने रिंकू की बीएसए के पद पर नियुक्ति का प्रस्ताव शासन को भेजा है जिसे जल्द ही मंजूरी मिलने की उम्मीद जतायी जा रही है। यूं तो रिंकू ने नौवीं कक्षा तक पढाई की है मगर उन्हे पद के लिए न्यूनतम योग्यता पूरी करने के लिए पर्याप्त समय दिया जा सकता है। इस संबंध में बेसिक शिक्षा निद. `शालय ने पत्र जारी कर रिंकू से शैक्षणिक दस्तावेज और अन्य औप चारिकताएं पूरी करने को कहा है। आईपीएल में दो साल पहले अपनी धुआंधार पारी के बाद चर्चा में आये अलीगढ़ के 28 वर्षीय रिंकू ने 2023 में आयरलैंड के खिलाफ टी20 मैच में भारत के लिए पदार्पण किया था।

# दूसरे टेस्ट से पहले आर्चर घरेलू मैच खेलें तो बेहतर: वॉन

**आर्चर काउंटी मैच में फिट रहे तो दूसरे टेस्ट में उन्हें खिलाया जाएगा**

**लंदन, वार्ता।** इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने तेज गें. दबाज जोफ्रा आर्चर को भारत के खिलाफ दूसरा टेस्ट खेलने से पहले लाल गेंद से एक और घरेलू मैच खेलने की सलाह दी है। तेज गेंदबाज आर्चर भारत के खिलाफ दो जुलाई से शुरू हो रहे दूसरे टेस्ट में इंग्लैंड का प्रतिनिधित्व कर सकते हैं।

आर्चर रविवार से काउंटी चैंपियनशिप में ससेक्स टीम से खेलेंगे। रिपोर्ट के मुताबिक, आर्चर काउंटी मैच में फिट रहे तो दूसरे टेस्ट में उन्हें खिलाया जा सकता है। दूसरा टेस्ट दो जुलाई से एजबेस्टन में खेला जाएगा। इंग्लिश कप्तान बेन स्टोक्स ने भी भारत-इंग्लैंड के बीच पांच टेस्ट मैचों की सीरीज से पहले बयान दिया था कि 30 साल के आर्चर फिर से टेस्ट जर्सी पहनने के लिए बेताब हैं। आर्चर चार साल से टेस्ट टीम से बाहर हैं। आर्चर ने इस सप्ताह की शुरुआत में चार साल से अधिक समय के बाद लाल बॉल से अपना पहला मैच खेला। वह चेस्टर-ले-स्ट्रीट में डरहम के खिलाफ चार दिवसीय मैच में ससेक्स के लिए उतरे और अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की झलक दिखाई। आर्चर ने 31 रन बनाए और 18 ओवरों में 32 रन देकर एक विकेट हासिल किया था। राष्ट्रीय चयनकर्ता ल्यूक राइट ने आर्चर के लिए प्रथम श्रेणी क्रिकेट में वापसी को टेस्ट क्रिकेट में वापसी का रास्ता माना था, लेकिन वॉन को भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट के लिए इस बेहतरीन दाएं हाथ के गें. दबाज को जल्दबाजी में शामिल करने का कोई कारण नहीं दिखता। इंग्लैंड पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में 1-0 की बढ़त बनाए हुए है। वॉन का मानना है कि आर्चर को रविवार से वार. विकशायर के खिलाफ ससेक्स के लिए एक और चार दिवसीय मैच खेलना चाहिए और देखना चाहिए कि वह अपनी चोट से कितने उबर गये है, उसके बाद ही उन्हें टेस्ट टीम में शामिल किया जाना चाहिए। वॉन ने बीबीसी से कहा कि अच्छी बात यह है कि जोफ्रा की वापसी हो रही है, लेकिन मैं उसे एक और चार दिवसीय मैच खेलते देखना चाहूंगा। वह चार साल से लंबे प्रारूप में नहीं खेले हैं, तो डरहम के खिलाफ ससेक्स के लिए एक मैच के बाद आप उसे वापस क्यों बुलाएंगे। उन्होने कहा कि हम जानते हैं कि टेस्ट मैच के स्तर पर काउंटी क्रिकेट से बहुत अलग होता है। उसे एक और चार दिवसीय मैच खेलने दें। मैं उसी लाइन-अप के साथ जाऊंगा, जब तक कि गेंदबाज ठीक हैं और कोई परेशानी नहीं है तभी उसे खिलाना चाहिये। इंग्लैंड और भारत के बीच दूसरा टेस्ट दो जुलाई से बर्मिंघम में शुरू होगा।

## विंडीज ने दबदबा बनाया मगर ऑस्ट्रेलिया ने की वापसी

**बारबाडोस, वार्ता।** जेडन सील्स और शमर जोसेफ की घातक गेंदबाजी की मदद से वेस्टइंडीज ने पहले टेस्ट के पहले दिन ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी को 180 रन पर समेट दिया। 1995 के बाद से कैरेबियाई क्षेत्र में ऑस्ट्रेलिया का सबसे कम पहली पारी का स्कोर है। टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला ऑस्ट्रेलिया के लिए कठिन जान पड़ा जब उसके तीन अहम बल्लेबाज मात्र 22 रन पर पवेलियन लौट गये। हालांकि उस्मान ख्वाजा (56) और ट्रैविस हेड (59) ने 89 रनों की साझेदारी करके पारी को कुछ हद तक संभाला।

# जूनियर हॉकी : भारत ने ऑस्ट्रेलिया को 2-1 से हराया

**अजीत यादव 52वें मिनट पर चौथे क्वार्टर में गोल करके जीत सुनिश्चित की**

**बर्लिन, वार्ता।** भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने यहां चल रहे चार देशों के टूर्नामेंट में तीसरे स्थान के लिए ऑस्ट्रेलिया को 2-1 से हराया। रोहित ने 45वें मिनट में भारत के लिए बराबरी का गोल किया, जबकि अजीत यादव ने 52वें मिनट पर चौथे क्वार्टर में गोल करके जीत सुनिश्चित की।

इससे पहले, कप्तान टोबी मैलन ने बुधवार को दूसरे हाफ में ऑस्ट्रेलिया को बढ़त दिलाई थी। पहले हाफ में दोनों टों ने एक दूसरे पर हमले किए लेकिन शुरुआती दो क्वार्टर में कोई भी टीम गोल करने में सफल नहीं हो पाई। ऑस्ट्रेलिया ने आखिरकार तीसरे क्वार्टर में गोल किया, जब टोबी मैलन ने 40वें मिनट में फील्ड गोल करके टीम को 1-0 से आगे कर दिया। भारत ने तेजी से जवाब दिया और पांच मिनट बाद ही बराबरी का गोल कर दिया। रोहि. हत ने पेनल्टी कॉर्नर के बाद गोल करके बराबरी हासिल की। भारत ने अपनी लय को बनाए रखते हुए अंतिम क्वार्टर में जीत हासिल की। 52वें मिनट में अजीत यादव ने ओपन प्ले में गोल करके भारत को बढ़त दिलाई और जीत सुनिश्चित की। इस जीत के साथ ही चार देशों के टूर्नामेंट में भारत का अभियान समाप्त हो गया। पूल चरण में भारत ने मेजबान जर्मनी से 1-7 से हार के साथ शुरुआत की, ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 3-1 की जोरदार जीत के साथ वापसी की और फिर स्पेन के खिलाफ 1-5 से हार का सामना किया।

# पाक क्रिकेटर अब्बास ने ईशान के साथ फोटो शेयर की

**दोनों काउंटी चैंपियनशिप में नॉटिंघमशायर के लिए खेल रहे, ईशान ने 87 रन बनाए**



**नई दिल्ली, वार्ता।** पाकिस्तान के तेज गेंदबाज मोहम्मद अब्बास ने भारत के विकेटकीपर-बल्लेबाज ईशान किशन के साथ दो फोटो शेयर की है। दोनों खिलाड़ी फिलहाल काउंटी चैंपियनशिप डिवीजन वन में नॉटिंघमशायर की ओर से खेल रहे हैं। नॉटिंघमशायर और यॉर्कशायर के बीच खेला गया मैच ड्रॉ रहा। इस मैच में ईशान किशन ने 87 रनों की पारी खेली। वहीं, उन्होंने अब्बास की गेंद पर यॉर्कशायर के ओपनर एडम लिथ का कैच पकड़ा। लिथ बिना खाता खोले ही पवेलियन लौट गए। ईशान किशन ने मोहम्मद अब्बास की गेंद पर यॉर्कशायर के ओपनर एडम लिथ का कैच पकड़ा। ईशान का नॉटिंघमशायर के साथ दो मैचों के लिए अनुबंध ईशान किशन नॉटिंघमशायर के साथ इस सीजन के दो काउंटी चैंपियनशिप मैचों के लिए एक अनुबंध किया है। किशन ने साउथ अफीका के खिलाड़ी काइल वेरिन का स्थान लिया है, जो इस महीने जिम्बाब्वे के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की सीरीज के लिए नेशनल डइूटी पर हैं। किशन ने कहा कि इंग्लैंड में काउंटी क्रिकेट खेलने का मेरा पहला अनुभव बहुत रोमांचक है और मुझे अपनी प्रतिभा को दिखाने का शानदार मौका मिला है। मैं बेस्ट क्रिकेटर बनना चाहता हूं।श ईशान की इस साल सेंट्रल क्रॉन्ट्रेक्ट में वापसी हुई ईशान की इस साल 2024-2025 के सेंट्रल क्रॉन्ट्रेक्ट में वापसी हुई। उन्हें ग्रेड सी में रखा गया है। इस ग्रेड के खिलाड़ियों को 1 करोड़ रुपए मिलते हैं। पिछले साल ईशान को बीसीसीआई के सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट 2023-24 से बाहर किया गया था। ईशान मानसिक थकान की बात कहकर साउथ अफीकी दौरे के बाद से टीम में शामिल नहीं हुए थे। उसके बाद वह घरेलू क्रिकेट में भी उपलब्ध नहीं रहे थे। ईशान ने 2023 में हुए रणजी मैच में झारखंड टीम से नहीं खेला था, वहीं अगले सीजन में भी वह अपने टीम के साथ खेलते नहीं दिखे।

# हार्दिक पांडया संग रिश्ते पर ईशा गुप्ता ने तोड़ी चुप्पी

**कहा: सिर्फ कुछ समय तक बातचीत हुई, हम दोनों एक दूसरे के लिए नहीं बने थे**

**नई दिल्ली, वार्ता।** एक्ट्रेस ईशा गुप्ता ने क्रिकेटर हार्दिक पांडया के साथ रिश्ते को लेकर बात की है। उन्होंने बताया कि दोनों कुछ समय के लिए एक-दूसरे से बातचीत कर रहे थे, लेकिन वह रिश्ता कभी डेटिंग तक नहीं पहुंचा।

ईशा ने सिद्धार्थ कन्नन को दिए एक इंटरव्यू में कहा, ष्हां, कुछ समय तक हमारी बातचीत हुई थी। मैं इसे डेटिंग नहीं कहूंगी, लेकिन हम कुछ महीनों तक बात कर रहे थे। हम उस स्टेज पर थे जहां लगता था शायद कुछ हो जाए, शायद नहीं। ये बातचीत डेटिंग स्टेज तक पहु. चने से पहले ही खत्म हो गई। हम एक या दो बार ही मिले थे।ष जब ईशा से पूछा गया कि क्या उनके बीच कपल बनने की संभावना थी, तो उन्होंने कहा, ष्शायद हो सकता था, लेकिन लगता है कि ऐसा होना नहीं था। उस समय हार्दिक पहले से ही टीवी पर कुछ बयान देकर विवादों में थे और तब तक हमारी बातचीत भी बंद हो चुकी थी।ष ईशा गुप्ता ने अपने बॉलीवुड करियर की शुरुआत फिल्म श्जन्नतश 2 से की थी।

ईशा ने 'कॉफी विद करण' के उस एपिसोड का भी जिक्र किया जिसमें हार्दिक पांडया और केएल राहुल साथ आए थे। इस एपिसोड में हार्दिक के बयानों पर विवाद हुआ था। उन्होंने कहा कि मैं उस समय तक खुद को काफी मजबूत बना चुकी थी।

# सम्पादकीय

शुक्रवार, 27 जून 2025

## विश्वास की कमी

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प व कतर के शासकों के प्रयासों से यूं तो ईरान-इजरायल के बीच जो सीजफायर हुआ, वह बदस्तूर जारी है, लेकिन जिस तरह दोनों तरफ से अभी भी शब्दों के बाण चल रहे हैं। वह यह बताने के लिए काफी हैं कि जो शांति दिखाई दे रही है वह केवल सतही है। इसमें गहराई नहीं है और दोनों देशों के बीच जो अविश्वास की खाई है, वह किसी भी तरह से भरती दिखाई नहीं दे रही है। ईरान के विदेश मंत्री सईद खातिबजादेह ने एक लेबनानी चैनल के माध्यम से कहा है कि अमेरिका ने जिस तरह ईरान के परमाणु ठिकानों पर हमला किया है, वह उसका मुआवजा वसूलेगा। इसके लिए उन्होंने संयुक्त राष्ट्र में अमेरिका के खिलाफ आधिकारिक शिकायत दर्ज कराने की बात भी कही है। ईरान के सुप्रीम लीडर आयतुल्ला खामेनेई ने ईरान के लोगों को जंग जीतने की बधाई दी है और एक्स पर कहा है कि ईरान ने अपने हमलों से इजरायल को धराशाई कर दिया, उसको कुचल दिया। यह कहते हुए उन्होंने अमेरिका पर भी हमला बोला और कहा कि अमेरिका ने इजरायल का खुलकर साथ दिया और जंग के आखिर में तो वह खुलकर मैदान में आ गया क्योंकि उसे डर था कि अगर वह जंग में नहीं कूदा तो इजरायल का ईरान के हाथों खात्मा तय है। खामेनेई ने कहा है कि हालांकि अमेरिका भी कुछ नहीं कर पाया और ईरान ने अमेरिका के मुंह पर जोरदार तमाचा मारा। ईरान ने अमेरिकी एयरबेस पर हमला किया और उसे नुकसान पहुंचाया। इस तरह ईरान ने बता दिया कि मिडिल ईस्ट में अमेरिका के ठिकाने उसकी पहुंच से दूर नहीं हैं। ब्रिटिश संसद के उच्च सदन हाउस ऑफ लॉर्ड्स के कन्जर्वेटिव सदस्य रिचर्ड भी मानते हैं कि ईरान व इजरायल के बीच युद्ध विराम से सैन्य कार्रवाई में कमी आ सकती है, लेकिन इससे शांति समझौते की संभावना नहीं है। वहीं दूसरी तरफ अमेरिकी खुफिया एजेंसियों की रिपोर्ट सामने आई है कि जो कहती है कि सीजफायर कराना ही डोनाल्ड ट्रम्प के लिए भारी पड़ सकता है। द टेलीग्राफ की एक खबर के अनुसार सुरक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि असली जवाब ईरान अमेरिका की सरजमीं से दे सकता है और वह भी स्लिपर सेल्स के जरिये। अखबार यहां तक कहता है कि यह बात ट्रम्प समेत पूरे सिस्टम के लिए खतरे की घंटी है। ये तमाम बातें हैं, जो यह बता रही हैं कि भले ही सीजफायर हो गया है, लेकिन अभी यह गारंटी मिलनी बाकी है कि समय के साथ इसमें मजबूती आएगी, क्योंकि कोई भी पक्ष झुकने के लिए जरा भी तैयार दिखाई नहीं दे रहा है और सबसे बड़ी बात यह है कि जिन बातों को लेकर यह युद्ध शुरू हुआ था वे मुद्दे जस के तस हैं। उनको लेकर कोई समाधान निकलता दिखाई नहीं दे रहा है। गाजा की समस्या भी जस की तस बनी है। इजरायल वहां रोज हमले कर रहा है। इजरायल ईरान के बीच सीधी भिड़ंत के दौरान ही 12 दिनों में 800 से अधिक फलस्तीनियों की जान इजरायली हमलों में चली गई है। ईरान बराबर अपने परमाणु कार्यक्रम से पीछे न हटने की बात कह रहा है। जब तक झगड़े का कारण बने मुद्दों पर बैठकर बातचीत नहीं होती तब तक मध्य पूर्व में शांति स्थापना को लेकर कुछ नहीं कहा जा सकता।


## सपना बनकर रह गया घर खरीदना



महंगाई चरम पर है और शहरी अर्थव्यवस्था में गरीब तथा मध्यम वर्ग के लोगों के लिए घर खरीदना सपना बनकर रह गया है, मुंबई में घर लेने के लिए भारत के सबसे अमीर पांच प्रतिशत लोगों को भी 109 साल तक अपनी आमदनी का 30 प्रतिशत बचाना पड़ेगा, यही हाल ज्यादातर बड़े शहरों का है, जहां आप अवसर और सफलता की तलाश में एडियां घिस देते हैं, कहां से आएगी इतनी बचत, गरीब और मध्यम वर्ग की विरासत दौलत नहीं, जिम्मेदारियां होती हैं, बच्चों की महंगी शिक्षा, महंगे इलाज की चिंता, माता-पिता की जिम्मेदारी या परिवार के लिए छोटी-सी गाड़ी, फिर भी दिलों में रहता है एक सपना एक दिन एक घर होगा अपना।

**-राहुल गांधी, लोकसभा में विपक्ष के नेता**

# इस्लामी हिज़्री के पहले महीने मोहर्रम की अज़ीम है फज़ीलत




आलमे इन्सानियत में जब भी नए साल की बात जेहन में आती है हर इंसान खुशी और जश्न के तसव्वुर में डूब जाता है, मगर मजहबे-इस्लाम एक ऐसा वाहिद मजहब है जिसका नया साल अल्लाह-तआला की इबादत, वाजिबात की अदायगी और रंज व गम के साथ इंसानी जेहन को मकसदे-जिन्दगी की फिक्र और तहफ्फुजे दीन की दावत देता हुआ शुरू होता है। मोहर्रम जहां मजहबे-इस्लाम का पहला महीना है वहीं यह इस्लाम के चार मोअतबर महीनों में से एक है। जिसमें अल्लाह तआला की तरफ से किसी भी तरह की लड़ाई पर पाबंदी है। माहे- मुहर्रम की एक खुसूसियत यह भी है कि तारीख में यह महीना हमेशा से एक अहम महीना रहा है फिर चाहे वह नुजूले-इस्लाम के पहले का दौर हो या बाद का, क्योंकि इसमें तारीख के अहम वाकिआत गुजरे हैं और इन्हीं वाकिआत की वजह से यह गौर का मौजू रहा है कि आखिर वो कौन सा वाकिआ है जिसने इस महीने को इतनी अहमियत दी।

वैसे अगर हम तारीख में इसका जवाब तलाश करें तो पाएंगे कि इस महीने में तारीख के दो अहम वाकिआत गुजरे हैं जिसमें पहला तो यह है कि इस महीने में हजरत मूसा अलै. ने फिरऔन पर फतह हासिल की थी और दूसरा वाकिआ यह है कि इस महीने में सन 61 हिजरी में पैगम्बरे इस्लाम के नवासे इमाम हुसैन (अलै.) ने दीने- इस्लाम की रूह को बचाने के लिए कर्बला के मैदान में अपने अहले बैत और असहाब के साथ अपनी अजीम कुर्बानी दी, जिसके बाद माहे - मुहर्रम इमाम हुसैन (अलै.) और करबला से ऐसा मंसूब हुआ कि मोहर्रम का जिक्र आते ही आलमे-इंसानियत के जेहन में जो पहली बात आती है वो वाकिआ-ए-करबला है।

दूसरा सवाल जो जेहन में आता है कि आखिर क्या वजह थी जो नवासा-ए-रसूल को इतनी अजीम कुर्बानी देनी पड़ी। इस सवाल का जवाब दो तरह से दिया जा सकता है, जिसमें पहला तो यह है कि उस वक्त का खलीफा जिसका नाम यजीद इब्ने माविया था, वह एक फासिको फाजिर इंसान था और जाती तौर पर शराब खोरी का आदी था जुआ खेलने वाला, तमाम हराम कामों को करने वाला इंसान था, यहां तक कि उसने अपने दौर हुकूमत में काबे का भी एहतराम ना किया और उसमें भी आग लगवा दी थी इसके बाद मआशरे पर मजहबे- इस्लाम के हलाल की हुई चीजों को हराम और हराम की हुई चीजों को हलाल करने पर आमादा था और अपने अमल को जायज करार देने के लिए वो इमाम हुसैन से बेअत लेना चाहता था, क्योंकि वह जानता था कि अगर इन्होंने बेअत कर ली तो तमाम आलमे-इस्लाम की जबान उसके खिलाफ चुप हो जाएगी। मगर इमाम हुसैन ने बेअत करने के बजाए अपना पूरा कुनबा इस्लाम पर कुर्बान करना कुबूल किया और शहादत तक बेअत कुबूल ना की।

इसी के मद्देनजर उन्होंने यजीद इब्ने माविया के खिलाफ कयाम किया और अपने अहलेबैत और असहाब के साथ करबला के मैदान में 3 दिन की भूख और प्यास के साथ इस्लाम पर कुर्बानी पेश की। एक और सवाल जो मेरे जेहन में इस वक्त आया वह यह कि करबला की जंग हुकूमत के लिए हुई थी या जंग- इस्लाम के दिफा के लिए हुई थी। अगर हम दूसरे सवाल के जवाब पर गौर करें तो खुद बखुद समझ सकते हैं कि यह इस्लाम जंग खुदा की राह में थी। जिसमें इमाम हुसैन (अलै.) ने दीने इस्लाम की खातिर अपना भरा घर लुटा दिया।

पैगम्बरे इस्लाम ने फरमाया: 'हसनैन (हसन और हुसैन) जवानाने जन्नत के सरदार हैं यानि जन्नत में मर्दों के सरदार हैं और कुरआन कहता है कि दुनिया की मुहब्बत गुनाह है, तो अब समझने की बात यह है कि अगर कुरआन दुनियावी मुहब्बत को गुनाह समझता है और गुनहगार का जन्नत में कोई तसव्वुर नहीं तो जन्नत में मर्दों के सरदार से दुनियावी हुकूमत की ख्वाहिश कैसे मनसूब किया जा सकता है।

अब दूसरी जगह कुरआन कहता है कि अहलेबैत, खुदा तो बस यह चाहता है कि तुमको हर तरह की बुराई से दूर रखे और जो पाक व पाकीजा दिखने का हक है वैसा पाक व पाकीजा रखे। तो कुरआन जिस हुसैन (अलै.) (अहलेबैत) की पाकीजगी की गवाही दे रहा है उन्होंने मदीने से निकलते वक्त एक खुत्बा दिया जिसमें इमाम हुसैन (अलै.) ने फरमाया, मैं अपने नाना की उम्मत की इस्लाह के लिए कयाम कर रहा हूं, तो अब मानना पड़ेगा के कयामे हुसैन (अलै.) खालिस खुदा के लिए था। अब आखिर में एक हदीस और बयान करना चाहूंगा, जिसमें उन्होंने फरमाया कि मेरा लाल हुसैन करबला की मिट्टी पर कत्ल किया जाएगा, हर इंसान जो उस वक्त मौजूद हो तो उसको चाहिए कि हुसैन की मदद करे।

अब यह बात मुकम्मल तौर पर जाहिर है कि अगर कयामे हुसैन (अलै.) दुनिया की मुहब्बत में होता तो पैगम्बरे इस्लाम कभी हसैन (अलै.) का साथ देने के लिए न कहते, तो अब यह काफी है इस बात को समझने के लिए कयामे इमाम हुसैन खालिस रजाए परवरदिगार को हासिल करने के लिए था। यजीद हुसैन को कत्ल कर के भी हार गया और हुसैन (अलै.) अपना सब कुछ लुटा कर भी दुनिया और आखिरत में कामयाब हो गए।



**ज़िया अब्बास ज़ैदी**
सीनियर जर्नलिस्ट
मोबाइल नंबर 9837776610,
मेल आईडी-
ziaabbaszaidist@gmail.com

# बेटियों के लिए मोह बढ़ना संतुलित समाज का आधार

**भारत में भी यही स्थितियां देखने को मिल रही है। जबकि सदियों से भारत की समाज-व्यवस्था एवं परिवार-परम्परा पुत्र मोह की ग्रंथि से ग्रस्त रहा है। जिसके चलते शिशु लिंग अनुपात में असंतुलन बढ़ता गया है। देश में हुई 2016 की जनगणना में लड़कों की तुलना में लड़कियों की घटती संख्या के आंकड़े चौंकाते ही नहीं बल्कि दुखी भी करते हैं। जिस तरह से लड़के-लड़कियों का अनुपात असंतुलित हो रहा है, उससे ऐसी चिन्ता भी जताई जाने लगी है कि यही स्थिति बनी रही तो लड़कियां कहां से लाएंगे?**



ललित गर्ग

दुनियाभर में माता-पिता आमतौर पर अब तक बेटियों की तुलना में बेटों को ज्यादा पसंद करते आ रहे हैं, लेकिन प्राथमिकताओं को लेकर वैश्विक दृष्टिकोण में एक सूक्ष्म, महत्वपूर्ण और बड़ा बदलाव देखने को मिल रहा है। इस बात के संकेत मिल रहे हैं कि अब लड़के की तुलना में लड़कियों को अधिक पसंद किया जाने लगा है।

ऐसा इसलिए हो सकता है, क्योंकि लड़कियों के प्रति पूर्वाग्रह कम है और संभवतः लड़कों के प्रति पूर्वाग्रह ज्यादा है। नए साक्ष्य एवं अध्ययन इस बदलाव का संकेत देते हैं, जो संभवतः बढ़ते एकल परिवार परम्परा, तथाकथित आधुनिक-सुविधावादी जीवनशैली एवं कैरियर से जुड़ी प्राथमिकताओं के चलते लड़कों से जुड़े एक सूक्ष्म भय, उपेक्षा एवं उदासीनता को उजागर करते हैं। द इकोनॉमिस्ट द्वारा ताजा प्रकाशित रिपोर्टों में, लिंग प्राथमिकताओं को लेकर वैश्विक दृष्टिकोण में कुछ ऐसे ही दिलचस्प रुझान सामने आए हैं, जिसमें लड़कों के प्रति सदियों पुराना झुकाव अब कम हो रहा है। रिपोर्ट के अनुसार, दुनियाभर में माता-पिता अब लड़कों की तुलना में लड़कियों को भविष्य की सुरक्षा को लेकर अधिक पसंद कर रहे हैं। विकासशील देशों में, लड़कों के प्रति पूर्वाग्रह कम हो रहा है, जबकि अमीर देशों में लड़कियों को प्राथमिकता दी जा रही है। इसके अतिरिक्त, युवा पुरुषों और महिलाओं के बीच लैंगिक भूमिकाओं को लेकर विचारों में अंतर बढ़ता जा रहा है।

ग्लोबल जेंडर गैप रिपोर्ट 2025 में, भारत 148 देशों में 131वें स्थान पर है, जो पिछले वर्ष की तुलना में दो स्थान नीचे है और इसका लैंगिक समानता स्कोर 64.1 प्रतिशत है।

वर्तमान प्रगति की दर से, पूर्ण लैंगिक समानता प्राप्त करने में 134 वर्ष लगेंगे, जो दर्शाता है कि प्रगति की समग्र दर धीमी है। इन रिपोर्टों से पता चलता है कि दुनिया भर में लैंगिक समानता की दिशा में प्रगति हो रही है, लेकिन अभी भी बहुत कुछ किया जाना बाकी है। भारत के लिए लैंगिक समानता की दिशा में दो पायदान की गिरावट का सबसे बड़ा कारण महिला समानता को लेकर चल रहे आन्दोलन है। भारत की बेटियां आज अंतरिक्ष से लेकर खेल के मैदान तक में बुलंदियां छू रही हैं। वे परिवार की जिम्मेदारियों को निभाने में उल्लेखनीय भूमिकाओं का निर्वाह कर रही है। सरकार द्वारा 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ', 'सुकन्या समृद्धि योजना' जैसे सराहनीय पहल के जरिए बेटियों को आगे बढ़ने के अवसर मिल रहे हैं। 21वीं सदी की चौखट पर खड़ी दुनिया में बड़े व्यापक बदलाव हो रहे हैं। इंसानी रिश्तों की अहमियत को लेकर भी नई सोच पनप रही है। अब अमेरिका, दक्षिण कोरिया, भारत और चीन में, लिंग अनुपात सामान्य या यहां तक कि बेटी की पसंद के संकेत दिखाने लगा है। ऐसे में सवाल उठना स्वाभाविक है कि इस बदलाव की असल वजह क्या है? दरअसल, माता-पिता में यह धारणा बलवती होती जा रही है कि बेटियां उनकी ढलती उम्र में धीरे-धीरे अधिक विश्वसनीय देखभाल करने वाली साबित हो सकती हैं। उन्हें परिवार से गहरे तक जुड़े रहने की अधिक संभावना के रूप में देखा जाने लगा है। आज बेटियों को बेटों के मुकाबले बेहतर शैक्षणिक प्रदर्शनकर्ता, परिवार सार-संभालकर्ता, माता-पिता के प्रति जिम्मेदारी निर्वाहकर्ता के रूप में देखा जाने लगा है। तेजी से कामकाजी दुनिया का हिस्सा बनने के कारण वे आर्थिक रूप से स्वावलंबी होने से अनेक पारिवारिक जिम्मेदारियों के लिए अधिक संवेदनशील है। ऐसा माना जाने लगा है कि बेटियां बेटों के मुकाबले में ज्यादा संवेदनशील होती हैं और जीवन के अंतिम पड़ाव में मां-बाप को सुरक्षा कवच प्रदान कर सकती हैं। जिसके चलते लोग बेटों के मुकाबले बेटियों को अपनी प्राथमिकता बनाने को तरजीह देने लगे हैं। पश्चिमी देशों में गोद लेने और आईवीएफ के डेटा दिखाते हैं कि बेटियों को चुनने की दिशा में स्पष्ट झुकाव है। दरअसल, पश्चिमी देशों के एकल परिवारों में बेटे अपनी गृहस्थी बसाकर मां-बाप को उनके भाग्य पर छोड़ जाते हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# लाइलाज बीमारी डीएमडी से जूझते देश के बच्चे



रजनीश कपूर



ड्यूशेन मस्कुलर डिस्ट्रॉफी (डीएमडी) एक ऐसी दुर्लभ और लाइलाज जेनेटिक बीमारी है, जो मुख्य रूप से लड़कों को प्रभावित करती है। यह बीमारी मांसपेशियों को धीरे-धीरे कमजोर करती है, जिससे रोगी का चलना-फिरना, सांस लेना और अंततः जीवित रहना मुश्किल हो जाता है। भारत में हर 3500 पुरुष जन्मों में से एक बच्चा इस बीमारी का शिकार होता है। इसका इलाज इतना महंगा है कि यह सामान्य परिवारों की पहुंच से बाहर है। ऐसी ही एक मार्मिक कहानी है अमृतसर के जंडियाला गुरु निवासी हरप्रीत सिंह और उनकी पत्नी की, जो अपने 9 वर्षीय बेटे इशमीत को बचाने के लिए दिन-रात संघर्ष कर रहे हैं। इशमीत को डीएमडी है और उसके इलाज के लिए 27 करोड़ रुपये की जरूरत है, एक ऐसी राशि जो किसी सामान्य परिवार के लिए असंभव-सी प्रतीत होती है।

हरप्रीत सिंह भारतीय सेना में सैनिक हैं और उनकी पत्नी का जीवन तब तक सामान्य था, जब तक उनके इकलौते बेटे इशमीत में कुछ असामान्य लक्षण दिखाई नहीं दिए। इशमीत जब चार साल का था तब उसके माता-पिता ने देखा कि वह ठीक से चल नहीं पाता, बार-बार गिरता है और अन्य बच्चों की तरह दौड़-भाग नहीं कर पाता। शुरू में उन्होंने इसे सामान्य कमजोरी समझा, लेकिन जब लक्षण बढ़ने लगे, तो वे उसे स्थानीय डॉक्टरों के पास ले गए। कई जांचों और अस्पतालों के चक्कर काटने के बाद, दिल्ली के एम्स में डॉक्टरों ने पुष्टि की कि इशमीत डीएमडी से पीड़ित है। यह खबर सुनकर हरप्रीत और उनकी पत्नी के पैरों तले जमीन खिसक गई। डीएमडी एक अनुवांशिक बीमारी है, जो डिस्ट्रोफिन जीन में उत्परिवर्तन के कारण होती है। यह जीन शरीर में डिस्ट्रोफिन प्रोटीन का निर्माण करता है, जो मांसपेशियों को मजबूत रखने के लिए जरूरी होता है। इस प्रोटीन की कमी से मांसपेशियां कमजोर होकर धीरे-धीरे नष्ट हो जाती हैं। डीएमडी से पीड़ित बच्चों की औसत आयु 11 से 21 वर्ष तक होती है और ज्यादातर मरीज किशोरावस्था के अंत तक व्हीलचेयर पर निर्भर हो जाते हैं। जब हरप्रीत को पता चला कि उनके बेटे का इलाज संभव है तो उनके चेहरे पर उम्मीद की किरण जगी। एम्स के डॉक्टरों ने बताया कि अमेरिका में एक जीन थेरेपी उपलब्ध है, जिसमें एक विशेष इंजेक्शन जोल्जेंस्मा या समकक्ष दवा के जरिए डीएमडी का इलाज किया जा सकता है। डॉक्टरों ने आश्वासन दिया कि यह इंजेक्शन इशमीत को पूरी तरह स्वस्थ कर सकता है, लेकिन इस उम्मीद के साथ एक ऐसी सच्चाई भी सामने आई जिसने परिवार को हताश कर दिया। इस इंजेक्शन की कीमत 27 करोड़ रुपये है।

27 करोड़ रुपये की यह राशि किसी मध्यमवर्गीय परिवार के लिए कल्पनातीत है। हरप्रीत सिंह ने अपनी सारी जमा-पूंजी, जमीन, और अन्य संसाधनों को बेचने की कोशिश की, लेकिन इससे भी इस राशि का एक छोटा सा हिस्सा ही जुट पाया। भारत में डीएमडी का कोई किफायती इलाज उपलब्ध नहीं है और स्टेरॉयड जैसी दवाएं केवल लक्षणों को कुछ समय के लिए नियंत्रित कर सकती हैं, जिनके गंभीर दुष्प्रभाव भी हैं। हरप्रीत और उनकी पत्नी ने हार नहीं मानी। उन्होंने अपने बेटे को बचाने के लिए क्राउड फंडिंग का सहारा लिया। सोशल मीडिया, स्थानीय समुदाय और विभिन्न संगठनों के माध्यम से उन्होंने लोगों से मदद की अपील की। हरिमंदिर साहिब के बाहर खड़े होकर उन्होंने गुहार लगाई, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग उनकी कहानी सुन सकें। उनकी मेहनत रंग लाई और अब तक करीब दो करोड़ रूपए जमा हो चुके हैं।

अभी भी पच्चीस करोड़ रूपए की जरूरत है और समय तेजी से बीत रहा है। डीएमडी जैसी दुर्लभ बीमारियों के इलाज के लिए भारत में कोई ठोस नीति या सरकारी सहायता नहीं है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने 2021 में दिल्ली हाईकोर्ट में बताया था कि देश में करीब पांच लाख लोग डीएमडी से पीड़ित हैं और प्रत्येक मरीज के इलाज पर सालाना पांच करोड़ रूपए का खर्च आता है, लेकिन बजट की कमी के कारण सरकार इस दिशा में कोई कदम नहीं उठा पा रही। हरप्रीत ने कई बार सरकार से मदद की गुहार लगाई, लेकिन उन्हें केवल आश्वासन ही मिले। डीएमडी के मरीजों के लिए न तो मुफ्त दवाएं उपलब्ध हैं, न ही फिजियोथेरेपी जैसी सहायक सेवाएं। ऐसे में परिवार अकेले ही इस जंग को लड़ने के लिए मजबूर हैं। डीएमडी के बारे में भारत में जागरूकता का अभाव भी एक बड़ी समस्या है।

बहुत कम लोग इस बीमारी को समझते हैं, जिसके कारण मरीजों और उनके परिवारों को सामाजिक समर्थन नहीं मिल पाता। 2023 में दिल्ली के जंतर-मंतर पर डीएमडी जागरूकता के लिए एक रैली निकाली गई थी जिसमें 21 राज्यों से करीब 500 परिवार शामिल हुए। इस रैली में माता-पिता ने सरकार से सस्ती दवाओं, शोध के लिए फंड और मुफ्त इलाज की मांग की थी। हरप्रीत जैसे परिवारों का मानना है कि अगर समाज इस बीमारी को समझे और सरकार इसमें शोध को प्रोत्साहित करे, तो शायद भविष्य में इलाज किफायती हो सके। हरप्रीत और उनकी पत्नी का संघर्ष केवल इशमीत के लिए नहीं, बल्कि उन सभी परिवारों के लिए एक मिसाल है, जो डीएमडी जैसी बीमारियों से जूझ रहे हैं।

उनकी कहानी यह सवाल उठाती है कि क्या भारत जैसे देश में, जहां स्वास्थ्य सेवाएं पहले से ही चुनौतियों से भरी हैं, दुर्लभ बीमारियों के मरीजों को जीने का हक मिलेगा? क्या समाज और सरकार मिलकर इन परिवारों के लिए कोई रास्ता निकाल सकते हैं? यह न केवल हृदयविदारक है, बल्कि यह समाज और सरकार के लिए एक आंख खोलने वाली सीख भी है। 27 करोड़ रुपये का इलाज एक असंभव लक्ष्य जरूर है, लेकिन अगर समाज एकजुट हो जाए और सरकार इस दिशा में ठोस कदम उठाए, तो इशमीत जैसे बच्चों को नया जीवन मिल सकता है। डीएमडी से जूझ रहे बच्चों के लिए जागरूकता, शोध और किफायती इलाज की जरूरत है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# न्यूक्लियर ठिकानों पर अमेरिकी हमलों की संयुक्त राष्ट्र में भरपाई मांगेगा ईरान

**तेहरान।** ईरान और इजरायल के बीच दो हफ्तों तक चली जबरदस्त जंग के बाद भले ही सीजफायर हो गया हो, लेकिन तनाव अब भी बना हुआ है। इस पूरे टकराव में अमेरिका भी इजरायल के साथ खुलकर सामने आया था और ईरान के न्यूक्लियर ठिकानों पर बंकर बस्टर बम गिराए। अब ईरान इस हमले की कीमत वॉशिंगटन से वसूलने की तैयारी कर रहा है।

ईरान के डिप्टी विदेश मंत्री सईद खतिबजादेह ने लेबनानी चैनल अल-मयादीन से बातचीत में कहा कि तेहरान संयुक्त राष्ट्र में अमेरिका के खिलाफ आधिकारिक शिकायत दर्ज करेगा और न्यूक्लियर ठिकानों को हुए नुकसान की भरपाई की मांग करेगा। ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराक्ची ने भी पहली बार माना है कि न्यूक्लियर ठिकानों को भारी नुकसान हुआ है। उनके मुताबिक, ये टकराव इजरायली मिसाइल हमलों से शुरू हुआ था, जिनमें ईरान के न्यूक्लियर, मिसाइल और सैन्य ठिकाने सीधे निशाने पर थे। अमेरिका की राष्ट्रीय खुफिया निदेशक तुलसी गैबार्ड के मुताबिक, ईरान के तीन प्रमुख न्यूक्लियर ठिकाने नतांज, फोर्दो और इस्फहान पूरी तरह तबाह हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि अगर ईरान चाहे भी तो इन्हें दोबारा तैयार करने में सालों लग जाएंगे। इजरायल की एटॉमिक एनर्जी कमीशन ने भी अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के उस बयान का समर्थन किया है जिसमें उन्होंने कहा था कि फोर्दो ठिकाने को पूरी तरह मिटा दिया गया है। ईरान के स्वास्थ्य मंत्रालय के प्रवक्ता हुसैन केर्मनपौर के मुताबिक, संघर्ष में 627 लोगों की मौत हुई है जबकि 4870 लोग घायल हुए हैं। सबसे ज्यादा जानें राजधानी तेहरान में गई हैं। हालांकि गोलीबारी थमी है, लेकिन हालात सामान्य नहीं हुए हैं। अमेरिका और ईरान के बीच बातचीत की संभावना है, लेकिन इजरायल और ईरान के बीच दुश्मनी फिर से भड़क सकती है। ईरान जहां मुआवज़े के लिए केस की तैयारी में है, वहीं अमेरिका और इजरायल इसे अपनी जीत बता रहे हैं।

## बंकर बस्टर बम गिराना अमेरिका को पड़ेगा भारी



### हमले की कीमत वॉशिंगटन से वसूलने की तैयारी, ईरान करने जा रहा है मुआवजे के लिए मुकदमा



श्रीनगर। डल झील पर नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय दिवस पर आयोजित 'शिकारा रैली' में भाग लेते शिकारा वाले।

## इजरायली बसाने वालों के हमले में तीन फलस्तीनी मारे गए

**रामल्लाह/यरूशलम।** वेस्ट बैंक के मध्य रामल्लाह के पूर्व में काफ़र मलिक शहर पर बुधवार को इजराइली बसने वालों के हमले में तीन फलस्तीनी मारे गए और सात अन्य घायल हो गए। फलस्तीनी आधिकारिक समाचार एजेंसी डब्ल्यूएएफए ने यह जानकारी दी। स्थानीय स्रोतों का हवाला देते हुए डब्ल्यूएएफए ने कहा कि दर्जनों बसने वालों ने काफ़र मलिक शहर पर हमला किया और शहर में नागरिकों के वाहनों और घरों को जला दिया, जबकि शहर और आस-पास के गांवों के निवासियों ने उनका सामना करने का प्रयास किया। डब्ल्यूएएफए ने कहा कि इजरायली बलों ने बसने वालों को सुरक्षा प्रदान की, फलस्तीनियों पर गोलियां चलाईं और एंबुलेंस को घायलों तक पहुंचने और उन्हें ले जाने से रोका। इजरायली अखबार हारेत्ज़ ने एक स्थानीय निवासी का हवाला देते हुए बताया कि यह इजरायली सेना थी जिसने तीन फलस्तीनियों को मार डाला, हालांकि बसने वालों ने हैंडगन से भी गोलियां चलाईं।

## संक्षिप्त समाचार

### पाकिस्तान में बर्फ की झील के फटने की चेतावनी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) ने देश के उत्तरी पहाड़ी क्षेत्रों में बढ़ते तापमान के कारण बर्फ की झील (जीएलओएफ) के फटने के खतरे को लेकर अलर्ट जारी किया है। बुधवार को जारी चेतावनी में तेजी से बढ़ते तापमान और पश्चिमी मौसम प्रणाली के प्रभाव का हवाला दिया गया है। एनडीएमए ने कहा कि प्रमुख घाटियों में ग्लेशियरों के तेजी से पिघलने से बर्फ की झीलों के फटने का खतरा बढ़ गया है जिससे अचानक बाढ़ आ सकती है और सड़कों और पुलों सहित बुनियादी ढांचे को नुकसान हो सकता है।

### उत्तरी इराक में दो आतंकवादी को किया ढेर

**बगदाद।** उत्तरी इराक में एक सैन्य अभियान के दौरान इस्लामिक स्टेट (आईएस) के दो आतंकवादी मारे गए। इराकी आतंकवाद निरोधी सेवा ने बुधवार को एक बयान में कहा कि खुफिया रिपोर्टों पर कार्रवाई करते हुए आतंकवाद निरोधी बलों ने किरकुक प्रांत के बीहड़ इलाके में आतंकवादियों पर घात लगाकर हमला किया जिसमें दो आतंकवादी मारे गए। आतंकवाद निरोधी सेवा ने कहा कि वह इराक के हर कोने से आतंकवाद का मुकाबला करना जारी रखेगी। गौरतलब है कि इराक ने वर्ष 2017 में आईएस पर जीत की घोषणा की थी, लेकिन आईएस समूह शहरी क्षेत्रों, रेगिस्तान और दूरदराज के क्षेत्रों में सुरक्षा बलों और नागरिकों के खिलाफ हमले करते रहते हैं।

### मेक्सिको में संत उत्सव में गोलीबारी में दस की मौत

**मेक्सिको सिटी।** मध्य मेक्सिको के गुआनाजुआटो राज्य के एक शहर इरापुआटो में संरक्षक संत उत्सव में 24 जून की रात को गोलीबारी में बच्चों सहित कम से कम 10 लोग मारे गए। राष्ट्रपति क्लाउडिया शीनबाम ने बुधवार सुबह इसकी पुष्टि की। राष्ट्रपति ने मेक्सिको सिटी में नेशनल पैलेस में अपने दैनिक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि यह वास्तव में एक झड़प थी, लेकिन दुर्भाग्य से बच्चों की मौत हो गई। शीनबाम ने कहा कि जो हुआ वह बहुत खेदजनक है। उन्होंने कहा कि घटना की जांच चल रही है और उन्होंने राज्य में चल रही हिंसा से निपटने के लिए गुआनाजुआटो के गवर्नर लीबिया डेनिस गार्सिया मुनोज़ लेडो के साथ मिलकर काम करने का वादा किया है।

## इजरायल को बचाने जंग में कूदा अमेरिकाः खामेनेई



### सुप्रीम लीडर ने कहाः ईरान ने कतर में अमेरिकी एयरबेस पर हमला कर मुंह पर तमाचा मारा

### ईरान में इजरायली हमलों में 13 जून से अब तक 627 लोगों की मौत

**तेहरान।** ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई ने ईरान के लोगों को इजरायल के खिलाफ जंग जीतने की बधाई दी है। उन्होंने एक्स पर पोस्ट में कहा कि मैं झूठे इजरायली सरकार पर जीत के लिए बधाई देता हूं।

ईरान ने अपने हमलों से इजरायल को धराशाई कर दिया, कुचल दिया। खामेनेई ने कहा कि अमेरिका दोनों देशों के बीच खुली जंग में इसलिए कूदा क्योंकि उसे डर था कि अगर उसने दखल नहीं दिया, तो इजरायल पूरी तरह से खत्म हो जाएगा। लेकिन अमेरिका को कुछ हासिल नहीं हुआ। ईरान ने अमेरिका के चेहरे पर जोरदार तमाचा मारा। ईरान ने अमेरिकी एयरबेस पर हमला किया और उसे नुकसान पहुंचाया, जो मिडिल ईस्ट में अमेरिका के प्रमुख ठिकानों में से एक है। ईरान के पास मिडिल ईस्ट में अमेरिका के अहम ठिकानों तक पहुंच है। अगर कोई हमला हुआ, तो दुश्मन को भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। इजरायल ने 13 जून को ईरान पर सबसे पहले हमला किया था। इसके बाद दोनों तरफ से जंग छिड़ गई। 12 दिनों तक चली जंग के बाद ट्रम्प ने 24 जून को सीजफायर का ऐलान किया था। ईरान में जंग से 627 और इजरायल में 28 लोगों की मौत हुई। वहीं ईरान में 13 जून से अब तक इजरायल के हवाई हमलों में कम से कम 627 लोग मारे गए हैं और 4870 अन्य घायल हुए हैं।

## ब्रिक्स समिट में शामिल नहीं होंगे जिनपिंग

### पीएम मोदी को स्टेट डिनर का न्योता दावाः भारत के प्रधानमंत्री को बुलाए जाने से नाराज

**रियो डी जेनेरियो/बीजिंग।** चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग अगले हफ्ते ब्राजील के रियो डी जेनेरियो में होने वाले ब्रिक्स समिट में भाग नहीं लेंगे। साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट (एससीएमपी) ने अपनी रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से बताया है कि जिनपिंग समिट के बाद स्टेट डिनर में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बुलाए जाने से नाराज हैं।

ब्राजील में 6-7 जुलाई को 17वां ब्रिक्ससमिट होने वाला है। समिट के बाद स्टेट डिनर के लिए ब्राजीलियन राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला डी सिल्वा ने पीएम नरेंद्र मोदी को बुलाया है। एससीएमपी के मुताबिक, जिनपिंग को लग रहा है कि मोदी के सामने उन्हें कम तवज्जो मिलेगी। हालांकि, चीन ने ब्रिक्ससमिट के मेजबान ब्राजील को राष्ट्रपति जिनपिंग के बिजी शेडयूल का हवाला देते हुए उनके न आने की जानकारी दी है। बैठक से करीब 10 दिन पहले चीनी राष्ट्रपति के इस फैसले से ब्राजील के नाराज होने की भी खबरें हैं। शी जिनपिंग के बतौर राष्ट्रपति 12 सालों के कार्यकाल में ऐसा पहली बार होगा, जब वे ब्रिक्ससमिट में नहीं जाएंगे। वे 2013 से हर साल समिट में शामिल हुए हैं। कोविड महामारी के दौरान, उन्होंने दो साल ब्रिक्स में वर्चुअली भाग लिया था। शी जिनपिंग और पीएम मोदी 23 अक्टूबर, 2024 को रूस के कजान में ब्रिक्स समिट में मिले थे। 2020 में गलवान झड़प के बाद दोनों नेताओं की यह पहली बाइलैटरल मीटिंग थी। जिनपिंग की जगह चीनी पीएम के ब्राजील जाने की संभावना एससीएमपी के मुताबिक, ब्रिक्स समिट में चीनी राष्ट्रपति जिनपिंग की जगह अब प्रधानमंत्री ली कियांग देश का प्रतिनिधित्व करेंगे। उन्होंने 2023 में भी जिनपिंग की जगह भारत में जी-20 समिट में भाग लिया था। हालांकि, चीन की तरफ से अभी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता गुओ जियाकुन ने ब्राजील के अखबार फोल्हा से कहा कि सही समय आने पर इसकी जानकारी दी जाएगी। शी जिनपिंग के समिट में भाग न लेने की रिपोर्ट्स पर ब्राजील के विदेश मंत्रालय ने कहा कि वह विदेशी प्रतिनिधिमंडलों के आंतरिक फैसलों पर टिप्पणी नहीं करेगा। मई 2025 में ब्राजीलियन राष्ट्रपति से मिले थे जिनपिंग एससीएमपी ने चीनी अधिकारियों के हवाले से बताया कि जिनपिंग पहले ही एक साल से भी कम समय में दो बार ब्राजील के राष्ट्रपति लूला डी सिल्वा से मिल चुके हैं। इसलिए उनका मानना है कि ब्रिक्स समिट में उनका जाना उतना जरूरी नहीं है। जिनपिंग नवम्बर, 2024 में दक्षिण अमेरिकी देश में जी-20 समिट और फिर मई, 2025 में बीजिंग में चीन-सेलाक फोरम में ब्राजील के राष्ट्रपति से मिले थे।



ब्राजील में 6-7 जुलाई को 17वां ब्रिक्स समिट होने वाला है, समिट के बाद ब्राजीलियन राष्ट्रपति सिल्वा ने पीएम मोदी को बुलाया है

## इजरायल जैसा डिफेंस सिस्टम तैयार कर रहा ताइवान

### यूक्रेन और इजरायल से सबक लेते हुए ताइवान अपनी सुरक्षा को नए सिरे से मजबूत कर रहा




**ताइपे।** चीन के बढ़ते खतरे के बीच ताइवान अब पूरी तरह से तैयारियों में जुट गया है। यूक्रेन और इजरायल जैसे देशों से सबक लेते हुए ताइवान अपनी सुरक्षा व्यवस्था को नए सिरे से मजबूत कर रहा है। खासकर आम जनता की सुरक्षा के लिए अब एयर रेड शेल्टर यानी हवाई हमले से बचने के ठिकाने को लेकर गाइलाइंस में बड़ा बदलाव किया जा रहा है। ताइवान सरकार अगले हफ्ते नई एयर रेड शेल्टर गाइडलाइंस जारी करने वाली है।

इस गाइडलाइंस में बताया जाएगा कि अगर चीन की ओर से हमला होता है और एयर रेड सायरन बजता है, तो लोगों को कैसे और कहां शरण लेनी चाहिए। सरकारी दस्तावेजों के मुताबिक, अगर कोई व्यक्ति तय समय (लगभग तीन मिनट) में किसी शेल्टर तक नहीं पहुंच पाता है, तो उसे क्या करना चाहिए, इसकी भी साफ हिदायत दी जाएगी।

ण्जैसे कम से कम दो दीवारों के पीछे छुपना और मुंह थोड़ा खुला रखना ताकि धमाके के असर से कान और सिर को कम नुकसान हो। ताइवान के एक वरिष्ठ सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि शहरों में बड़ी संख्या में लोग ऊंची बिल्डिंग्स में रहते हैं और तीन मिनट में शेल्टर तक पहुंचना मुश्किल होता है। इसलिए सरकार अब लोगों को घर में ही खुद को सुरक्षित रखने के तरीकों के बारे में जागरूक कर रही है। इस साल जुलाई में होने वाला हान कुआंग 41 सैन्य अभ्यास पहली बार 10 दिनों तक चलेगा। इसमें आम नागरिकों को भी शामिल किया जाएगा, ताकि इमरजेंसी में जरूरी सामान कैसे बांटा जाए और कैसे शांति बनाए रखी जाए, इसकी रिहर्सल कराई जा सके। ताइवान ने देशभर में एयर डिफेंस शेल्टर्स बनाए हैं, मेट्रो स्टेशन से लेकर मॉल तक। अकेले ताइपेई में 4,600 से ज्यादा शेल्टर्स हैं, जिनमें 1.2 करोड़ लोगों के बैठने की क्षमता है, जो कि शहर की आबादी से चार गुना ज्यादा है। रूस-यूक्रेन युद्ध के बाद ताइवान को एहसास हुआ कि अगला नंबर उसका हो सकता है। वहीं, इजरायल के 'आयरन डोम' जैसी तकनीकों और वहां के सिविल डिफेंस सिस्टम ने दुनिया को दिखाया कि आम जनता को भी युद्ध के वक्त तैयार रहना चाहिए। ताइवान का ये कदम बताता है कि अपने लोगों की जान बचाने के लिए वह किसी बड़े देश से कम नहीं।

## डोनाल्ड ट्रम्प की टेंशन बढ़ा रही खुफिया रिपोर्ट

### अमेरिका के कोने-कोने में एक्टिव है ईरान का खतरनाक 'हथियार'



**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने जैसे ही ईरान-इजरायल के बीच संघर्ष विराम की घोषणा की, वॉशिंगटन के साथ पूरी दुनिया में कुछ राहत की सांस ली गई।

अब भले ही सीजफायर हो गया हो मगर अमेरिकी खुफिया एजेंसियों की एक रिपोर्ट सामने आई है जो कहती है सीजफायर कराना ही ट्रम्प के लिए भारी पड़ सकता है। द टेलीग्राफ ब्रिटेन की एक खबर के मुताबिक सुरक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि असली जवाब ईरान अमेरिका की सरजमीं पर दे सकता है। वो भी स्लीपर सेल्स के जरिए। और यही बात ट्रम्प समेत पूरे सिस्टम के लिए खतरे की घंटी है। ये स्लीपर सेल्स आम ज़िंदगी जीते हुए किसी भी समय एक्टिव हो सकते हैं। ये ऐसे लोग होते हैं जो दिखने में आम नागरिक लगते हैं। नौकरी करते हैं, समाज में घुल-मिल जाते हैं लेकिन असल में ये किसी विदेशी एजेंसी से जुड़े होते हैं। जैसे ही उन्हें ग्रीन सिग्नल मिलता है, वो हमला कर सकते हैं, ब्लैकमेलिंग कर सकते हैं या फिर किसी रणनीतिक टारगेट को नुकसान पहुंचा सकते हैं।

रिपोर्ट में सामने आया है कि ईरान के एजेंट अमेरिका के शहरों में छुपे बैठे हैं। ये एजेंट ईरानी या आपराधिक नेटवर्क के ज़रिए मिशन पूरा करते हैं। अतीत में कई ऐसे ऑपरेशन पकड़े गए हैं, जहां ईरानी एजेंट्स ने हत्या या अपहरण की कोशिश की।

## भारत ने दिया पाक को करारा जवाब

### बच्चों के खिलाफ अत्याचार और आतंकवाद फैलाने वाले पाकिस्तान का संरा में उपदेश देना घोर पाखंड

**न्यूयॉर्क।** भारत ने गुरुवार को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में पाकिस्तान को करारा जवाब दिया। भारत ने संयुक्त राष्ट्र की प्रक्रियाओं पर पाकिस्तान के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि पाकिस्तान अपने क्षेत्र में बच्चों के अत्याचार के मुद्दे से ध्यान भटकाने की कोशिश कर रहा है।

उन्होंने कहा कि बच्चों के खिलाफ अत्याचार और आतंकवाद फैलाने वाले पाकिस्तान का संयुक्त राष्ट्र में उपदेश देना घोर पाखंड है। न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र में बच्चों और सशस्त्र संघर्ष (सीएएसी) पर वार्षिक खुली बहस के दौरान भारत के स्थाई प्रतिनिधि राजदूत पार्वथानेनी हरीश ने कहा कि मैं पाकिस्तान के प्रतिनिधि की ओर से की गई राजनीति से प्रेरित टिप्पणियों पर खारिज करता हूं। पाकिस्तान सीएएसी एजेंडे के गंभीर उल्लंघनकर्ताओं में से एक है। पाकिस्तान संयुक्त राष्ट्र की प्रक्रियाओं पर गलत तरीके से संदेह व्यक्त कर रहा है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान अपने नापाक एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए विभिन्न चर्चाओं में भारत को बदनाम कर रहा है। ऐसा करके पाकिस्तान अपने ही देश में बच्चों के खिलाफ किए जा रहे अत्याचारों से ध्यान हटाने की कोशिश कर रहा है। भारत इसे अस्वीकार करता है। इसके अलावा भारत सीमा पार से किए जा रहे बड़े पैमाने पर आतंकवाद को भी अस्वीकार कर रहा है। भारत के स्थाई प्रतिनिधि और राजदूत पार्वथानेनी हरीश ने कहा कि हमारी दुनिया संघर्षों और आतंकी हमलों में एक खतरनाक वृद्धि देख रही है और बच्चे उनके सबसे ज्यादा शिकार हो रहे हैं।

ADMISSION OPEN
Session 2025-26
न्यू स्टेट नर्सिंग एण्ड पैरामेडिकल कालेज
12 किमी. स्टोन, रुड़की रोड, मुजफ्फरनगर
Affiliated by: U.P. State Medical Faculty Lucknow and recognized by the U.P. Govt.
कोर्स
• डी0 पी0 टी0 • ऑप्टोमैट्री • ओ0 टी0 टैक्नीशियन
कोर्स अवधि : 2 वर्ष
योग्यता : 12वीं पास बायोलोजी/गणित
हसन नर्सिंग होम
92, उत्तरी सरवट गेट, मुजफ्फरनगर
मो0: 8899777782 9897640744

देश/विदेश से एम.बी.बी.एस करें
एडमिशन के लिए सम्पर्क करें
• रशिया • जॉर्जिया • कजाखस्तान • किर्गिज़स्तान • उज्बेकिस्तान • बांग्लादेश • नेपाल • चाईना • ईरान • इजिप्ट • यू.के. • कनाडा • यू.एस.ए. और भी देशों से
M.B.B.S. ABROAD Bijnor's Leading Education Consultancy
Since 2010
अन्जुम कलीम (एम.डी.) 8384872313 9457439020
M.B.B.S./M.D.
BDS, BAMS, BUMS, BEMS
Abroad Admission & Counselling For India
• Top Govt. Universities.
• MCI, WHO Approved Universities.
• Indian Hostel & Mess Available.
• Lowest Price Packages.
• Boys/Girls Hostels Are Separates Available.
अपना एम.बी.बी.एस. 25 से 27 लाख में पूरा करें
जिसमें ट्यूशन फीस, हॉस्टल फीस, खाना 3 टाईम (वेज/नॉनवेज), वीजा एक्सटैंशन, इंश्योरेंस, मेडिकल, ट्रांसपोर्टेशन, लॉन्डरी, एफ.एम.जी. ई. कॉचिंग, 15 इंडियन बेस्ट फैकल्टी के द्वारा दी जा रही है
471 बच्चें जनवरी एफ.एम.जी.ई. एक्जाम में पास हुऐ (अन्य कोई खर्चा नहीं)
www.mbbsbijnor.com
ADD : MBBS ABROAD CONSULTANCY, MOIN KA CHAURAHA, CHAHSHIREEN JAMA MASJID, B-21, BIJNOR (U.P.)